१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२००, २०१। ×देखिए नियम ६. पृ० ३६ 'ठ' का सामान्य परिवर्तन। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०३। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०४, २०५, २०६, २०७, २०८, २१०, २११, २१२, २१३, २१४, १५६।

'त' को 'ड' पताका–पडाया

प्रति–पडि (पालि पटि)

÷प्रतिमा–पडिमा

प्रतिपत्–पडिवया (पडिवा–तिथि)

प्रतिहार–पडिहार

प्रभृति–पहुडि । प्राभृत–पाहुड । बिभीतक–बहेडअ । मृतक–मडअ । व्यापृत–वावड । सूत्रकृत–सुत्तगड । श्रुतकृत–सुअगड । हरीतकी–हरडई । अपहृत–ओहड, ओहय । अवहृत–अवहड, अवहय । आहृत–आहड, आहय । कृत–कड, कय । दुष्कृत–दुक्कड, दुक्कय । मृत–मड, मय । वेतस–वेडिस, वेअस । सुकृत–सुकड, सुकय । हृत–हड, हय ।

'त' को 'ण' अतिमुक्तक–अणिउँतय । गर्भित–गब्भिण ।

'त' को 'र' सप्तति–सत्तर ।

'त' को 'ल' अतसी–अलसी । सातवाहन–सालाहण । सं० सालवाहन । सातवाहनी–सालाहणी । पलित–पलिल, पलिअ ।

'त' को 'व' आतोद्य–आवज्ज, आउज्ज

पीतल–पीवल, पीअल

'त' को 'ह' वितस्ति–विहत्थि

(पालि भाषा में 'विदत्थि' होता है । देखिये–पा० प्र० पृ० ५६–त=द)

कातर काहल, कायर

भरत भरह, भरय

मातुलिंग–माहुलिंग, माउलिङ्ग

वसति–वसहि, वसइ

÷ जिन शब्दों में 'प्रति' लगा हो उन सभी शब्दों में यह नियम लगता है । जैसे :—प्रतिपत्ति–पडिवत्ति आदि ।

१० [1]'थ' का परिवर्तन

'थ' को 'ढ' प्रथम–पढम। मेथि–मेढि। सं० मेधि। शिथिल–सिढिल। निशीथ–निसीढ, निसीह। पृथिवी–पुढवी, पुहवी।

(पालि में 'पठवी' होता है। देखिये–पा० प्र० पृ० ५६–थ=ठ)

'थ' को 'ध' पृथक्—पिधं, पिहं।

११ [2]'द' का परिवर्तन

'द' को 'ड' ÷दंश्–डंस्। दह्–डह्। कदन–कडण, कयण। दग्ध–दड्ढ, दड्ढ। दण्ड–डंड, दंड। दम्भ–डंभ, दंभ। दर्भ–डब्भ, दब्भ। दष्ट–डट्ठ, दट्ठ आदि।

(पालि भाषा में 'द' को 'ड' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५६–द=ड)

'दित' को 'ण्ण' रुदित–रुण्ण।

'द' को 'ध' ÷दीप्–धीप्, दीप्।

'द' को 'र' एकादश–एआरह। द्वादश–बारह।
*त्रयोदश–तेरह। +कदली–करली।
गद्गद्–गग्गर।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१५, २१६, १८८। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१८, २१७, २०६, २२३, २१६, २२०, २२१, २२२, २२४, २२५। ÷ इस चिह्न वाले शब्द धातु हैं, अतः इन धातुओं के सभी रूपों में यह नियम लगता है। * यहाँ दकार वाले सभी शब्दों को संख्यावाचक समझना चाहिए। जो शब्द संख्यावाचक नहीं है उनको यह नियम नहीं लगता। + यहाँ कदली का अर्थ 'केले का वृक्ष' नहीं है।

'द' को 'ल' प्रदीप–पलीव। दोहद–दोहल। कदम्ब–कलंब, कयंब; सं० कलम्ब।

(पालि भाषा में 'द' को 'ळ' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६०–द = ळ)

'द' को 'व' कदर्थित–कवट्टिअ।

'द' को 'ह' ककुद–कउह।

१२. [1]'ध' का परिवर्तन

'ध' को 'ढ' निषध–निसढ। औषध–ओसढ, ओसह।

१३. [2]'न' का परिवर्तन

'न' को 'ण्ह' नापित–ण्हाविअ, नाविअ। सं० स्नापक।

'न' को 'ल' निम्ब–लिंब, निंब।

(पालि भाषा में 'न' को 'ल' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६१–न=ल)

१४. [3]'प' का परिवर्तन

'प' को 'फ' पनस–फणस। सं० फनस तथा पणस।

÷पाट् (धातु) फाड्।

पाटयति–फाडेइ।

पाटयित्वा–फाडेऊण।

परुस–फरुस।

परिखा–फलिहा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२२६, २२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३०। ३. हे० प्रा० व्या० २३२, २३३, २३४, २३५।

(पालि भाषा में भी 'प' को 'फ' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ४०—प=फ)

'प' को 'म' आपीड—आमेल, आवेड।
नीप—नीम, नीव।
'प' को 'व' प्रभूत—बहुत्त।
'प' को 'र' पापर्द्धि—पारद्धि।

१५. [1]'ब' का परिवर्तन

'ब' को 'भ' बिसिनी—भिसिणी

(पालि भाषा में 'ब' को 'भ' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६२—ब=भ)

'ब' को 'म' कबन्ध—कमंध, कयंध।

१६. [2]'भ' का परिवर्तन

'भ' को 'व' कैटभ—केढव।

१७. [3]'म' का परिवर्तन

'म' को 'ढ' विषम—विसढ, विसम।
'म' को 'व' मन्मथ—वम्मह।
अभिमन्यु—अहिवन्नु, अहिमन्नु।
'म' को 'स' भ्रमर—भसल, भमर; सं० भसल।
'म' को 'अनुनासिक' अतिमुक्तक—अणिउँतय।
कामुक—काउँअ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३८, २३९। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४०। ३. हे० प्रा० व्या ८।१ २४१, २४२, २४३, २४४,१७८।

चामुण्डा–चाउँडा ।
यमुना–जउँणा ।

१८. [1]'य' का परिवर्तन

'य' को 'आह' कतिपय–कइवाह ।

(पालि भाषा में 'कतिपयाह' शब्द का 'कतिपाह' रूप बनता है । देखिए–पा० प्र० पृ० ६२–नियम–६४)

'य' को 'ज्ज' उत्तरीय–उत्तरिज्ज, उत्तरीअ ।
तृतीय–तइज्ज, तइअ ।
द्वितीय–बिइज्ज, बीअ ।
करणीय–करणिज्ज, करणीअ ।
पेया–पेज्जा, पेआ ।

'य' को 'त' युष्मद्–तुम्ह ।
युष्मदीय–तुम्हकेर ।
युष्मादृश–तुम्हारिस ।

'य' को 'र' स्नायु–ण्हारु ।

(पालिभाषा में भी 'य' को 'र' होता है । देखिए—पा० प्र० पृ० ४७–टिप्पण–स्नायु–सिनेरु)

'य' को 'ल' यष्टि–लट्ठि ।

(पालिभाषा में भी 'य' को 'ल' होता है । देखिए–पा० प्र० पृ० ६३–य=ल)

'य' को 'व' कतिपय–कइअव ।

(पालिभाषा में 'य' को 'व' होता है । देखिए—पा० प्र० पृ० ६३–य=व)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५०, २४८, २४६, २४७, २४९ ।

'य' को 'ह' छाया—छाही, छाया (छाही = वृक्ष की छाया। छाया = वृक्ष की छाया तथा शरीर की कान्ति)।

१९. १'र' का परिवर्तन

'र' को 'ड' किरि–किडि ; सं० किटि।
पिढर–पिहड, पिढर।
भेर–भेड; सं० भीरु।

'र' को 'डा' पर्याण–पडायाण, पल्लाण ; सं० पल्ययन।

'र' को 'ण' करवीर–कणवीर ; सं० कणवीर।

'र' को 'ल' अङ्गार–इंगाल।
करुण–कलुण।
चरण–चलण।
दरिद्र–दलिद्द।
परिघ–फलिह।
भ्रमर–भसल, भमर ; सं० भसल।
मुखर–मुहल।
युधिष्ठिर–जहुट्ठिल।
रुग्ण–लुक्क।
वरुण–वलुण।
स्थूर–थूल, थोर।
हरिद्रा–हलिद्दा इत्यादि।
जठर–जढल, जढर।
बठर–बढल, बढर।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५१, २५२, २५३, २५४, २५५।

निष्ठुर–निट्ठुल, निट्ठुर[1]।

२० [2]'ल' का परिवर्तन

'ल' को 'ण' ललाट–णलाड, णिलाड (पालि–नलाट)।
लाङ्गल–णंगल, लङ्गल (पालि–नांगल)।
लाङ्गूल–णंगूल, लंगूल ।
लाहल–णाहल, लाहल ।

(पालिभाषा में 'ल' को 'न' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६३–ल=न)

'ल' को 'र' स्थूल–थोर ; सं० स्थूर ।

२१. [3]'व' का परिवर्तन

'व' को 'भ' विह्वल–भिब्भल, विब्भल, विहल ।
'ब' को 'म' शबर–समर।
'व' को 'म' नीवी–नीमी, नीवी ।
स्वप्न–सिमिण, सुमिण, सिविण ।

२२. [4]'श' का परिवर्तन

'श' को 'छ' शमी–छमी ।
शाव–छाव

---

१. संस्कृत भाषा में भी 'र' का 'ल' होता है—परिघः–पलिघः । पर्यङ्कः–पल्यङ्कः । कपरिका–कपलिका–सिद्धहेम० सं० व्या० २।३।९९ से २।३।१०४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५७, २५६, २५५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५८। तथा हे० प्रा० व्या० ८।१।२५८, २५९।४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६२।

शिरा–छिरा, सिरा (यह शब्द पैशाची भाषा में भी बोला जाता है।)

(पालि में भी 'श' को 'छ' होता है। देखिए–पा० प्र० पृ० ६३–श = छ)

'श' को 'ह' दश–दह, दस। एकादश–एआरह, एआरस। दशबल–दहबल, दसबल।

२३. [1]'ष' का परिवर्तन

'ष' को 'छ' षट्–छ। षट्पद–छप्पअ। षष्ठ–छट्ठ।
'ष' को 'ण्ह' स्नुषा–सुण्हा, सुसा।
'ष' को 'ह' पाषाण–पाहाण, पासाण। प्रत्यूष–पच्चूह, पच्चूस।

२४. [2]'स' का परिवर्तन

'स' को 'छ' सप्तपर्ण–छत्तिवण्णो। सुधा–छुहा।
'स' को 'ह' दिवस–दिवह, दिअह, दिवस।

२५. [3]'ह' का परिवर्तन

'ह' को 'र' उत्साह–उत्थार, उच्छाह।

२६. [4]स्वर सहित व्यञ्जनों का लोप

(यह नियम पैशाचीभाषा में भी लगता है।)

'क' तथा 'का' का लोप व्याकरण–वारण, बायरण। प्राकार–पार, पायार।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६१, २६२ तथा ८।२।१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६५, २६३। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।४८। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६७, २६८, २६९, २७०, २७१। शब्दान्तर्गत सस्वर व्यंजन के लोप करने की प्रक्रिया यास्कने स्वीकृत की है तथा

'ग' का लोप आगत–आअ, आगअ ।

'ज' का लोप दनुज–दणु, दणुअ ।
दनुजवध–दणुवह, दणुअवह ।
भाजन–भाण, भायण ।
राजकुल–राउल, रायउल ।

'द', 'दु' तथा 'दे' का लोप पादपीठ–पावीढ, पायवीढ ।
पादपतन–पावडण, पायवडण ।
उदुम्बर–उंबर, उउंबर; सं० उम्बर ।
दुर्गादेवी–दुग्गावी, दुग्गाएवी अथवा दुग्गादेवी ।

'य' का लोप किसलय–किसल, किसलय; सं० किसल ।
काल + आयस = कालायस–कालास, कालायस ।
हृदय–हिअ, हिअअ ।
सहृदय–सहिअ, सहिअय ।

'व' का लोप अवड–अड, अयड ।
आवर्तमान–अत्तमाण, आवत्तमाण ।
एवमेव–एमेव, एवमेव ।
तावत्–ता, ताव ।
देवकुल–देउल, देवउल ।
प्रावारक–पारअ, पावारअ ।
यावत्–जा, जाव ।

'वि' का लोप जीवित–जीअ, जीविअ ।

संस्कृतभाषा में भी ऐसी प्रक्रिया संमत है—आगताः = आताः, दिशावाचक शब्द–यास्क । सं० उदुम्बर–उम्बुरक अथवा उम्बर । सुदत्त–सुत्त । प्रदत्त–प्रत्त ।

२७. **आदि व्यञ्जन का लोप**

जिस शब्द के प्रारम्भ में व्यञ्जन रहता है उसका अर्थात् शब्द के आदि व्यंजन का कहीं-कहीं लोप[1] हो जाता है। जैसे :—

च–अ।

चिह्न–इंध।

पुनः–उण, उणो।

१. संयुक्त व्यञ्जनों का सामान्य परिवर्तन

पूर्ववर्ती व्यञ्जन का लोप

क्, ग्, ट्, ड्, त्, द्, प्, श्, ष् और स् व्यञ्जनों का किसी भी संयुक्त व्यञ्जन के पूर्ववर्ती होने पर लोप हो जाता है[2] और लोप होने के बाद शेष बचा व्यञ्जन यदि शब्द के आदि में न हो तभी उनका द्वित्व (डबल) होता[3] है। द्वित्व हुआ अक्षर खख, छछ, ठठ, थथ और फफ हो तो उसके स्थान में क्रमशः क्ख, च्छ, ट्ठ, त्थ और प्फ हो जाता है[4]। अगर द्वित्व हुआ अक्षर घघ, झझ, ढढ, धध, तथा भभ हो तो उसके स्थान में क्रमशः ग्घ, ज्झ, ड्ढ, द्ध, तथा ब्भ हो जाता है। जैसे :—

पूर्ववर्ती 'क' का लोप भुक्त – भुत – भुत्त*। मुक्त – मुत – मुत्त। शक्त–सत–सत्त। सिक्थ–सिथ–सिथ्थ–सित्थ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।७७। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।८९। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।९०।

*इन उदाहरणों में जो अन्तिम रूप है वही प्रयोग में व्यवहार करने योग्य है। बीच का कोई भी रूप प्रयोग में नहीं आता है।

पूर्ववर्ती 'ग' का लोप दुग्ध–दुध–दुध्ध–दुद्ध ।
मुग्ध–मुध–मुध्ध–मुद्ध ।
" 'ट' " षट्पद— छपत्र—छप्पत्र ।
कट्फल–कफल–कफ्फल, कप्फल ।
" 'ड' " खड्ग–खग–खग्ग । षड्ज–सज–सज्ज ।
" 'त' " उत्पल—उपल—उप्पल ।
उत्पाद–उपाअ–उप्पाअ । धात्री–धारी[1] ।
" 'द' " मुद्गर–मुगर–मुग्गर । मुद्ग–मुग–मुग्ग ।
" 'प' " गुप्त–गुत–गुत्त । सुप्त–सुत–सुत्त ।
" 'श' " निश्चल–निचल, निच्चल–(पालि–निच्चल) ।
श्मशान–मसाण । श्च्योतति–चुअइ ।
श्मश्रु–मस्सु ।
" 'ष' " निष्ठुर–निठुर–निठ्ठुर–निट्ठुर ।
शुष्क–सुक–सुक्क । षष्ठ–छठ–छठ्ठ–छट्ठ ।
" 'स' " निस्पृह–निपह–निप्पह । स्तव–तव ।
स्नेह–नेह । स्कन्द–कंद ।

(पालि भाषा में भी संयुक्त व्यंजन के पूर्ववर्ती क्, ग् आदि व्यंजनों का लोप होता है तथा उनका द्वित्व वगैरह भी प्राकृत भाषा के अनुसार होता है देखिए—पा० प्र० पृ० ४१, २४ (नियम ३०), २५ (नि० ३१), ३८, ५१, २६ (नि० ३२), ३७, ३५, ३६, २८ । और पालि भाषा में श्मश्रु–मस्सु । शुष्क–सुक्ख । स्कन्द–खंद तथा खंध ऐसे प्रयोग होते हैं) ।

परवर्ती व्यञ्जन का लोप

संयुक्त व्यञ्जन के परवर्ती 'म्', 'न्', और 'य्' का लोप हो जाता

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।८१ ।

है[१] और लोप होने के पश्चात् शेष बचे व्यञ्जन का तभी द्वित्व होता है यदि वह व्यञ्जन शब्द के आदि में न हो।

परवर्ती 'म' का लोप	युग्म–जुग–जुग्ग*। स्मर–सर। रश्मि–रसि–रस्सि। स्मेर–सेर।
,, 'न' ,,	नग्न–नग–नग्ग। लग्न–लग–लग्ग। धृष्टद्युम्न–धट्ठज्जुण★।
,, 'य' ,,	कुड्य–कुड–कुड्ड। व्याध–वाह। श्यामा–सामा। चैत्य–चइत्त, चेइअ।

(पालिभाषा में 'न' तथा 'य' के लोप के लिए देखिए–पा० प्र० पृ० ५० तथा पृ० ४८–(नि० ६६), पृ० २१–(नि० २६)।

पूर्ववर्ती तथा परवर्ती व्यञ्जन का लोप

ब, व, र, ल तथा विसर्ग किसी भी संयुक्त व्यञ्जन के पूर्ववर्ती हो अथवा परवर्ती हो तो उनका लोप हो जाता है[२] और लोप होने के बाद शेष बचे व्यञ्जन का द्वित्व तभी होता है यदि वह शब्द के आदि में न हो।

पूर्ववर्ती 'ब' का लोप	अब्द–अद–अद्द*। शब्द–सद–सद्द। स्तब्ध–थध–थध्ध–थद्ध और ठद्ध। लुब्धक–लुधअ–लुध्धअ–लुद्धअ और लोद्धअ।
परवर्ती 'व' ,,	ध्वस्त–धत्थ। पक्व–पक्क और पिक्क। ध्वज–धअ। द्वेटक–खेडअ। द्वोटक–खोडअ।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।७८। *विशेष सूचना के लिए देखिए पृ० ५६ की *टिप्पणी। ★'ण' का द्वित्व नहीं होता है। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।७९।

पूर्ववर्ती 'र' का लोप	अर्क–अक–अक्क। वर्ग–वग–वग्ग।
	दीर्घ–दिघ–दिग्घ–दिग्घ। वार्ता–वता–वत्ता।
	सामर्थ्य–सामथ–सामथ्थ–सामत्थ।
परवर्ती 'र' ,,	क्रिया–किया। ग्रह–गह। चक्र–चक–चक्क।
	रात्रि–रति–रत्ति। धात्री–धाती और धाई।
पूर्ववर्ती 'ल' ,,	उल्का–उका–उक्का। वल्कल–वकल–वक्कल।
परवर्ती 'ल' ,,	विक्लव–विकव–विक्कव। श्लक्ष्ण–सण्ह।
बिसर्ग का लोप	दुःखित—दुखिअ—दुक्खिअ—दुक्खिअ।
	दुःसह–दुसह–दुस्सह। निःसह–निसह–निस्सह।
	निःसरइ–निसरइ–निस्सरइ।

(पालिभाषा में होने वाले ऐसे रूपान्तरों के लिए देखिए—पालिप्रकाश पृ० २६, ३०, ३१ (नि० ३६, ३७), पृ० ३२, ३३ (नि० ३८, ३६), पृ० ३५ (नि० ४२), पृ० १० (नि० १२), पृ० १२ (नि० १५, १६)।

[सूचना :—जहाँ पूर्ववर्ती और परवर्ती दोनों प्रकार के व्यञ्जनों के लोप होने का प्रसंग आ जाय वहाँ प्रचलित प्रयोगों को ध्यान में रख कर लोप करना उचित है। जैसे—उद्विग्न, द्विगुण, द्वितीय इत्यादि शब्दों में 'द्व' में 'द्' पूर्ववर्ती है और 'व्' परवर्ती है अतः यहाँ 'द्' तथा 'व' दोनों के लोप का प्रसंग है। उद्विग्न का 'उव्विग्ग', द्विगुण का 'विउण' तथा द्वितीय के 'बिईय' प्रयोग बनते हैं इस लिए उन शब्दों में केवल पूर्ववती 'द्' का ही लोप करना चाहिए परवर्ती 'व्' का लोप नहीं। 'व्' का लोप करने से उद्दिग्ग प्रयोग बनता है और ऐसा प्रयोग विशेषतः नहीं मिलता है। इसलिए 'व्' का लोप न करके 'द्' का ही लोप करना उचित है।]

निम्नलिखित शब्दों में भी यही नियम है :—

पूर्ववर्ती 'ल' का लोप		कल्मष-*कमस–कम्मस । शुल्व–सुव–सुव्व ।
पूर्ववर्ती 'र' ,,	,,	सर्व–सव–सव्व । सार्व–सव–सव्व ।
परवर्ती 'य' ,,	,,	काव्य–कव–कव्व । माल्य–मल–मल्ल ।
परवर्ती 'व' ,,	,,	द्विप–दिअ । द्विजाति–दुआइ ।

पूर्ववर्ती तथा परवर्ती का क्रमशः लोप

पूर्ववर्ती 'ग' का लोप		उद्विग्न–उव्विग्ण–उव्विग्ग* ।
,, 'द्' ,,	,,	द्वार–वार अथवा बार ।
परवर्ती न ,,	,,	उद्विग्न–उव्विग–उव्विग्ग
,, व ,,	,,	द्वार–दार ।

केवल 'ज्ञ' के ञ् तथा 'द्र' के 'र' का लोप विकल्प से होता है।[1] यथाः—

ज्ञ–ज[2], ण[3] ।
ज्ञात–जात अथवा णात, णाय ।
ज्ञातव्य–जातव्व अथवा णातव्व, णायव्व ।
ज्ञाति–जाति ,, णाति, णाइ ।
ज्ञान–जाण ,, णाण ।
ज्ञानीय–जाणीअ ,, णाणीअ ।

*वही पृ० ५६ की * सूचना । १. हे० प्रा० व्या० ८।२।८३। तथा ८० । २. 'ज्' तथा 'ञ्' मिलकर 'ज्ञ' बनता है अतः 'ज्ञ' में से 'ञ्' का लोप होने पर शेष 'ज' बचे, यह स्वाभाविक है। ३. जब 'ज्ञ' में से 'ज्' का लोप हो जाय तब 'ञ्' बचे यह भी स्वाभाविक है और बचा हुआ 'ञ', 'ञ' के रूप में न रह कर 'न' के रूप में (अर्थात् अपने मूल रूप में) आ जाता है तब उसका 'ण' होता है देखिए नियम ८ 'ण' विधान पृ० ३६ ।

ज्ञानीय–जाणिज्ज	,,	णाणिज्ज ।
ज्ञापना–जावणा	,,	णावणा ।
ज्ञेय–जेय	,,	णेय ।
अभिज्ञ–अहिज्ज,	,,	अहिण्णु ।
अल्पज्ञ–अप्पज्ज	,,	अप्पण्णु ।
आत्मज्ञ–अप्पज्ज	,,	अप्पण्णु ।
इङ्गितज्ञ–इंगिअज्ज	,,	इंगिअण्णु ।
आज्ञा–अज्जा	,,	आणा ।
देवज्ञ–देवज्ज	,,	देवण्णु ।
दैवज्ञ–दइवज्ज	,,	दइवण्णु ।
प्रज्ञा–पज्जा	,,	पण्णा ।
मनोज्ञ–मणोज्ज	,,	मणोण्ण ।
संज्ञा–संजा	,,	सण्णा, संणा ।
संप्रज्ञ–संपज्ज	,,	संपण्ण ।
सर्वज्ञ–सव्वज्ज	,,	सव्वण्णु ।

(पालि भाषा में भी 'ज्ञ' को 'ज' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० २४—टिप्पण प्रज्ञान–पजान)

'द्र'के 'र' का लोप चन्द्र–चंद, चन्द्र । रुद्र–रुद्द, रुद्र ।
समुद्र–समुद्द, समुद्र । भद्र–भद्द, भद्र ।
द्रव–दव, द्रव । द्रह–दह, द्रह । द्रुम–दुम, द्रुम ।

अपभ्रंश भाषा में संयुक्त अक्षर में परवर्ती 'र' का लोप विकल्प से होता है।[1] प्रिय–पिउ अथवा प्रिउ । प्राकृत भाषा में–पिय ।

अः को ओ।[2]

शब्द के अंत में आये हुए 'अः' का 'ओ' होता है। जैसे :—

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३९८। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।३७ ।

अग्रतः–अग्गतो[1] । अग्यतः–अजतो । अन्ततः–अंततो । आदितः–आदितो । इतः–इतो[2] । इतः इतः–इदो इदो (शौर०) । कुतः–कुतो । कुदो (शौर०) । ततः–ततो । तदो । तदो तदो । पुरतः–पुरतो । पृष्ठतः–पिट्ठतो । मार्गतः–मग्गतो । सर्वतः–सव्वतो ।

नाम के रूप

जिनः–जिणो । देवः–देवो । भवतः–भवतो । भवन्तः–भवन्तो । भगवन्तः–भगवन्तो । रामः–रामो । सन्तः–संतो इत्यादि ।

२. 'ख' विधान

यह बात विशेष ध्यान में रखनी चाहिए कि यहाँ जो जो विधान किये जा रहे हैं उन सब में एक अक्षर के–असंयुक्त अक्षर के–विधान (जैसे ख, च, छ इत्यादि के विधान) शब्द के आदि में अर्थात् शब्द के प्रारम्भ में किये गये हैं और दोहरे (डबल) अक्षर के सभी विधान–(जैसे क्ख, ग्ग, च्च, च्छ इत्यादि के विधान) शब्द के अन्दर किये गये हैं ऐसा समझना चाहिए ।

'क्ष[3]' को 'ख' क्षण–खण (= समय का छोटा भाग)। क्षमा–खमा (= क्षमा याने सहन करना)। क्षय–खअ। क्षीण–खीण। क्षीर–खीर। क्ष्वेटक–खेडअ। क्ष्वोटक–खोडअ।

'क्ष' को 'क्ख' इक्षु–इक्खु। ऋक्ष–रिक्ख। मक्षिका–मक्खिआ। लक्षण–लक्खण।

---

१. पृ० ३३ नियम (ख) के अनुसार अग्गओ, तओ, सव्वओ ऐसे भी रूप होते हैं। २. पृ० ३४–शौरसेनी भाषा में 'त' का 'द' होता है–इस नियम से अग्गदो, तदो, सव्वदो, पुरदो ऐसे भी रूप होते हैं। ३. हे० प्रा० व्या ८।२।३ ।

मागधी भाषा में 'क्ष' के स्थान में जिह्वामूलीय[1] अक्षर—≍ 'क' बोला जाता है।

सं०	मा०	प्रा०
यक्ष	य≍क	जक्ख
राक्षस	ल≍कश	रक्खस

'ष्क'[2] को 'ख' निष्क-निक्ख। पुष्कर-पोक्खर।
पुष्करिणी-पोक्खरिणी। शुष्क-सुक्ख।

'स्क' को 'ख' स्कन्द-खंद। स्कन्ध-खंध।
स्कन्धावार-खंधावार।

'स्क' को 'क्ख' अवस्कन्द-अवक्खंद। प्रस्कन्देत्-पक्खंदे।
उपस्कर-उवक्खर। उपस्कृत-उवक्खड।
अवस्कर-अवक्खर याने पुरीष=विष्ठा।

(पालि भाषा में 'ष्क' को 'क्ख', 'स्क' को 'ख' तथा 'क्ख' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ३६, ३७।)

मागधी भाषा में[3] जहाँ-जहाँ संयुक्त 'ष' अथवा 'स' आता है वहाँ सर्वत्र 'स' ही बोला जाता है।

संयुक्त 'ष'	सं	मा०	प्रा०
	उष्मा	उस्मा	उम्हा।
	धनुष्खण्ड	धनुस्खंड	धणुक्खंड।
	कष्ठ	कस्ट	कट्ठ।
	निष्फल	निस्फल	निप्फल।
	विष्णु	विस्नु	विण्हु।
	शष्प	शस्प	सप्फ।
	शुष्क	शुस्क	सुक्क।

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२८९।

सं०	शौ०	प्रा०
प्रस्खलति	पस्खलदि	पक्खलइ ।
बृहस्पति	बुहस्पदि	बुहप्फइ ।
मस्करी	मस्कली	मक्खरी ।
विस्मय	विस्मय	विम्हय ।
हस्ती	हस्ती	हत्थी ।

(पालि भाषा में इस विधान के लिए देखिए—पा० प्र० पृ० ५१–नि० ६८) ।

३. 'च' विधान

'त्य'[1] को 'च' त्याग–चाय । त्यागी–चाई । त्यजति–चयइ ।
'त्य' को 'च्च' प्रत्यय–पच्चय । प्रत्यूष–पच्चूह । सत्य–सच्च ।
'त्व' को 'च' कृत्वा–किच्चा । ज्ञात्वा–णच्चा । दत्वा–दच्चा ।
भुक्त्वा–भोच्चा । श्रुत्वा–सोच्चा । चत्वर–चच्चर ।

(पालि भाषा में त्य को च, च्च तथा त्व को च, च्च, होता है । देखिए—पा० प्र० पृ० २० तथा पृ० ३४ टिप्पण ।)

४. 'छ' विधान

'क्ष'[2] को 'छ' क्षण–छण (= उत्सव) । क्षत–छय ।
क्षमा–छमा (=पृथिवी) । क्षार–छार । क्षुत–छीअ ।
'क्ष' को 'च्छ' अक्षि–अच्छि । इक्षु–उच्छु । उक्षा–उच्छा ।
ऋक्ष–रिच्छ । कुक्षि–कुच्छि ।

(पालि भाषा में 'क्ष' को 'क', 'ख', 'क्ख' तथा 'क्ष' को 'च' 'छ' तथा 'च्छ' भी होता है । देखिये—पा० प्र० पृ० १७–क्ष–ख, क्ष–च, क्ष–छ, तथा क्ष को झ टिप्पण पृ० १७ । तथा ऋक्ष–अच्छ, इक । ध्वाङ्क्ष–धंक । लाक्षा–लाखा देखिए पा० प्र० पृ० १८ ।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१३ तथा १५ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।३ तथा २०, १८, १६ ।

'श्व' [1]को 'च्छ' पृथ्वी–पिच्छी।

'थ्य' [2]को 'च्छ' पथ्य–पच्छ। पथ्या–पच्छा। मिथ्या–मिच्छा। सामर्थ्य–सामथ्य, सामच्छ।

'श्च' को 'च्छ' आश्चर्य–अच्छेर। पश्चात्–पच्छा। पश्चिम–पच्छिम। वृश्चिक–विंछिअ।

'त्स' को 'च्छ' उत्सव–उच्छव। उत्साह–उच्छाह। उत्सुक–उच्छुअ चिकित्सति–चिइच्छइ। मत्सर–मच्छर। संवत्सर–संवच्छर।

'प्स' को 'च्छ' अप्सरा–अच्छरा। जुगुप्सति–जुगुच्छइ। लिप्सति–लिच्छइ। जुगुप्सा–जुगुच्छा। लिप्सा–लिच्छा। ईप्सति–इच्छइ।

मागधी भाषा में 'च्छ' के स्थान में 'श्च' प्रयुक्त[3] होता है :—

सं०	मा०	प्रा०
गच्छ	गश्च	गच्छ
पिच्छिल	पिश्चिल	पिच्छिल
पृच्छति	पुश्चदि	पुच्छइ
वत्सल	वश्चल	वच्छल
उच्छलति	उश्चलदि	उच्छलइ
तिर्यक्	तिरिश्चि	तिरिच्छि

(पालि भाषा में 'थ्य' को 'च्छ', 'श्च' को 'च्छ', 'त्स' को 'च्छ' तथा 'प्स' को 'च्छ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० २१, ३८, २६।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।२१। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९५।

५. 'ज' विधान

'द्य'[1] को 'ज' द्युति–जुइ। द्योत–जोअ।
'द्य' को 'ज्ज' वैद्य–वेज्ज। मद्य–मज्ज। अद्य–अज्ज। अवद्य–अवज्ज।
'य्य' को 'ज्ज' शय्या–सेज्जा। जय्य–जज्ज।
'र्य' को 'ज्ज' आर्य–अज्ज। कार्य–कज्ज। पर्याप्त–पज्जत्त। भार्या–भज्जा। मर्यादा–मज्जाया। आर्यपुत्र–अज्जउत्त।

शौरसेनी भाषा में 'र्य' के स्थान में विकल्प से 'य्य'[2] भी बोला जाता है।

सं०	शौ०	प्रा०
आर्यपुत्र	अय्यउत्त, अज्जउत्त	अज्जउत्त।
आर्य	अय्य, अज्ज	अज्ज।
कार्य	कय्य, कज्ज	कज्ज।
सूर्य	सुय्य, सुज्ज	सुज्ज।

(मागधी भाषा में 'द्य', 'ज्ज', तथा 'य' के स्थान पर विकल्प से आदि में 'य' और शब्द के अन्दर 'य्य'[3] बोला जाता है।)

सं०	मा०	प्रा०
अद्य	अय्य	अज्ज।
मद्य	मय्य	मज्ज।
विद्याधर	वियाहल	विज्जाहर।
यथा	यधा	जहा
कुरु	कलेय्यहि	करेज्जहि

(पालि भाषा में 'द्य' को ज, ज्ज और य्य भी होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० १८ और १६ वें का टिप्पण। पालि भाषा में र्य को यिर, य्य अथवा रिय होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० १५, १६।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६६। ३. हे० प्रा० व्या ८।४।२९२।

६. 'झ' विधान

'ध्य' को 'झ' ध्यान–झाण। ध्यायति–झायइ।
'ध्य'[१] को 'ज्झ' उपाध्याय–उवज्झाय। बध्यते–बज्झइ।
विन्ध्य–विंझ। साध्य–सज्झ। स्वाध्याय–सज्झाय।
'ह्य' को 'झ' नह्यति–नज्झति। गुह्य–गुज्झ। मह्यं–मज्झं।
सह्य–सज्झ।
'ह्य[२]' को 'य्ह' गुह्य–गुय्ह, गुज्झ। सह्य–सय्ह, सज्झ।
'क्ष[३]' को 'झ' क्षीण–झीण। क्षीयते–झिज्जइ।
'क्ष' को 'ज्झ' प्रक्षीण–पज्झीण।

(पालि भाषा में भी ध्य को झ और ह्य को य्ह होता है। क्रमशः देखिये—पा० प्र० पृ० १६—ध्य=झ, ध्य=ज्झ। पा० प्र० पृ० २२—ह्य=य्ह)

७. 'ट' विधान

'र्त'[४] को 'ट्ट' कैवर्त–केवट्ट। नर्तकी–नट्टई। वर्ती–वट्टी।
वर्तुल–वट्टुल। वार्ता–वट्टा।

(कुछ शब्दों में 'र्त' के 'रेफ' का लोप हो जाता है। जैसे :—आवर्तक–आवत्तअ। मुहूर्त–मुहुत्त। मूर्ति–मुत्ति। धूर्त–धुत्त। कीर्ति–कित्ति। कार्तिक–कत्तिअ। कर्तरी–कत्तरी इत्यादि)

(पालि भाषा में 'त' को 'ट' होता है। देखिए–प्रा० प्र० पु० ५८) शौरसेनी भाषा में किसी-किसी प्रयोग में 'न्त' को 'न्द'[५] हो जाता है। जैसे :—

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१२४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।३०। ५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६१।

सं०	शौ०	प्रा०
अन्तःपुर	अन्देउर	अन्तेउर।
निश्चिन्त	निश्चिन्द	निच्चिन्त।
महान्-महन्त	महन्द	महन्त।

८. 'ठ' विधान

'ष्ट'[1] को 'ट्ठ' इष्ट–इट्ठ। अनिष्ट–अणिट्ठ। कष्ट–कट्ठ।
दष्ट–दट्ठ। दृष्टि–दिट्ठी। पुष्ट–पुट्ठ।
मुष्टि–मुट्ठि। यष्टि–लट्ठि। सुराष्ट्र–सुरट्ठ।
सृष्टि–सिट्ठि।

(अपवाद :—इष्टा–इट्टा। उष्ट्र–उट्ट। संदष्ट–संदट्ट।)

मागधी भाषा में 'ट्ट' तथा 'ष्ठ' के स्थान में 'स्ट'[2] बोला जाता है।

'ट्ट' को 'स्ट' पट्ट–पस्ट, प्रा० पट्ट। भट्टारिका–भस्टालिया, प्रा० भट्टारिया। भट्टिनी–भस्टिणी, प्रा० भट्टिणी।

'ष्ठ' को 'स्ट' कोष्ठागार–कोस्टागाल, प्रा० कोट्ठागार।
सुष्ठु–शुस्टु, प्रा० सुट्ठु।

पैशाची भाषा में 'ष्ट' के बदले 'सट'[3] बोला जाता है।

कष्ट–कसट, प्रा० कट्ठ। दृष्ट–दिसट प्रा० दिट्ठ।

(पालि भाषा में 'ष्ट' को 'ट्ठ' होता है। देखिये पा० प्र० पृ० २६ तथा उसी पृष्ठ का टिप्पण)

९. 'ण' विधान

'ज्ञ'[4] को 'ण' आज्ञा–आणा। ज्ञान–णाण। संज्ञा–संणा।
'ज्ञ' को 'ण्ण' विज्ञान–विण्णाण। प्रज्ञा–पण्णा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।३४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९०।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१४। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।४२।

'म्न' को 'ण्ण' निम्न–निण्ण। प्रद्युम्न–पज्जुण्ण।

मागधी भाषा में न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज—इन चार अक्षरों की जगह 'ञ्ञ'[1] बोला जाता है तथा पैशाची भाषा में न्य, ण्य, तथा ज्ञ–इन तीन अक्षरों के स्थान में 'ञ्ञ'[2] बोला जाता है।

		सं०	मा०पै०	प्रा०
मागधी पैशाची	'न्य' को 'ञ्ञ'	अभिमन्यु	अभिमञ्ञु	अहिमन्नु।
		कन्यका	कञ्ञका	कन्नका।
"	'ण्य' को 'ञ्ञ'	पुण्य	पुञ्ञ	पुण्ण।
		पुण्याह	पुञ्ञाह	पुण्णाह।
		पुण्यकर्म	पुञ्ञकम्म	पुण्णकम्म।
'ज्ञ' को 'ञ्ञ'		प्रज्ञा	पञ्ञा	पण्णा।
		सर्वज्ञ शव्वञ्ञ	सव्वञ्ञ	सव्वण्णु।
मागधी 'ञ्ज' को 'ञ्ञ'	अञ्जलि	अञ्ञलि	प्रा०	अंजलि।
	धनञ्जय	धनञ्ञय	प्रा०	धणंजय।
	प्राञ्जल	पञ्ञल	प्रा०	पंजल।

(पालि भाषा में 'ज्ञ' को 'ण' तथा 'म्न' को 'न्न' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० २४ टिप्पण तथा ४८। तथा ज्ञ, ण्य, और न्य को 'ञ्ञ' भी होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० २३, २४।)

'श्न'[3] को 'ण्ह' प्रश्न–पण्ह। शिश्न–सिण्ह।

'ष्ण' को 'ण्ह' कृष्ण–कण्ह। विष्णु–विण्हु।
जिष्णु–जिण्हु। उष्णीष–उण्हीस।

'स्न' को 'ण्ह' स्नात–ण्हाअ। ज्योत्स्ना–जोण्हा।
प्रस्नुत–पण्हुअ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९३। २. हे० प्रा०व्या० ८।४।३०३ तथा ३०५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।७५।

'ह्न' को 'ण्ह' जह्नु-जराहु। वह्नि-वरिह।
'ह्ण' को 'ण्ह' अपराह्ण-अवरण्ह। पूर्वाह्ण-पुव्वण्ह।
'क्ष्ण' को 'ण्ह' तीक्ष्ण-तिण्ह। श्लक्ष्ण-सण्ह।
'क्ष्म' को 'ण्ह' सूक्ष्म-सण्ह।

(पैशाची भाषा में स्न के स्थान में 'सिन'[1] बोला जाता है।)

सं०	पै०	प्रा०
स्नान	सिनात	ण्हाअ
स्नुषा	सिनुसा, सुनुषा	ण्हुसा, सुण्हा।

(पालि भाषा में इस रूपान्तर के लिए देखिये—क्रमशः प्रा० प्र० पृ० ४६ (नि० ६३) तथा पृ० ४७ श्न=ण्ह, ञ्ह तथा ष्ण-ण्ह पृ० ४८ टिप्पण=तीक्ष्ण-तिण्ह, तिक्ख, तिक्खिण तथा पृ० ४९ टिप्पण-पूर्वाह्ण-पुव्वण्ह।)

(पालि भाषा में स्नान-सिनान। स्नुषा-सुणिसा, सुण्हा, हुसा ऐसे तीन रूप होते हैं। देखिये—पा० प्र० पृ० ४६ नियम ६३।)

१० 'थ' विधान

'स्त[2]' को 'थ' स्तव-थव, तव। स्तम्भ-थंभ।
स्तब्ध-थद्ध, ठद्ध। स्तुति-थुई। स्तोक-थोअ।
स्तोत्र-थोत्त। स्त्यान-थीण।
'स्त' को 'त्थ' अस्ति-अत्थि। पर्यस्त-पल्लत्थ, पल्लट्ट। प्रशस्त-पसत्थ। प्रस्तर-पत्थर। स्वस्ति-सत्थि। हस्त-हत्थ।
(अपवादः-समस्त-समत्त, स्तम्ब-तंब)

(मागधी भाषा में 'र्थ' तथा 'स्थ' के स्थान में 'स्त'[3] बोला जाता है)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।४५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९१।

	सं०	मा०	प्रा०
'र्थ' को 'स्त'	अर्थपति	अस्तवदि	अत्थवई ।
	सार्थवाह	शस्तवाह	सत्थवाह ।
'स्थ' को 'स्त'	उपस्थित	उवस्तिद	उवट्ठिअ ।
	सुस्थित	सुस्तिद	सुट्ठिअ ।

(पालि भाषा में 'स्त' को 'थ' और 'त्थ' होता है । देखिये—पा० प्र० पृ० २७)

११. 'प' विधान

'ड्म'[1] को 'प' कुड्मल–कुंपल ।

'क्म' को 'प्प' रुक्म–रुप्प । रुक्मिणी–रुप्पिणी । रुक्मी–रुप्पी, रुच्मी ।

'ष्प'[2] को 'प्प' निष्पाप–निप्पाव । निष्पुंसन–निप्पुंसण ।

निष्प्रभ–निप्पह । निष्प्राण–निप्पाण ।

'स्प' को 'प्प' परस्पर–परोप्पर । बृहस्पति–बुहप्पइ । निष्पृह–निप्पिह ।

(पालि भाषा में 'ड्म' को 'डुम' और 'क्म' को 'कुम' होता है । देखिये—पा० प्र० पृ० ४९ कुड्मल–कुडुमल अथवा कुट्टमल । रुक्म–रुकुम तथा रुक्म देखिये, पा० प्र० पृ० ४३ टिप्पण)

१२. 'फ' विधान

'ष्प'[3] को 'प्फ' निष्पाव–निप्फाव । निष्पेष–निप्फेस ।

पुष्प–पुप्फ । शष्प–सप्फ ।

'स्प' को 'फ' स्पन्दन–फंदण । स्पन्द–फंद । स्पर्धा–फद्धा ।

स्पन्दते–फंदए । स्पर्धते–फद्धए ।

'स्प' को 'प्फ' प्रतिस्पर्धी–पडिप्फद्धी । प्रतिस्पर्धा–पडिप्फद्धा ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।५२ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।५३ ।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५३ ।

प्रतिस्पर्धते–पडिप्फद्धए। बृहस्पति–बुहप्फइ, बिहप्फइ, बुहप्पइ, बिहप्पइ। वनस्पति–वणप्फइ।

(पालि भाषा में ष्प को प्फ तथा स्फ को फ और प्फ होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ३६)

१३. 'भ' विधान

'ह्व'[1] को 'भ' ह्वान–भाण। ह्वयते–भयए

'ह्व' को 'ब्भ' आह्वान–अब्भाण। आह्वयते–अब्भयते। जिह्वा–जिब्भा, जीहा। विह्वल–बिब्भल, भिब्भल, विहल।

(पालि भाषा में भी ह्व को भ होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ६४ तथा गह्वर–गब्भर पृ० ३५ टिप्पण।)

१४. 'म' विधान

'ग्म'[2] को 'म्म' युग्म–जुम्म, जुग्ग। तिग्म–तिम्म, तिग्ग।

'न्म' को 'म्म' जन्म–जम्म। मन्मथ–वम्मह। मन्मन–मम्मण।

(पालि भाषा में ग्म को गुम तथा न्म को म्म होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० क्रमशः ४९ तथा ४६)

'द्म' को 'म्ह' पद्म–पम्ह। पद्मल–पम्हल।

'श्म' " " कश्मीर–कम्हार। कुश्मान–कुम्हाण।

'ष्म' " " उष्मा–उम्हा। ग्रीष्म–गिम्ह।

'स्म' " " अस्मादृश–अम्हारिस। विस्मय–विम्हय।

'ह्म' " " ब्रह्म–बम्ह। ब्राह्मण–बम्हण।

ब्रह्मचर्य–बम्हचेर, बंभचेर। सुह्म–सुम्ह।

(अपभ्रंश भाषा में पूर्वनिर्दिष्ट म्ह के स्थान में 'म्भ'[3] भी बोला जाता है।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।५७,५८। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।६२, ६१, ७४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।४१२।

सं०	अप०	प्रा०
ग्रीष्म	गिम्ह, गिम्भ	गिम्ह
श्लेष्म	सिम्ह, सिम्भ	सिम्ह
पद्म	पम्ह, पम्भ	पम्ह
पद्मल	पम्हल, पम्भल	पम्हल।
ब्राह्मण	बम्हण, बंभण	बम्हण

(पालि भाषा में श्म=म्ह, ष्म=म्ह, स्म=म्ह होता है और कहीं-कहीं श्म और स्म को स्स तथा स होता है। देखिये पा० प्र० पृ० ५०)

१५. 'ल्ह' विधान

'ह्ल'[1] को 'ल्ह' कह्लार–कल्हार। प्रह्लाद–पल्हाअ।

(पालि भाषा में 'ह्ल' के बदले 'हिल' बोला जाता है :—ह्लाद–हिलाद। देखिये—पा० प्र० पृ० ३२)

१६. कुछ संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य में स्वरों का आगम

'क्ल'[2] के स्थान में 'किल' क्लाम्यति–किलम्मइ। क्लाम्यत्–किलमंत।
क्लिष्ट–किलिट्ठ। क्लिन्न–किलिन्न। क्लेश–किलेस।
शुक्ल–सुकिल, सुइल।

'ग्ल' के स्थान में 'गिल' ग्लायति–गिलाइ। ग्लान–गिलाण।

'प्ल' के ,, ,, 'पिल' प्लुष्ट–पिलुट्ठ। प्लोष–पिलोस।

'म्ल' ,, ,, ,, 'मिल' अम्ल–अंबिल। म्लान–मिलाण।
म्लायति–मिलाइ।

'श्ल' ,, ,, ,, सिल' श्लेष–सिलेस। श्लेष्मा–सिलिम्हा।
श्लोक–सिलोग। श्लिष्ट–सिलिट्ठ।

'र्य'[3] के स्थान में 'रिअ' अथवा 'रिय' आचार्य–आयरिअ। गाम्भीर्य–गंभीरिअ। गाभीर्य–गहीरिअ। ब्रह्मचर्य–बम्हचरिअ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।७६। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०६।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०७।

भार्या–भारिआ। वर्य–वरिअ। वीर्य–वीरिअ। स्थैर्य–थेरिअ।
सूर्य–सूरिअ। सौन्दर्य–सुंदरिअ। शौर्य–सोरिअ।

उपर्युक्त सभी उदाहरणों में 'रिय' भी समझना चाहिए। लेकिन यह विधान व्यापक न होकर प्रयोगानुसारी है देखिए—ज विधान नियम–५। पैशाची भाषा में 'र्य' के स्थान में 'रिय'[1] भी बोला जाता है।

सं०	पै०	प्रा०
भार्या	भारिया, भज्जा	भज्जा

'र्श[2]' के स्थान में 'रिस' आदर्श–आयरिस, आयंस। दर्शन–दरिसण, दंसण। सुदर्शन- सुदरिसण, सुदंसण।
'र्ष' " " " वर्ष–वरिस, वास। वर्षशत--वरिससय, वाससय। वर्षा--वरिसा, वासा।
'र्ह' " " " रिह अर्हति--अरिहइ। अर्ह--अरिह। गर्हा–गरिहा। बर्ह--बरिह।

[3]स्त्रीलिङ्गी पद के संयुक्त व्यञ्जनों में स्वरों का आगम

'घ्वी' के	स्थान	में	'घुवी'	लघ्वी—लघुवी, लहुवी।
थ्वी	,,	,,	,,	थुवी	पृथ्वी—पुथुवी, पुहुवी।
द्वी	,,	,,	,,	दुवी	मृद्वी—मिदुवी, मिउवी।
न्वी	,,	,,	,,	णुवी	तन्वी—तणुवी।
र्वी	,,	,,	,,	रुवी	गुर्वी—गुरुवी।
ह्वी	,,	,,	,,	हुवी	बह्वी—बहुवी।

(पालि भाषा में भी कई संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वरों का आगम होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४६ (नि० ६२), पृ० ३२, पृ० ११, पृ० २६२ स्त्री प्रत्यय।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०५। १०४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।११३।

संयुक्त व्यञ्जनों का विशेष परिवर्तन

१. क्क[1]

'क्त' को 'क्क' मुक्त–मुक्क, मुत्त। शक्त–सक्क, सत्त।
'ग्ण' " 'क्क' रुग्ण–लुक्क, लुग्ग।
'त्व' " 'क्क' मृदुत्व–माउक्क, माउत्तण।
'ष्ट' " " दष्ट–डक्क, दट्ट।

[सूचना :—जहाँ दो-दो रूप दिए हैं वहाँ विकल्प से समझना चाहिए।]

(पालि भाषा में भी शक्त–सक्क। प्रतिमुक्त–पतिमुक्क। देखिये—पा० प्र० पृ० ४१ (टिप्पणी)। रुग्ण–लुग्ग पृ० ४६ टिप्पण)

२. क्ख[2]

'क्ष्ण' को 'क्ख' तीक्ष्ण–तिक्ख, तिण्ह देखिये—'ण' विधान नियम क्ष्ण को ण्ह, पृ० ७०।

(तीक्ष्ण–तिक्ख, तिण्ह, तिक्खिण देखिए पा० प्र० पृ० ४८ टिप्पण)

३. ख[3]

'स्त' को 'ख' स्तम्भ–खंभ, थंभ।
'स्थ' " " स्थाणु–खाणु अर्थात् ठूँठ वृक्ष, थाणु (=महादेव)।
'स्फ' को " स्फेटक–खेडअ। स्फोटक–खोडअ। स्फेटिक–खेडिअ।

४. ग्ग[4]

'क्त' को 'ग्ग' रक्त–रग्ग, रत्त।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।३।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।८,७,६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०।

५. ङ्ग[1]

'ल्क' को 'ङ्ग' शुल्क–सुङ्ग, सुंग, सुक्क* ।

(शुल्क—सुंक देखिए पा० प्र० पृ० ३० टिप्पण)

६. च्च[2]

'त्त' को 'च्च' कृत्ति–किच्ची ।
'थ्य' " 'च्च' तथ्य–तच्च, तच्छ ।

७. छ तथा च्छ[3]

'स्थ' को 'छ' स्थगित–छइअ, थइअ ।
'स्प' " " स्पृहा–छिहा । स्पृहावत्–छिहावंत ।
'स्प' " 'च्छ' निस्पृह–निच्छिह, निप्पिह ।

८. ज्ज तथा ञ्ज[4]

'न्य' को 'ज्ज', 'ञ्ज' अभिमन्यु–अहिमज्जु, अहिमञ्जु, अहिमंजु, अहिमन्नु ।
मागधी[5] में अभिमन्यु–अहिमञ्ञु ।
(अभिमन्यु–अभिमञ्जु देखिये—पा० प्र० पृ० २३)

९. ज्झा[6]

'न्ध' को 'ज्झा' इन्ध–इज्झाइ । (तृतीय पुरुष, एकवचन, वर्तमानकाल)
सम् + इन्ध—समिज्झाइ ,,
वि + इन्ध—विज्झाइ ,,

१०. ञ्चु[7]

---

१. हे० प्रा०व्या० ८।२।११। । *तुलना कीजिए–हिन्दी-'चुंगी' से ।
२. हे० प्रा० व्या० ८।२।१२,२१ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७,२३ ।
४. हे० प्रा० व्या० ८।२।२५ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९३ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।२८ । ७. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६ ।

'श्चि' को 'ञ्चु' वृश्चिक—विञ्चुअ, विंचुअ, विंछिअ।

(वृश्चिक-विच्छिक देखिये—पा० प्र० पृ० ३८)

११. ट्ट[1]

'त्त' को 'ट्ट' पत्तन-पट्टण। मृत्तिका-मट्टिआ। वृत्त-वट्ट।

'र्थ' ,, ,, कदर्थित-कवट्टिअ।

'स्त' ,, ,, पर्यस्त-पल्लट्ट।

(देखिए पा० प्र० पृ० ५८ र्त=ट्ट, वर्ति-वट्टि।)

१२. ठ-ट्ठ[2]

'स्त' को 'ठ' स्तम्भयते – ठंभिज्जइ (=गतिहीन)। स्तब्ध-ठड्ढ[3]।
(याने निस्पंद-गतिहीन, हिन्दी में खडा)
स्तम्भ्-ठंभ्, ठंभइ क्रियापद।
स्तम्भ-ठंभ, खंभ। स्त्यान-ठीण, थीण।

'स्थ' को 'ठ' विसंस्थुल-विसंठुल।

'र्थ' को 'ट्ठ' अर्थ—अट्ठ (=प्रयोजन), अत्थ (=धन)।
चतुर्थ—चउट्ठ, चउत्थ।

'स्थ' को 'ट्ठ' अस्थि—अट्ठि।

(देखिये—पा० प्र० पृ० २७ टिप्पण, परिवस्तव्य—परिवट्ठव्व। अर्थ—अट्ट, अट्ठ देखिये—पा० प्र० पृ० १० टिप्पण। वयःस्थ--वयट्ठ, अस्थि--अट्ठि देखिए पा० प्र० पृ० २८ स्थ=ठ तथा पृ० २९ स्थ=ट्ठ।

१३. ड्ड[4]

'र्त' को 'ड्ड' गर्त—गड्ड। गर्ता—गड्डा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।२९, ४७। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।६, ८, ३२, ३३, ३९। ३. तुलना–हिन्दी–ठाढ़ो—"सूरदास द्वारे ठाढ़ो आंधरो भिखारी"। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।३५,३६,३७।

'र्द' ,, ,, कपर्द—कवड्ड । छर्द—छड्डइ (क्रियापद)।
छर्दि—छड्डि । मर्दित—मड्डिअ । वितर्दि—विअड्डि ।
गर्दभ—गड्डह, गद्दह ।

१४. ढ, ड्ढ[1]

'र्ध' को 'ढ' मूर्ध--मुंढा, मुद्ध ।
'र्ध' ,, 'ड्ढ' अर्ध--अड्ढ, अद्ध ।
'ग्ध' ,, ,, दग्ध–दड्ढ । विदग्ध–विअड्ढ ।
'द्ध' ,, ,, ऋद्धि–इड्ढि, इद्धि । वृद्ध–वुड्ढ, विद्ध । वृद्धि–वुड्ढि ।
श्रद्धा–सड्ढा, सद्धा ।
'ब्ध' ,, ,, स्तब्ध–ठड्ढ ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० ४२–वृद्धि–वुड्ढि । वर्धमान–वड्ढमान । अर्ध–अड्ढ । दग्ध–दड्ढ आदि । द्ध =ड्ढ, र्ध = ड्ढ, ग्ध=ड्ढ ।

१५. ण्ट, ण्ड, ण्ण[2]

'न्त' को 'ण्ट' वृन्त–वेण्ट अथवा वेंट । तालवृन्त–तालवेण्ट ।
'न्द' ,, 'ण्ड' कन्दरिका–कण्डलिया । भिन्दिपाल–भिण्डिवाल ।
'ञ्च' ,, 'ण्ण' पञ्चदश–पण्णरह । पञ्चाशत्–पण्णासा ।
'त्त' ,, 'ण्ण' दत्त–दिण्ण (जहाँ ण्ण न हो वहाँ दत्त पद समझना चाहिए । जैसे, दत्तं । परन्तु देवदत्त, चारुदत्त आदि नामों में 'त्त' का परिवर्तन नहीं होता है ।)
'ह्न' ,, 'ण्ण' मध्याह्न–मज्झण्ण, मज्झण्ह ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० ५८–वृन्त–वण्ट–नियम ८५ ।)

१६. त्थ[3]

'त्स' को 'त्थ' उत्साह–उत्थाह ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२,४१,४०,३९ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२। ३१, ३८, ४३, ८४ तथा ८।१।४६ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।४८ ।

'त्म' ,, ,, अध्यात्म–अज्झत्थ, अज्झप्प।

(देखिये—पालि प्र० पृ० ३० टिप्पण उत्साह–उस्साह।)

१७. न्त[1]

'न्य' को 'न्त' मन्यु–मन्तु अथवा मंतु, मन्नु।

१८. द्ध[2]

'ष्ट' ,, 'द्ध' आश्लिष्ट–आलिद्ध।

१९. न्ध[3]

'ह्न' ,, 'न्ध' चिह्न–चिन्ध, चिंध, चिण्ह।
चिह्नित–चिन्धिअ, चिंधिअ, चिण्हिअ।

२०. प्प, प्फ, फ[4]

'त्म' को 'प्प' आत्मा–अप्पा, अत्ता। आत्मानः–अप्पाणो, अत्ताणो।
'स्म' ,, 'प्प' भस्म–भप्प, भस्स।
'ष्म' ,, 'प्फ' भीष्म–भिप्फ।
'ष्म' ,, 'फ' श्लेष्मन्–सेफ, सिलिम्ह।

(समानता–'श्ले' और 'ष्म' के बीच में 'अ' का प्रक्षेप करने पर शलेषम–गुजराती में 'सलेखम')

(आत्मा--अत्ता, आतुमा देखिये—पा० प्र० पृ० ५० नियम ५७। श्लेष्मा–सिलेसुमा, सेम्ह देखिये—पा० प्र० पृ० ४६।)

२१. ब्भ, म्ब, म्भ[5]

'र्ध्व' को 'ब्भ' ऊर्ध्व--उब्भ, उद्ध।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।४९। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।५०। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।५१,५४,५५। ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।५६, ५६, ६०, ७४।

'म्र' ,, 'म्ब' आम्र--अम्ब। ताम्र--तम्ब।
'श्म' ,, 'म्भ' कश्मीर--कम्भार, कम्हार।
'ह्म' ,, 'म्भ' ब्राह्मण--बम्भण, बम्हण।
ब्रह्मचर्य--बम्भचेर, बम्हचेर।

(आम्र--अम्ब, ताम्र--तम्ब देखिये—पा० प्र० पृ० १५ नियम १८)

२२. र[1]

'त्र' को 'र' धात्री--धारी।
'र्य' को 'र' आश्चर्य–अच्छेर। तूर्य–तूर। धैर्य–धीर, धिज।
पर्यन्त–पेरन्त, पज्जंत। ब्रह्मचर्य–बंभचेर।
शौण्डीर्य–सोंडीर, सं० शौण्डीर। सौन्दर्य–सुंदेर।
'ह' को 'र' उत्साह–उत्थार।
'र्ह' को 'र' दशार्ह–दसार।

(देखिए—पा० प्र० पृ० १४ टिप्पण—धात्री–धाती। पा० प्र० पृ० ४ इस्सेरं, मच्छेरं)

२३. ल, ल्ल[2]

'ण्ड' को 'ल' कूष्माण्ड–कोहल, कोहंड। कूष्माण्डी–कोहली, कोहंडी।
'र्य' को 'ल्ल' पर्यस्त–पल्लट्ट, पल्लत्थ। पर्याण–पल्लाण, सं० पल्ययन।
सौकुमार्य–सोगमल्ल, सोअमल्ल, सं० सौमाल्य।

(देखिए—पा० प्र० पृ० १६ टिप्पण–पर्यस्तिका–पल्लत्थिका आदि)

२४. स्स[3]

'स्प' को 'स्स' बृहस्पति—बहस्सइ, बहप्फइ।
बनस्पति--वणस्सइ, वणप्फइ।

(देखिए—पा० प्र० पृ० ३९, वनस्पति–वनप्पति, नियम ४८)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।८१, ६६,६४,६३,६५,४८,८५। २. हे० प्रा०व्या० ८।२।७३,६८। ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।६९।

२५. ह[1]

'क्ष' को 'ह'	दक्षिण–दाहिण, दक्खिण।
'ख' ,, 'ह'	दुःख–दुह, दुक्ख। दुःखित–दुहिअ, दुक्खिअ।
'ष्प' ,, 'ह'	वाष्प–बाह (अश्रु–अंसु गू०, आँसू) तथा वाष्प-वप्फ (=भाफ)।
'ष्म' को 'ह'	कुष्माण्ड–कोहण्ड। कुष्माण्डी–कोहंडी।
र्घ ,, ,,	दीर्घ–दीह, दिग्घ।
र्थ ,, ,,	तीर्थ–तूह, तित्थ।
र्ष ,, ,,	कार्षापण–काहापण।

(देखिये–पा० प्र० पृ० ८, दुःख–दुक्ख)

२६. द्विर्भाव[2]

कुछ शब्दों में 'र' और 'ह' को छोड़कर इकहरे व्यञ्जन को द्वित्व हो जाता है। द्वित्व का ही अपर नाम द्विर्भाव है। यह द्विर्भाव कुछ शब्दों में नित्य होता है और कुछ में वैकल्पिक।

नित्य द्विर्भाव :—ऋजु–उज्जु। तैल–तेल्ल। प्रभूत–बहुत्त। प्रेम–पेम्म। मण्डूक–मंडुक्क। यौवन–जुव्वण। विचकिल–वेइल्ल। व्रीडा–विड्डा इत्यादि।

वैकल्पिक द्विर्भाव :—एक–एक्क, इक्क, एअ, एग। कर्णिकार–कण्णिआर, कणिआर। कुतूहल–कोउहल्ल, कोउहल। चैव–च्चिअ, च्चिअ, चिअ। चैव–चेअ, च्चेअ, चेअ। तूष्णीक–तुण्हिक्क, तुण्हिक। दैव–दइव्व, दइव। नख–नक्ख, नह। निहित–निहित्त, निहिअ। नीड–नेड्ड, नीड। मूक–मुक्क, मूअ। सेवा–सेव्वा, सेवा।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।७२, ७०, ७३, ६१, ७१। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।८६, ६५, ६८, ९७, ६२, ८।१।२२।

स्थूल–थुल्ल, थूल । स्थाणु–खण्णु, खाणु । हूत–हुत्त, हूअ इत्यादि ।

सामासिक शब्दों में द्विर्भाव :—आलानस्तम्भ–आणालक्खंभ, आणालखंभ । कुसुमप्रकर–कुसुप्पयर, कुसुमपयर । देवस्तुति–देवत्थुइ, देवथुइ । नदीग्राम–नइग्गाम, नइगाम । हरस्कन्द–हरक्खंद, हरखंद इत्यादि ।

जिस इकहरे व्यञ्जन के पूर्व दीर्घ अथवा अनुस्वार हो तो उसे द्वित्व नहीं होता है । जैसे :—

क्षिप्त–छूढ का छुड्ढ नहीं होता है ।
स्पर्श–फास ,, फस्स ,, ,,
त्र्यस्र–तंस ,, तस्स ,, ,,
संध्या–संझा ,, संज्झा ,, ,,

(पालि भाषा में भी द्विर्भाव की प्रक्रिया है । देखिये पा० प्र० पृ० १०, नियम १२ ।)

२७. शब्दों में विशेष परिवर्तन[1]

अयस्कार–एक्कार । आश्चर्य–अच्छअर, अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ । उदूखल–ओहल, उऊहल । उलूखल–ओक्खल, उलूहल । कमल–केल, कमल । कदली–केली, कयली । कर्णिकार–कण्णेर, कणिआर, कण्णिआर । चतुर्गुण–चोग्गुण, चउग्गुण । चतुर्थ–चोत्थ, चउत्थ । चतुर्दश–चोद्दस, चउद्दस । चतुर्वार–चोव्वार, चउव्वार । त्रयस्त्रिंशत्–तेत्तीसा । त्रयोदश–तेरह ।

(पालि में अच्छरिय, अच्छयिर देखिये पा० प्र० पृ० ४४ टिप्पण ।)

---

१. प्रा० व्या० ८।१।१६६, १६५, १६७, १६८, १७०, १७१, १७४, १७५ तथा ८।२।६६, ६७ ।

त्रयोविंशति–तेवीसा । त्रिंशत्–तीसा । नवनीत–नोणीअ, लोणीअ । नवफलिका–नोहलिआ । नवमालिका—नोमालिआ । निषण्ण–णुमण्ण । पूगफल–पोप्फल । पूतर–पोर । प्रावरण–पंगुरण, पाउरण, पावरण । बदर–बोर । मयूख–मोह । रुदित–रुण्ण । लवण–लोण । विचकिल–बेइल्ल । विंशति–वीसा । सुकुमार–सोमाल (सं० सोमाल) । स्थविर–थेर ।

(देखिये पा० प्र० पृ० ४४ नियम ५७, लवण–लोण तथा पृ० ६२, लयन–लेन । देखिये—पा० प्र० पृ० २८ नि० ३४, स्थविर–थेर ।)

२८. शब्दों में विविध परिवर्तन[1]

अधस्–हेट्ठ । अप–ओ । अप्सरस्–अच्छरसा, अच्छरा । अयि–ऐं, अइ । अव–ओ । अवधि–ओहि । आयुष्–आउस । आरब्ध–आढत्त, आरद्ध । इदानीं–एण्हि, एत्ताहे, दाणि, इआणि (शौरसेनी–दाणि) । ईषत्–कूर, ईसिं, ईसि । उत–ओ । उप–ऊ, ओ । उपाध्याय–ऊज्झाय, ओज्झाय, उवज्झाय । उभय–अवह, उवह, उभयो । ककुभ्–कउहा । क्षिप्त–छूढ, खित्त । क्षुध्–छुहा । गृह–घर । गृहस्वामी–घरसामी । राजगृह–रायघर । गृहपति–गहवइ । छुप्त–छिक्क, छुत्त । तिर्यक्–तिरिया, तिरिच्छ । त्रस्त–हित्थ, तट्ठ, तत्थ । दिश–दिसा । दुहिता–धूआ, दुहिआ । दंष्ट्रा–दाढ़ा (सं० दाढा) ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४१ । ८।१।१७२, २०, १६६, १७२, २० । ८।२।१३८, १३४ । ८।४।२७७ । ८।२।१२९ । ८।१।१७२, १७३ । ८।२।१३८ ।

धनुष्–धणुह, धणु। धृति–दिहि। पदाति–पाइक्क, पयाइ। प्रावृष्–पाउस। पितृष्वसा–पिउच्छा, पिउसिआ। पूर्व–पुरिम, पुव्व (शौरसेनी–पुरव)। बहिस्–बाहिं, बाहिरं। बृहस्पति–भयस्सइ, बहस्सइ। भगिनी–बहिणी, भइणी। मलिन–मइल, मलिण। मातृष्वसा–माउच्छा, माउसिआ। मार्जार–मञ्जर, वञ्जर, मज्जार। वनिता–विलया, वणिआ। विद्रुत–विड्डाअ। वृक्ष–रुक्ख, वच्छ। वैडूर्य–वेरुलिय, वेडुज्ज। शुक्ति–सिप्पि, सुत्ति। स्तोक–थेव, थोव, थोक्क, थोअ। स्त्री–इत्थी, थी। श्मशान–सीआण, सुसाण, मसाण[1]।

[2]अपभ्रंश भाषा में निम्नलिखित शब्दों का विशेष परिवर्तन इस प्रकार है :—

सं०	प्रा०	अपभ्रंश
अन्यादृश	अन्नारिस	अन्नाइस
अपरादृश	अवरारिस	अवराइस

(देखिये—पा० प्र० पृ० ५६ नि० ७८, गृह–घर। गृहणी–घरणी। पृ० १६, तिर्यक्–तिरिय। पृ० ३४ टिप्पण, पितृष्वसा–पितुच्छ। पृ० २७, स्तोक–थोक। पृ० ५१ टिप्पण—श्मशान–मसान, मुसान।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१। ८।२।१२७, ८।१।१७, ८।२।१४४, ८।२।१३८, ८।२।१४३, ८।२।१३६। ८।१।१९, ८।२।१२६, ८।२।१३९, ८।१।२२, ८।२।१३१, ८।२।१३८, ८।१।१९, ८।२।१४२, ८।२।१३५, ८।४।२७०, ८।२।१४०, ८।२।१३७, ८।२।१२६, ८।२।१३८, ८।२।१४२, ८।२।१३२, ८।२।१२८, ८।१।१०७, ८।२।१२७, ८।२।१३३, ८।२।१३८, ८।२।१२५, ८।२।१३०, ८।२।८६। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।४१३, ८।४।४०३, ८।४।४०२, ८।४।४२१।

ईदृश	एरिस	अइस, एह
कीदृश	केरिस	कइस, केह
तादृश	तारिस	तइस, तेह
यादृश	जारिस	जइस, जेह
वर्त्म	वट्ट	विच्च
विषण्ण	विसण्ण	वुन्न

●

आगम

कुछ शब्दों के संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वरों का आगम होता है। इसे स्वर-प्रक्षेप वा अन्तःस्वरवृद्धि अथवा स्वर-भक्ति कहते हैं।

[1]अ का आगमः—अग्नि–अगणि, अग्गि। अर्हन्–अरहंत। कृष्ण–कसण, कण्ह (अर्थात् काला रंग)। क्ष्मा–छमा। प्लक्ष–पलक्ख। रत्न–रतन, रयण। शार्ङ्ग–सारंग। श्लाघा–सलाहा। स्निग्ध–सणिद्ध। सूक्ष्म–सुहम। स्नेह–सणेह, नेह।

[2]इ का आगमः—अर्हत्–अरिहंत। कृत्स्न–कसिण, कण्ह। क्रिया–किरिया, किया। चैत्य–चेइअ। तप्त–तविअ। दिष्टचा–दिट्ठिआ। भव्य–भविअ, भव्व। वज्र–वइर, वज्ज। श्री–सिरी। स्निग्ध–सिणिद्ध, निद्ध। स्याद्–सिआ। स्याद्वाद–सिआवाअ। स्पप्न–सिविण, सिमिण, सुमिण। ह्यः–हिओ। ह्री–हिरी।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१०२, ८।२।१११, ८।२।११०, ८।२।१०१, ८।२।१०३, ८।२।१०१, ८।२।१००, ८।२।१०१, ८।२।१०९, ८।२।१०१, ८।२।१०२। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१११, ८।२।११०, ८।२।१०४, ८।२।१०७, ८।२।१०५, ८।२।१०४, ८।२।१०७, ८।२।१०५, ८।२।१०४, ८।२।१०६, ८।२।१०७, ८।२।१०८, ८।२।१०४।

[१]ई का आगमः—ज्या–जीआ ।

[२]उ का आगमः—अर्हत्–अरुहंत । छद्म–छउम । द्वार–दुवार, दुआर, दार, देर, वार । पद्म–पउम, पोम्म । मूर्ख–मुरुक्ख, मुक्ख । श्वः–सुवे । स्नुषा–सुनुसा, सुण्हा, ण्हुसा, सुसा । सूक्ष्म–सुहुम, सुहम, सण्ह, सुण्ह । स्रुघ्न–सुरुग्घ । स्व–सुव ।

२९. [३]विशेष शब्दों में अनुस्वार का आगमः—अतिमुक्तक–अइमुंत्तय, अइमुत्तय । अश्रु–अंसु । उपरि–अवरिं, उवरि । कर्कोट–कंकोड । कुड्मल–कुंपल । गुच्छ–गुंछ । गृष्टि–गिंठि, गिट्ठि । त्र्यस्र–तंस, । दर्शन–दंसण, दरिसण । देवनाग–देवंनाग । पर्शु–पंसु, परिसु । पुच्छ–पुंछ, पुच्छ । प्रतिश्रुत–पडंसुआ । बुध्न–बुंध । मनस्वि–मणसि । मनस्विनी–मणंसिणी । मनःशिला–मणंसिला, मणसिला, मणासिला, मणोसिला । मूर्धन्–मुंढ, मुद्ध । मार्जार–मंजार, मज्जार । वक्र–वंक, वक्क । वयस्य–वयंस, वयस्स । वृश्चिक–विंछिअ, विंचुअ । श्मश्रु–मंसु, मस्सु ।

[४]शौरसेनी भाषा में णकार का विकल्प से आगमः—

सं०	प्रा०	शौ०
युक्तम् इदम्	जुत्तं इणं	जुत्तं णिमं, जुत्तं इणं ।
सदृशम् इदम्	सरिसं इणं	सरिसं णिमं, सरिसं इणं ।
किम् एतद्	किं एअं	किं णेदं, किं एदं ।
एवम् एतद्	एवं एअं	एवं णेदं, एवं एदं ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।११५ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१११, ८।२।११२, ८।२।११४, ८।२।११३, ८।२।११४ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२७९ ।

[1]अपभ्रंश भाषा में विशेष शब्दों के किसी-किसी प्रयोग में स्वर अथवा व्यञ्जन का आगमः—

सं०	प्रा०	अप०
उक्त	उत्त	वुत्त—'व' का आगम
परस्पर	परोप्पर	अपरोप्पर—'अ'का आगम
व्यास	वास	व्रास—'र' का आगम

३०. [2]अक्षरों का व्यत्यय (व्यतिक्रम) :—

अचलपुर–अलचपुर । आलान–आणाल । करेणु–कणेरु महाराष्ट्र–मरहट्ठ । लघुक–हलुअ, लहुअ । ललाट–णडाल, णलाड । वाराणसी–वाणारसी, सं० वराणसी, वाणारसी, वराणसि । हरिताल–हलिआर, हरिआल । ह्रद–द्रह, हर ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।४२१, ८।४।४०६, ८।४।३९९। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।११८, ८।२।११७, ८।२।११६, ८।२।११९, ८।१।१२२, ८।२।१२३, ८।२।११६, ८।२।१२१, ८।२।१२०।

लिंगविचार

कुछ[1] शब्दों के लिंग में जो परिवर्तन होता है वह इस प्रकार है :—

जिन शब्दों के अन्त में स् अथवा न् हो वे सभी शब्द पुंलिंग में होते हैं।

सं०	पु०	सं०	पु०
यशस्	जसो	जन्मन्	जम्मो
पयस्	पयो	नर्मन्	नम्मो
तमस्	तमो	मर्मन्	मम्मो
तेजस्	तेओ	वर्म्मन्	वम्मो
उरस्	उरो	धामन्	धामो

'जसो', 'पयो' आदि शब्दों के अन्त में 'ओकार' नर जाति (पुंलिंग) सूचित करता है।

अपवाद :—दामन्–दामं। शर्मन्–सम्मं। चर्मन्–चम्मं। शिरस्–सिरं। सुमनस्–सुमणं।

प्रावृष्–शरद् और तरणि शब्द पुंलिंग में प्रयुक्त होते हैं। प्रावृष्–पाउसो। शरद्–सरओ। तरणि–तरणी। 'आंख' अर्थवाले सभी शब्द पुंलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०	पुं०	नपुं०
अक्षि	अक्खी	अक्खि
अक्षि	अच्छी	अच्छि
चक्षु	चक्खू	चक्खुं

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३२, ८।१।३१, ८।१।३३, ८।१।३४, ८।१।३५।

नयन	नयणो	नयणं
लोचन	लोयणो	लोयणं

निम्नलिखित शब्द पुंलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

वचन	वयणो	वयणं
विद्युत्	विज्जुणा	विज्जुए
		(तृतीया विभक्ति)
कुल	कुलो	कुलं
छन्द	छंदो	छंदं
माहात्म्य	माहप्पो	माहप्पं
दुःख	दुक्खो	दुक्खं
भाजन	भायणो	भायणं

निम्नलिखित शब्द नपुंसकलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

गुण	गुणं	गुणो
देव	देवं	देवो
विन्दु	बिन्दुं	बिन्दू
खड्ग	खग्गं	खग्गो
मण्डलाग्र	मंडलग्गं	मंडलग्गो
कररूह	कररुहं	कररुहो
वृक्ष	रुक्खं	रुक्खो

जिन शब्दों के अन्त में भाववाची 'इमा' प्रत्यय हो तो वे शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
गरिमन्	गरिमा	गरिमा
महिमन्	महिमा	महिमा
निर्लज्जिमन्	निल्लज्जिमा	निल्लज्जिमा
धूर्तिमन्	धुत्तिमा	धुत्तिमा

अञ्जलि आदि शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०		स्त्रीलिंग
अञ्जलि	अंजलि	अंजली
पृष्ठ	पिट्ठं	पिट्ठी
अक्षि	अच्छि	अच्छी
प्रश्न	पण्हो	पण्हा
चौर्य	चोरिअ	चोरिआ
कुक्षि	कुच्छी	कुच्छी
बलि	बली	बली
निधि	निही	निही
रश्मि	रस्सी	रस्सी
विधि	विही	विही
ग्रन्थि	गंठी	गंठी

सन्धि

सन्धि अर्थात् परस्पर मिल जाना, एक दूसरे में मिल जाना अथवा एक दूसरे में छिप जाना।

प्रथम पद के अन्तिम स्वर और पिछले पद के पूर्व स्वर के मिल जाने पर जो परिवर्तन होता है उसे स्वर-सन्धि कहते हैं।

पद के अन्दर के व्यञ्जन का अपने पीछे आनेवाले व्यञ्जन के कारण जो परिवर्तन होता है उसे व्यञ्जन-सन्धि कहते हैं। जैसेः—

कंठ–कण्ठ। चंद–चन्द। कंकण–कङ्कण। संख–सङ्ख।
गंगा–गङ्गा आदि।

अर्धमागधी में संस्कृत की भाँति पृथक्-पृथक् व्यञ्जनों की सन्धि नहीं होती।

१. एक पद में सन्धि नहीं होती है[1]:

प्राकृत भाषा के अनेकानेक शब्द स्वरबहुल होते हैं ऐसे पदों में सन्धि करने से अर्थभ्रम होता है अतः इस भाषा में एक पद में सन्धि नहीं होती है। जैसेः—

नई (नदी), पइ (पति), कइ (कवि), गअ (गज), गउआ (गो=गाय), काअ (काक), लोअ (लोक), रुइ (रुचि), रइ (रति) आदि।

अपवादः—कुछ शब्दों में एक पद में भी स्वरसन्धि हो जाती है। जैसेः—

---

१. हे० प्रा० व्या ८।१।४।

वि + ईअ = बीअ }
वि + इअ = बिइअ } द्वितीय (दूसरा)

काहि + इ = काही }
काहिइ } करेगा (करिष्यति)

[1]थ + इर = थेर (वृद्ध = स्थविर)

च + उ + द्दस = चोद्दस (चौदह = चतुर्दश)

[2]कुम्भ + आर = कुम्भार (कुम्हार = कुम्भकार)

चक्क + आअ = चक्काअ (चक्रवाक् = चकवा पक्षी)

साल + आहण = सालाहण (शालिवाहन राजा)

२. क्रियापद के स्वर की स्वर परे रहनेपर सन्धि नहीं होती है।[3] जैसे :—

होइ + इह = होइ इह । सं० भवति + इह = भवति इह ।

३. 'ई अथवा उ, ऊ' के पश्चात् कोई भी विजातीय स्वर आ जावे तो सन्धि नहीं होती[4] । जैसे :—

इ—जाइ + अन्ध = जाइअंध (जाति अन्ध—जात्यन्ध = जन्मान्ध)

ई—पुढवी + आउ = पुढवीआउ (पृथ्वी—आप = पृथ्वी और पानी)

उ—बहु + अट्ठिअ = बहुअट्ठिय (बहुअस्थिक = बहुत-सी हड्डियोंवाला)

ऊ—बहू + अवगूढ = बहूअवगूढ (वधू अवगूढ)

४. 'ए और ओ' के बाद स्वर परे होने पर सन्धि नहीं होती[5] । जैसे :—

ए—महावीरे + आगच्छइ । एगे + आया । एगे + एवं ।

ओ—अहो + अच्छरियं । गोयमो + आघवेइ ।

आलक्खिमो + इण्हिं ।

---

१. देखिये, पिछले उदाहरणों में नियम २७ के अन्तर्गत । २. हे० प्रा० व्या० ८।१।८ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।९ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।७।

५. दो पदों में भी व्यञ्जन के लोप होने पर शेष स्वरों की सन्धि नहीं होती[१]। जैसे :—

निशाकर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

रजनीकर—रयणी + अर = रयणीअर।

रजनीचर—रयणी + अर = रयणीअर।

निशाचर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

गन्धपुटी—गंध + उडी = गंधउडी।

६. 'अ और आ' के बाद अ और आ रहने पर दीर्घ आकार हो जाता है[२]। जैसे :—

(अ + अ = आ। अ + आ = आ। आ + अ = आ। आ + आ = आ।)

अ—जीव + अजीव = जीवाजीव।

विसम + आयव = विसमायव (विषम + आतप)।

आ—गंगा + अहिवइ = गंगाहिवइ।

जउणा + आणयण = जउणाणयण (यमुना + आनयन)।

७. 'इ और ई' के परे इ और ई हो तो दीर्घ ईकार हो जाता है[५]। जैसे :—

(इ + इ=ई। इ + ई=ई। ई + इ=ई। ई + ई = ई।)

इ—मुणि + इयर=मुणियर। पुहवी + ईस=पुहवीस।

दहि + ईसर=दहीसर। पुहवी + इसि=पुहवीसि।

८. 'उ और ऊ' के बाद उ तथा ऊ रहने पर दीर्घ ऊकार हो जाता है[६]। जैसे :—

(उ + उ=ऊ। उ + ऊ=ऊ ऊ + उ = ऊ। ऊ + ऊ = ऊ।)

बहू + उदग=बहूदग। बहू + उपमा=बहूपमा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।८। २.–५. हे० सं० सिद्धहेम० ल० वृ० १।२।१। ३. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।१।

साडु + उदग=साडूदग ।   बहू + ऊसास=बहूसास ।

बहु + ऊसास=बहूसास ।

९. स्वर के बाद स्वर रहने पर पूर्वस्वर का लोप भी हो जाता है[1]। जैसे :—

नर + ईसर—नर् + ईसर = नरीसर, नरेसर ।

तिदस + ईस—तिदस् + ईस=तिदसीस, तिदसेस ।

निसास + ऊसास—नीसास् + ऊसास=नीसासूसास ।

रमामि + अहं—रमामहं । तम्मि + अंसहर=तम्मंसहर ।

उवलभामि + अहं = उवलभामहं ।

देविंद + अभिवंदिअ = देविंदभिवंदिअ ।

ददामि + अहं = ददामहं । ण + एव = णेव ।

१०. जहाँ दो स्वर पास-पास आते हों वहाँ कई स्थानों पर पिछले पद के पहले स्वर का लोप हो जाता है।[2] जैसे :—

फासे + अहियासए = फासे हियासए ।

बालो + अवरज्झइ = बालो वरज्झइ ।

एस्संति अणंतसो = एस्संति णंतसो ।

११. सर्वनाम सम्बन्धी स्वर अथवा अव्यय सम्बन्धी स्वर पास-पास आये हों तो दो में से किसी एक का लोप हो जाता है।[3] जैसे :—

तुब्भे + इत्थ = तुब्भित्थ । जे + एत्थ = जेत्थ ।

अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ । जइ + अहं = जइहं ।

जे + इमे = जेमे । जइ + इमा = जइमा ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१० । २. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।२७ । इस सूत्र से मिलता-जुलता यह नियम है । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४० ।

१२. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'अपि' अथवा 'अवि' अव्यय के 'अ' का विकल्प से लोप होता है।[1] जैसे :—
किं + अपि = किंपि, किमवि। केण + अवि = केणवि, केणावि।
केहं + अपि = कहंपि, कहमवि।

१३. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'इति' अव्यय के 'इ' का लोप हो जाता है।[2]
जं + इति = जंति। जुत्तं + इति = जुत्तंति। दिट्ठं + इति = दिट्ठंति।

१४. यदि स्वरान्त पद के पश्चात् 'इति' अव्यय आ जाय तो 'इ' का लोप होने पर 'ति' का डबल (द्वित्व) 'त्ति' हो जाता है।[3]
तहा + इति = तहत्ति[4]। पुरिसो + इति = पुरिसोत्ति। पिओ + इति= पिओत्ति।

१५. भिन्न-भिन्न पदों में अ अथवा आ से परे इ अथवा ई हो तो 'ए' (गुण) हो जाता है।[5]
न + इच्छति=नेच्छति। जाया + ईस=जायेस। वास + इसि=वासेसि।
खट्टा + इह = खट्टेह (खट्वा + इह)। दिण + ईस = दिणेस।

१६. भिन्न-भिन्न पदों में अ और आ के बाद उ अथवा ऊ रहने पर 'ओ' (गुण) हो जाता है।[6] जैसे :—
सिहर + उवरि = सिहरोवरि। गंगा + उवरि = गंगोवरि। एग + ऊण = एगोण। वीस + ऊण = वीसोण। पाअ + ऊण = पाओण।
पउन (=तीन पाव)

१७. पद के अन्तिम 'अ' का अनुस्वार होता है।[7]
जलम् = जलं। फलम् = फलं। गिरिम् = गिरिं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।४१। २—३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४२।
४. देखिये–नियम (२)। ५-६. सि० हे० सं० व्या० १।२।६।
७. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३।

अपवादः—वणम्मि–वणंमि, वणम्मि ।

१८. यदि पद के अन्तिम 'म्' के पश्चात् स्वर आ जाये तो उसका विकल्प से अनुस्वार होता है।[1]

उसमम् + अजिअं = उसमं अजिअं, उसममजिअं। नगरम् + आगच्छइ = नगरं आगच्छइ, नगरमागच्छइ ।

१९. कुछ शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन का अनुस्वार हो जाता है[2]। जैसे :—

साक्षात्–सक्खं	पृथक्–पिहं
यत्–जं	सम्यक्–सम्मं
तत्–तं	ऋधक्–इहं
विष्वक्–वीसुं	ऋधकक्–इहयं

२०. ङ्, ञ्, ण् तथा न् के बाद व्यञ्जन परे रहने पर अनुस्वार हो जाता है[3]। जैसे :—

शङ्ख–सङ्ख, संख।	षण्मुख–छण्मुह, छमुह।
कञ्चुक–कञ्चुअ, कंचुअ।	सन्ध्या–संझा।

२१. कुछ शब्दों में अनुस्वार का लोप हो जाता है[4]। जैसे :—

विंशति–वीसा।	एवम्–एवं–एव, एवं।
त्रिंशत्–तीसा।	नूनम्–नूनं–नूण, नूणं।
संस्कृत–सक्कय (सं० सस्कृत)।	इदानीम्–इआणिं–
संस्कार–सक्कार (सं०सस्कार)।	इआणि, इआणिं,
मांस–मांस, मंस।	दाणि, दाणिं।
मांसल–मासल, मंसल।	किम्–किं, कि, किं।

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२८,२९।

कांस्य–कास, कंस ।
पांशु–पासु, पंसु ।
कथम्–कथं, कह, कहं ।
संमुख–समुह, संमुह ।
किंशुक–केसुअ, किंसुअ ।
सिंह–सीह, सिंघ ।

२२. अनुस्वार के बाद वर्ग के किसी भी व्यञ्जन के परे रहने पर विकल्प से वर्ग का पाँचवाँ अक्षर हो जाता है[1]। जैसेः—

पंक–पङ्क, पंक
संख–सङ्ख, संख
अंगण-अङ्गण, अंगण
लंघण–लङ्घण, लंघण
कंचुअ–कञ्चुअ, कंचुअ
लंछण–लञ्छण, लंछण
अंजन–अञ्जण, अंजण
संझा–सञ्झा, संझा
कंटअ–कण्टअ, कंटअ
कंठ–कण्ठ,कंठ
कंड–कण्ड, कंड
संढ–सण्ढ, संढ
अंतर–अन्तर, अंतर
पंथ–पन्थ, पंथ
चंद–चन्द, चंद
बंधु–बन्धु, बंधु
कंप–कम्प, कंप
गुंफ–गुम्फ, गुंफ
कलंब–कलम्ब, कलंब
आरंभ–आरम्भ, आरंभ

२३. कुछ शब्दों में दो पदों के बीच 'म्' का आगम हो जाता है[2]। जैसे :—

अन्न + अन्न = अन्नम् अन्न–अन्नमन्न ।
एग + एग = एगम् एग–एग्गमेग ।
चित्त + आणंदिय = चित्तम् आणंदिय–चित्तमाणंदिय ।
जहा + इसि = जहाम् इसि–जहामिसि ।
इह + आगअ = इहम् आगअ–इहमागअ ।
हट्ठतुट्ठ + अलंकिअ = हट्ठतुट्ठम् आलंकिय–हट्ठतुट्ठमालंकिय ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३० । २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१० ।

अणेगछन्दा + इह = अणेगछंदाम् इह–अणेगछंदामिह ।

जुव्वण + अप्फुण्ण = जुव्वणम् अप्फुण्ण–जुव्वणमप्फुण्ण ।

२४. कुछ शब्दों का अन्तिम व्यञ्जन लोप होने की अपेक्षा पास वाले स्वर में ही मिल जाता है[1]। जैसे :—

किम् + इहं = किमिहं निर् + अन्तर = निरन्तर ।
यद् + अस्ति = यदत्थि, जदत्थि दुर् + अतिक्रम = दुरतिक्रम ।
पुनर् + अपि = पुणरवि दुर् + अइक्कम = दुरइक्कम ।

२५. यहाँ सन्धि के जो-जो नियम बताये गये हैं उनका उपयोग दो पदों में ही करना चाहिये। जहाँ एक से अधिक नियम लागू हों वहाँ प्रचलित प्रयोगों के अनुसार सन्धि करनी चाहिए जिससे अर्थभ्रम न हो। अक्षरपरिवर्तन तथा लोप के नियम का उपयोग करते समय भी अर्थभ्रम न हो इसका ख्याल रखना जरूरी है।

●

---

१. स्वरहीनं परेण संयोज्यम् । तथा हे० प्रा० व्या० ८।१।१४ ।

समास[1]

समास का अर्थ है संक्षेप याने थोड़े शब्दों में अधिक अर्थ बतानेवाली शैली का नाम समास है। जिसमें लिखना और बोलना कम पड़ता है फिर भी विशेष अर्थ समझने में किसी प्रकार की कोई न्यूनता न रहे ऐसी शैली की खोज में समास शैली की शोध हुई। इस शोध का विकास पण्डितों की शैली में विशेष रूप से हुआ। बोलचाल की लोकभाषा में इस शैली का प्रचार बहुत कम दिखाई देता है। परन्तु जब लोकभाषा केवल साहित्य की भी भाषा बन जाती है तब उसमें भो इसका प्रयोग प्रचुर मात्रा में होता है।

'न्याय का अधीश' कहना हो तो समास विहीन शैली में 'नायस्स अधीसो' कहा जाएगा। जब कि समासशैली में 'नायाधीसो' कहा जाएगा अर्थात् जिस अर्थ को बताने के लिए समास विहीन शैली में छः अक्षरों की आवश्यकता पड़ती हैं उसी अर्थ को बताने के लिए समासशैली में केवल चार अक्षरों से ही काम चल जाता हैं।

आह्—आहंसु (आह् + अंसु)

कुछ अनियमित रूपः—

अस्[1]—होना

अत्थि, अहेसि, आसि (सर्वपुरुष-सर्ववचन)

आसिमो, आसिमु (आस्म) रूप कहीं-कहीं आर्ष प्राकृत में प्रथम पुरुष के बहुवचन में उपलब्ध होते हैं। 'वद्' धातु का 'वदीअ' रूप होना चाहिए तथापि आर्ष प्राकृत में इसके बदले 'वदासी' और 'वयासी' रूप उपलब्ध होते हैं। अर्थात् उक्त 'सी' प्रत्यय स्वरान्त धातु में लगाया जाता है, लेकिन आर्ष प्राकृत में कहीं-कहीं व्यञ्जनान्त धातु में भी लगा हुआ मिलता है। वद + सी = वदासी। आर्ष प्राकृत होने से 'वद' को 'वदा' हुआ है।

कर्—करना

भूतकाल में 'कर' के बदले 'का' भी होता है :—

कर + ईअ = करीअ

पालि भाषा में अस् धातु के भूतकाल में रूप :—

	एकव०	बहुव०
१.	आसिं	आसिम्ह
२.	आसि	आसित्थ
३.	आसि	आसुं, आसिंसु

'कर' का 'का' होने पर	का + सी = कासी का + ही = काही का + हीअ = काहीअ

आर्ष प्राकृत में उपलब्ध अन्य अनियमित रूप :—

कर्—अकरिस्सं (अकार्षम्)	१. पु०	एकवच०
कर् = क–अकासी (अकार्षीत्)	३. पु०	,,
ब्रू—अब्बवी (अब्रवीत्)	,, ,,	,,
वच—अवोच (अवोचत्)	,, ,,	,,
अस्—आसी, आसि (आसीत्)	,, ,,	,,
आसिमु (आस्म)	१. पु०	बहुव०
ब्रू—आह (आह)	३. पु०	एकव०
ब्रू—आहु (आहु)	३. पु०	बहुवचन
दृश—अदक्खू (अद्राक्षुः)	,, ,,	,,
भू, हू } अभू, अहू (अभूत अथवा अभुवन्)		एकव० तथा बहुव०

उक्त आर्षरूप संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओं की भिन्नता को स्पष्ट रूप से निषेध करते हैं। ये सभी रूप केवल उच्चारणभेद के नमूने हैं तथा इन आर्ष रूपों के साथ पालि रूप बहुत मिलते-जुलते हैं।

पुंल्लिङ्ग

आरिय (आर्य) = आर्य, सज्जन।

णायसुय, णातसुत (ज्ञातसुत) = ज्ञातवंश का पुत्र–महावीर।

छगलय (छाग) = बकरा।

नायपुत्त, नातपुत्त, णातपुत्त (ज्ञातपुत्र) = ज्ञातवंश का पुत्र-महावीर।

देस (देश) = देश।

मिलिच्छ (म्लेच्छ) = म्लेच्छ (जातिविशेष)।

ऊसव (उत्सव) = उत्सव ।

मअ (मृग) = मृग ।, हिरण, पशु ।

मयंक (मृगाङ्क) = मृगाङ्क, चन्द्र ।

पज्जुण्ण, पज्जुन्न (प्रद्युम्न) = प्रद्युम्न नामक कृष्ण का पुत्र ।

वच्छ (वत्स) = वत्स, पुत्र, बच्चा ।

उच्छाह (उत्साह) = उत्साह ।

रिच्छ (ऋक्ष) = रीछ, भालू ।

गोतम, गोयम (गौतम) = गौतम गोत्र का मुनि ।

पवंच (प्रपञ्च) = प्रपञ्च ।

संख (शंख) = शंख ।

कंटग (कण्टक) = काँटा ।

पंथ (पन्थ) = पथ, मार्ग, रास्ता ।

कलंब (कदम्ब) = कदम्ब का वृक्ष ।

सप्प (सर्प) = सर्प, साँप ।

मंजार (मार्जार) = बिल्ली ।

दुक्काल (दुष्काल) = दुष्काल ।

वम्मह (मन्मथ) = मन को मथनेवाला–कामदेव ।

पण्ह (प्रश्न) = प्रश्न ।

कण्ह (कृष्ण) = कृष्ण भगवान् ।

पण्हुअ (प्रस्नुत) = वात्सल्य से माँ की छाती में दूध भर आना ।

पुव्वण्ह (पूर्वाह्ण) = दिवस का पूर्व भाग ।

हेमन्त (हेमन्त) = हेमन्त ऋतु, अगहन और पूस का महीना ।

मूसअ, मूसय (मूषक) = मूषक, चूहा, मूस (भोजपुरी में) ।

पल्हाअ, पल्हाद (प्रह्लाद) = प्रह्लाद नामक भक्त, राजपुत्र ।

मोहणदास (मोहनदास) = मोहनदास, गांधीजी का नाम ।

रट्ठधम्म (राष्ट्रधर्म) = राष्ट्रधर्म, देश का हित करनेवाली प्रवृत्ति ।

गाम (ग्राम) = गाँव ।
देविंद (देवेन्द्र) = देवों का इन्द्र–स्वामी ।
मोर, मयूर (मयूर) = मयूर, मोर ।
हरिएसबल (हरिकेशबल) = चण्डाल कुल में पैदा होनेवाला एक जैन मुनि ।
विंछिअ (वृश्चिक) = विच्छू, विच्छो ।

नपुंसकलिङ्ग शब्द

गमण (गमन) = गमन करना, जाना ।
पाणीअ, पाणीय (पानीय) = पानी, जल, पीने की वस्तु ।
दुद्ध (दुग्ध) = दूध ।
रायगिह (राजगृह) = राजगृह, मगध देश की राजधानी ।
कुसग्गपुर (कुशाग्रपुर) = राजगृह का दूसरा नाम ।
विण्णाण, विन्नाण (विज्ञान) = विज्ञान ।
भारहवास (भारतवर्ष) = भारतवर्ष, हिन्दुस्तान ।
महाविज्जालय (महाविद्यालय) = महाविद्यालय, कॉलेज ।
पाडलि-पुत्त (पाटलिपुत्र) = पाटलिपुत्र, पटना (शहर) ।
चंडालिय (चाण्डालिक) = चण्डाल का स्वभाव, क्रोध ।
नाण (ज्ञान) = ज्ञान ।
पवहण (प्रवहन) = प्रवहन, बहना ।
अच्छेर (आश्चर्य) = आश्चर्य ।

विशेषण

महिड्ढिय, महड्ढिय (मर्हधिक) = ऋद्धिवान् , धनाढ्य ।
वाघायकर (व्याघातकर) = व्याघात करनेवाला, विघ्न करनेवाला ।
महग्घ (महार्घ) = बहुमूल्य, महँगा, किमती, अधिक कीमतवाला ।

सग्ग (स्वर्ग) = सस्ती ।

केरिस (कीदृश) = कैसा ।

नवोण, णवोण, (नवीन) = नवीन, नया ।

अज्जतण, अज्जयण (अद्यतन) = आज का, ताजा ।

सरस (सरस) = सरस, अच्छा, रसवाला ।

पच्छ (पथ्य) = पथ्य—मार्गमें हित करनेवाला, पाथेय ।

जुगुच्छ (जुगुप्स) = जुगुप्सा करनेवाला, घृणा करनेवाला ।

सण्ह, सुहुम, सुखुम (सूक्ष्म) = सूक्ष्म, बारीक, छोटा-सा !

सहल (सफल) = सफल ।

विहल (विफल) = निष्फल ।

विलिअ (व्यलीक) = झूठ, असत्य ।

पुराण, पुराअण (पुराण) = पुराना, पुरातन ।

निण्ण, नेण्ण (निम्न) = निम्न, नीच ।

वीलिअ (व्रीडित) = लज्जित, शर्मिन्दा ।

अव्यय

तेण (तेन) = उस तरफ, उससे ।

जेण (येन) = जिस तरफ, जिससे ।

अवस्सं (अवश्यं) = अवश्य ।

एव, एवं (एवम्) = एवं, इस प्रकार ।

सुट्ठु (सुष्ठु) = शोभन, अच्छा, सुन्दर, अतिशय ।

दुट्ठु (दुष्ठु) = खराब, असुन्दर ।

खिप्पं (क्षिप्रम्) = शीघ्र ।

पच्छा (पश्चात्) = अनन्तर, बाद, पीछे ।

इहेव (इहैव) = यहीं, यहीं पर ।

असइं (असकृत्) = अनेकबार, बारंबार ।

गामाणुग्गामं, गामाणुगामं (ग्रामानुग्रामम्)=प्रत्येक गाँव में, गाँव-गाँव में, एक गाँव से दूसरे गाँव में।

नमो, णमो (नमः)=नमस्कार।

पगे (प्रगे)=प्रातःकाल में, सुबह।

मा (मा)=मा, मत, नहीं।

धातु

अच्च (अर्च्)=अर्चना, पूजना।

उव+दिस् (उप+दिश्)=उपदेश करना।

नच्च् (नृत्य)=नृत्य करना, नाचना।

प+हार् (प्र+धार्)=धारना, संकल्प करना।

ने, णे (नी)=ले जाना।

आ+णे (आ+नी)=ले आना।

सेव् (सेव्)=सेवन करना, सेवा करना।

हस् (हस्)=हँसना।

पढ् (पठ्)=पढ़ना।

पुच्छ् (पृच्छ)=पूछना।

भण् (भण्)=पढ़ना, कहना।

रीय् (री)=निकलना, जाना।

वि+हर् (वि+हर्)=विहरना, घूमना, पर्यटन करना, विहार करना।

अणु+भव् (अनु+भव)=अनुभव करना।

वाक्य (हिन्दी)

मैं गाँव में गया और अपने साथ बकरों को ले गया।

आर्यपुरुषों ने महावीर को अनेकबार वंदन किया।

मेघ बरसा और मयूर नाचे ।

ब्राह्मणों ने पूछा, 'महावीर का शील कैसा है ?'

उन्होंने पानी पिया और हमने दूध ।

कौन नहीं जानता कि पानी नीचे जाता है ?

मै ज्ञान से क्रोध को अवश्य मारता हूँ ।

उसने दुष्ट रीति से संकल्प किया ।

हम दोनों ने अच्छी तरह से सेवा की ।

आज का दूध अच्छा था ।

प्रातः और उसके पश्चात् भी बालक आँगन में खेले ।

श्रमण बहुमूल्य वस्त्रों को नहीं छूते ।

लोगों ने ज्ञानार्थ पण्डितों की पूजा की ।

हमने सत्य बोला ।

राजा और इन्द्र विनयपूर्वक बोले ।

मैं और तू महाविद्यालय में गये और राष्ट्रधर्म पढ़ा ।

उसने बहुत अच्छा-अच्छा काम किया और जीवन को सफल किया ।

महावीर हेमन्त ऋतु में निकले ।

जब उसने पूछा तब तुमने झूठ बोला ।

हमने सत्य का जाप किया ।

अनार्यों ने कहा 'सभी प्राणी मारने योग्य हैं' लेकिन आर्यों ने कहा 'कोई भी प्राणी मारने योग्य नहीं ।'

मोहनदास महापुरुष ने प्रत्येक गाँव में घूमकर राष्ट्र-धर्म का उपदेश दिया।

प्रद्युम्न का शिष्य पाटलिपुत्र गया ।

देश में मनुष्यों ने दुष्काल में दुःख भोगा ।

शरमिन्दे शिष्य हँसते नहीं ।

तुमने शिष्यों से शीघ्र पूछा, झूठ क्यों बोले ?

पुराना सब सच्चा है ऐसा भी नहीं और नया सब झूठा है ऐसा भी नहीं।

आर्यों को नमस्कार।

पूर्वाह्न के समय सूर्य का पूजन किया।

हिन्दुस्तानी सस्ता अन्न खाते हैं।

वाक्य (प्राकृत)

बाला धाविसु।

मा य चंडालियं कासी[1]।

तवस्स वाघायकरं वयणे वयासी।

इमं पण्हं उदाहरित्था।

गोयमो समणं महावीरं एवं वयासी।

सीलं कहं नायसुतस्स आसी ?

नमिरायो देविंदमिणमब्बवी।

अंगणम्मि बाला मोरा य नच्चिसु।

ते पुत्ता जणयं इणं वयणं कहिंसु।

वद्धमाणो जिणो अभू।

सो दुद्धं पासी।

तुमं छगलयं गामं नेही।

माणवा हसीअ।

जिणा एवं कहिंसु।

आसी अम्हे महिड्ढिया।

तेणं कालेणं तेणं समयेणं पाडलिपुत्ते नयरे होत्था।

---

१. संस्कृत का 'मा कार्षीत्' (अद्यतनभूत तृ० एकव०) रूप और यह 'मा कासी' रूप बिल्कुल एक जैसे हैं।

जेणेत्र समणे महावीरे तेणेव गोयमो गच्छीअ पुच्छिसु णं समणा माहणा य, सो पुरिसो पाडलिपुत्तं नयरं गमणाए पहारेत्थ ।

रायगिहे नयरे होत्था ।

अह्न जिणा, अत्थि जिणा सव्वेवि जिणा धमम्मि सच्चमुत्तमं आहंसु ।

ते पाणीयं पाहीअ ।

बालो हसीअ । मिच्छा ते एवमाहंसु ।

तुम्हे तत्थ ठाहीअ ।

आसिमु बंधवा दोवि ।

सो इमं वयणमब्बवो ।

अत्थि इहेव भारहवासे कुसग्गपुरं नाम नयरं ।

सोसे विणयेणं आयरिये सेवित्था ।

तंसि हेमंते नायपुत्ते महावीरे रीडत्था ।

जे आरिया ते एवं वयासी ।

समणे महावीरे गामाणुगामं विहरित्था ।

हरिएसबलो नाम जिइन्दियो समणो आसि

किं अम्हे असच्चं भासीअ ?

तंसि देसंसि दुक्कालो होसी ।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६४। देखिए पृ० २२४ = अस्—होना ।

बारहवाँ पाठ

इकारान्त और उकारान्त पुंल्लिंग शब्द के रूप :—

रिसि*

एकवचन	बहुवचन
प्र० रिसि = रिसी[1] (ऋषिः)	रिसि + अउ[2] = रिसउ
	रिसि + अओ[2] = रिसओ
	रिस + अयो = रिसयो (ऋषयः)

---

* रिसि शब्द के पालिरूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	रिसि	रिसी, रिसयो
द्वि०	रिसिं	रिसी, रिसयो
तृ०	रिसिना	रिसीहि, रिसिहि, रिसीभि, रिसिभि
च०	रिसिनो, रिसिस्स	रिसीनं
पं०	रिसिना, रिसिस्मा, रिसिम्हा	रिसीहि, रिसिहि, रिसीभि, रिसिहि
ष०	रिसिनो, रिसिस्स	रिसीनं
स०	रिसिस्मि, रिसिम्हि	रिसीसु, रिसिसु
सं०	रिसे !, रिसि !	रिसी, रिसयो

पालिभाषा में प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन में प्राकृत के 'णो' प्रत्यय की तरह 'नो' प्रत्यय भी लगता है—सारमतिनो, सम्मादिट्ठिनो, मिच्छादिट्ठिनो, वजिरबुद्धिनो, अधिपतिनो, जानिपतिनो, सेनापतिनो, गहपतिनो (देखिए, पा० प्र० पृ० ८४ से ९१)।

	एकव०	बहुव०
		रिसि + णो[3] = रिसिणो रिसि = रिसी
द्वि०	रिसि + म्[4] = रिसिं (ऋषिम्)	रिसि = रिसी (ऋषीन्) रिसि + णो = रिसिणो
तृ०	रिसि + णा = रिसिणा[5] (ऋषिणा)	रिसि + हि = रिसीहि,[6] रिसीहिं, रिसीहिँ (ऋषिभिः)
च०	रिसि + अये = रिसये (ऋषये) रिसि + स्स = रिसिस्स रिसि + णो[7] = रिसिणो	रिसि + ण = रिसीण, रिसीणं (ऋषिभ्यः)

पालिभाषा में पुंल्लिग 'सखि' शब्द के विशेष रूप होते हैं। उन रूपों में सखि को कहीं 'सख', कहीं 'सखि' तथा कहीं 'सखार' और कहीं पर 'सखान' ऐसे आदेश होते हैं। प्रथमा के एकवचन में 'सखा' तथा द्वितीया के एकवचन में 'सखारं' तथा 'सखानं' रूप होते हैं और प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन में 'सखायो' रूप भी होता है (देखिए, पा० प्र० पृ० ८६)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१९। इसके अतिरिक्त अन्य वैयाकरण ह्रस्व इकारान्त तथा उकारान्त के अनुस्वारयुक्त रूप भी प्रथमा के एकवचन में मानते हैं—रिसी, रिसिं; भाणू, भाणुं।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।२०।

३. हे० प्रा० व्या० ८।३।२२।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।५; ८।३।१२४।

५. हे० प्रा० व्या० ८।३।२४।

६. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६।

पं०	रिसि + त्तो = रिसित्तो (ऋषितः)	रिसि + त्तो = रिसित्तो (ऋषितः)
	रिसि + ओ[7] = रिसीओ (ऋषितः)	रिसिओ = रिसीओ (ऋषितः)
	रिसि + उ = रिसीउ (ऋषितः)	रिसि + उ = रिसीउ (ऋषितः)
	रिसि + णो = रिसिणो (ऋषितः)	रिसि + हिंतो=रिसीहिंतो (ऋषिभ्यः)
	रिसि + हिंतो=रिसीहिंतो	रिसि + सुंतो = रिसीसुंतो
ष०	रिसि + स्स = रिसिस्स (ऋषेः)	रिसि + ण = रिसीण,
	रिसि + णो = रिसिणो	रिसिणं (ऋषीणाम्)
स०	रिसि + ˙सि = रिंसिसि (ऋषौ)	रिसि + सु=रिसीसु,रिसीसुं (ऋषिषु)
	रिसि + म्मि = रिसिम्मि	
सं०	रिसि = रिसि !	रिसि + अउ = रिसउ ! (ऋषयः)
	रिसी = रिसी ! (ॠषे !)	रिसि + अओ = रिसओ ! (ऋषयः)
		रिसि + अयो = रिसयो ! (ऋषयः)
		रिसि + णो = रिसिणो !
		रिसि = रिसी !

---

७. हे० प्रा० व्या० ८।३।२३ तथा ८।३।१२४।

*भाणु (भानु = सूर्य)

	एकव०	बहुव०
प्र०	भाणु, भाणू (भानुः)	भाणु + अवो = भाणवो[1] (भानवः)
		भाणु + अवे = भाणवे[2] (,,)
		भाणु + अओ = भाणओ (,,)
		भाणु + अउ = भाणउ (,,)
		भाणु + णो = भाणुणो
		भाणु = भाणू

---

* भानु शब्द के पालिरूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	भानु	भानू, भानवो
द्वि०	भानुं	भानू, भानवो
तृ०	भानुना	भानूहि, भानूभि
च०	भानुनो, भानुस्स	भानूनं
पं०	भानुना, भानुस्मा, भानुम्हा	भानूहि, भानूभि
ष०	भानुनो, भानुस्स	भानूनं
स०	भानुस्मि, भानुम्हि	भानूसु
सं०	भानु	भानू, भानवो, भानवे

—देखिए, पा० प्र० पृ० ६१–६३, ६४।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२१ सूत्र के द्वारा उकारान्त पुंल्लिग रूप भी सिद्ध होते हैं।

२. 'अवे' प्रत्यय का उपयोग आर्ष प्राकृत में पर्याप्त उपलब्ध होता है।

द्वि० भाणु + म् = भाणुं (भानुम्) भाणु + णो = भाणुणो,
भाणु = भाणू (भानून्)

तृ० भाणु + णा=भाणुणा (भानुना) भाणु + हि = भाणूहि,
भाणूहिं, भाणूहिँ
(भानुभिः)

च० भाणु + अवे = भाणवे भाणु + ण = भाणूण,
भाणु + णो = भाणुणो भाणूणं (भानुभ्यः)
भाणु + स्स = भाणुस्स (भानवे)

पं० भाणु + त्तो = भाणुत्तो
भाणु + ओ = भाणूओ भाणूओ (भानुतः)
भाणु + उ = भाणूउ भाणूउ (,,)
(भानुतः, भानोः)
भाणु + णो = भाणुणो भाणु + हिंतो = भाणूहिंतो,
भाणु + हिंतो = भाणूहितो भाणूसुंतो (भानुभ्यः)

ष० भाणु + स्स = भाणुस्स भाणु + ण = भाणूण,
भाणु + णो = भाणुणो (भानोः) भाणूणं (भानूनाम्)

स० भाणु + ंसि = भाणुंसि भाणु + सु = भाणूसु,
भाणु + म्मि = भाणुम्मि भाणूसुं (भानुषु)
(भानौ)

सं० भाणु = भाणु ! (भानो !) भाणु + अवो = भाणवो ! (भानवः)
भाणु = भाणू ! भाणु + अओ = भाणओ (,,)
भाणु + अउ = भाणउ

भाणु + णो = भाणुणो

भाणु + भाणू

अकारान्त शब्द के रूप सिद्ध करने में जो प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं, अधिकतर उन्हीं प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त रूपसाधना में किया गया है। सर्वथा नये रूप बहुत थोड़े हैं।

१. प्रथमा और सम्बोधन के एकवचन तथा बहुवचन में और द्वितीया के बहुवचन में इकारान्त और उकारान्त के मूल अंग केवल दीर्घ होकर प्रयुक्त होते हैं।

यथा :—रिसि = रिसी; भाणु = भाणू।

२. स्वरादि प्रत्यय परे रहने पर प्रथमा, सम्बोधन और चतुर्थी के अंग के अन्त्य स्वर का याने अंग का अन्त्य 'इ' अथवा 'उ' का लोप हो जाता है।

जैसे :—रिसि + अओ = रिस् + अओ = रिसओ
भाणु + अवो = भाण् + अवो = भाणवो
रिसि + अये = रिस् + अये = रिसये
भाणु + अवे = भाण् + अवे = भाणवे।

३. नये रूपों में तृतीया एकवचन, 'णो' प्रत्ययवाले सभी रूप और चतुर्थी का एकवचन है। लेकिन वे सभी उपर्युक्त प्रयोग रूपसाधना से समझे जा सकते हैं।

संस्कृत में 'इन्' प्रत्ययान्त (दण्डिन्, मालिन्) शब्दों के प्रथमा-द्वितीया-बहुवचन में तथा पञ्चमी-षष्ठी के एकवचनमें 'दण्डिनः मालिनः;' इत्यदि रूप प्रसिद्ध हैं; इन्हीं रूपों का प्राकृत रूपान्तर 'दंडिणो; मालिणो' होता है। ये सब देखते हुए 'रिसिणो', 'भाणुणो' रूपों की घटना सहज में ही समझी

जा सकती है । 'इन्' प्रत्ययान्त शब्दों के सभी रूप लगभग इकारान्त शब्द की भाँति होते हैं ।

इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिङ्ग

इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिङ्ग अंग के तृतीया से सप्तमी पर्यन्त सभी रूप, इकारान्त-उकारान्त पुंलिङ्ग रूपसाधना की भाँति है और प्रथमा, द्वितीया तथा सम्बोधन की रूपसाधना अकारान्त नपुंसकलिङ्ग की भाँति है । यथा :—

वारि (वारि = जल)

प्र०-द्वि०	वारि + म् = वारिं (वारि)	वारि + णि = वारीणि वारि + इं = वारीइं वार + इँ = वारीइँ	वारीणि
सं०	वारि ! (वारि !)	,, ,,	,,

(सूत्रों के लिये देखिये पाठ सातवाँ का प्रारम्भ)

महु (मधु = शहद)

प्र०-द्वि०	महु + म् = महुं (मधु)	महु + णि = महूणि महु + इं = महूइं महु + इँ = महूइँ	(मधूनि)
सं०	महु ! (मधु !)	,, ,, ,,	(,,)

(सूत्रों के लिए देखिए पाठ सातवाँ का प्रारम्भ)

चतुर्थी के एकवचन में 'वारिणे', 'वारिस्स'; 'महुणे', 'महुस्स' रूप समझना चाहिए । लेकिन 'वारये', 'महवे' नहीं ।

इकारान्त और उकारान्त शब्द (पुंल्लिङ्ग)

मुणि (मुनि) = मुनि—मनन करने वाला, मौन धारण करनेवाला सन्त ।

सउणि (शकुनि) = शकुनि—पक्षी ।

पइ (पति) = पति—स्वामी, मालिक, रक्षक ।

घरवइ, गहवइ (गृहपति) = गृहपति—गृहस्थ, घरका स्वामी ।

रिसि, इसि (ऋषि) = ऋषि, महात्मा ।

दुक्खदंसि (दुःखदर्शिन्) = दुःख देखनेवाला, दुःखी पुरुष ।

भोगि, भोइ (भोगिन्) = भोगी, भोग भोगनेवाला, संसारी पुरुष ।

उदहि (उदधि) = समुद्र, उदक—जल धारण करनेवाला, समुद्र ।

साहु (साधु) = साधक, साधु पुरुष, सज्जन, साहुकार ।

जन्तु (जन्तु) = जन्तु, प्राणी ।

सिसु (शिशु) = शिशु; छोटा बच्चा, बालक ।

मच्चु, मिच्चु (मृत्यु) = मृत्यु ।

बिंदु (बिन्दु) = बिन्दु ।

भाणु (भानु) = भानु, सूर्य ।

वाउ, वायु (वायु) = वायु, पवन ।

विण्हु (विष्णु) = विष्णु ।

हत्थि (हस्तिन्) = हाथी ।

कुलवइ (कुलपति) = कुलपति—आचार्य ।

नरवइ (नरपति) = नरपति—नरों-पुरुषों का पति = राजा, राजा ।

भूवइ (भूपति) = भूपति—भू—पृथ्वी का पति, राजा ।

गणवइ (गणपति) = गणों का पति—गणपति, गणेश ।

अमुणि (अमुनि) = जो मुनि नहीं हो (बड़-बड़ करने वाला) ।

कोहदंसि (क्रोधदर्शिन्) = क्रोधदर्शी, क्रोधी ।

भूमिवइ (भूमिपति) = भूमि का पति—राजा ।

उवाहि (उपाधि) = उपाधि ।

सेट्ठि (श्रेष्ठिन्) = श्रेष्ठी, सेठ, साहुकार ।

गब्भदंसि (गर्भदर्शिन्) = गर्भ देखने वाला, जन्म लेने वाला ।

अभोगि, अभोइ (अभोगिन्) = अभोगी (योगी) ।
पक्खि (पक्षिन्) = पक्षी ।
सोमित्ति (सौमित्रि) = सुमित्रा का पुत्र, लक्ष्मण ।
भिक्खु (भिक्षु) = भिक्षु ।
चक्खु (चक्षुष्) = चक्षु, आँख ।
सयंभु (स्वयंभू) = स्वयंभू, ब्रह्मा, समुद्र का नाम ।
संसारहेउ (संसारहेतु) संसार बढ़ने का कारण ।
गुरु (गुरु) = गुरु, माता-पिता आदि गुरुजन ।
तरु (तरु) = तरु, वृक्ष ।
बाहु (बाहु) = बाहु, भुजा ।

इकारान्त और उकारान्त (नपुंसकलिङ्ग) शब्द

अक्खि, अच्छि (अक्षि) = आँख ।
अट्ठि (अस्थि) = हड्डी, अस्थि ।
धणु (धनुष्) = धनुष ।
जाणु (जानु) = घुटना ।
वारि (वारि) = वारि, जल, पानी ।
जउ (जतु) = जतु, लाख, लाह ।
वत्थु (वस्तु) = वस्तु, पदार्थ ।
दहि (दधि) = दही ।
महु (मधु) = मधु, शहद ।
खाणु (स्थाणु) = स्थाणु, अचल, ठूँठ (वृक्ष) ।

अकारान्त (पुँल्लिङ्ग) शब्द

वसह (वृषभ) = वृषभ, बैल ।
कोसिअ (कौशिक) = कौशिक गोत्र वाला इन्द्र, चण्डकोशिक सर्प ।

आहार (आहार) = आहार, भोजन ।
ण्हाविअ, नाविअ (स्नापयितृ) = नापित, नाई ।
मअ (मृग) = मृग, वन्यपशु, हिरण ।
मार (मार) = मार ।
कुमारवर (कुमारवर) = श्रेष्ठ कुमार ।
आहार (आधार) = आधार ।
गरुल (गरुड़) = गरुड़ ।
रण्णवास (अरण्यवास) = अरण्यवास, जंगल में रहना ।
सव्वसंग (सर्वसङ्ग) = सर्व प्रकार का सङ्ग—सम्बन्ध-आसक्ति ।
महासव (महास्रव) = पाप का बड़ा मार्ग ।
महप्पसाय (महाप्रसाद) = सुप्रसन्न, महाकृपालु ।
मास (मास) = मास, महीना ।
पक्ख (पक्ष) = पक्ष—शुक्ल पक्ष, कृष्णपक्ष ।
वेसाह (वैशाख) = वैशाख मास ।
उवासग (उपासक) = उपासक, उपासना करने वाला ।
कोववर (कोपपर) = कोप करने में तत्पर, क्रोधी ।
सोवाग (श्वपाक) = श्वपाक, चण्डाल ।

अकारान्त (नपुंसकलिङ्ग) शब्द

आभरण (आभरण) = आभरण, आभूषण, गहना ।
घर (गृह) = गृह, घर ।
पंजर (पञ्जर) = पञ्जर–हड्डियों का ढाँचा, पिंजरा ।
उदग, उदय (उदक) = उदक, पानी, जल ।
हुअ (हुत) = होम ।
रूव (रूप) = रूव, आकृति ।
कुल (कुल) = कुल ।

घय (घृत) = घी ।
तण (तृण) = तृण, घास ।
मित्तत्तण (मित्रत्व) = मित्रता, दोस्ती, भाई-बन्धुता ।

विशेषण

बुद्ध (बुद्ध) = बोध—ज्ञान पाया हुआ, ज्ञानी ।
हुत (हुत) = हवन किया हुआ ।
सेट्ठ (श्रेष्ठ[1]) = श्रेष्ठ, उत्तम ।
संभूअ (संभूत) = हुआ ।
चउत्थ, चतुत्थ (चतुर्थ) = चतुर्थ, चौथा ।
तिण्ण (तीर्ण) = तीर्ण, तिरा हुआ ।
सुत्त (सुप्त) = सुप्त, सोया हुआ ।
अप्पणिय (आत्मीय) = अपना ।
पासग (दर्शक) = द्रष्टा, समझदार, विचारक ।
परिसोसिय, परिसोसिअ (परिशोषित) = परिशोषित ।
विइज्ज (द्वितीय) = द्वितीय, दूसरा ।

अव्यय

ताव, ता (तावत्) = तब तक ।
एगया (एकदा) = एकदा, एकबार ।
सया (सदा) = सदा, हमेशा ।

---

१. उपयोग :—जिसमें श्रेष्ठ कहना हो वह शब्द षष्ठी और सप्तमी विभक्ति में आता है 'पाणीसु सेट्ठे माणवे' अथवा 'पाणीण सेट्ठे माणवे' याने प्राणियों में मनुष्य श्रेष्ठ है ।

जाव, जा (यावत्) = जब तक, जो।
एत्थ (अत्र) = यहाँ।
चिरं = (चिरम्) = चिरकाल तक।

धातुएँ

अव + मन्न् (अप + मन्)—अपमान करना।
अ + क्खा (आ + ख्या)—बोलना, कहना।
जाय् (याच्)—याचना करना, माँगना।
प + वय् (प्र + वद्)—कहना।
पूज, पूअ (पूज्)—पूजना, पूजा करना।
चय् (त्यज्)—त्यागना, छोड़ना।
डस् (दश्)—डसना, दंशना, डंक मारना।
रक्ख् (रक्ष)—रक्षा करना, सम्भालना।
वि + राअ, वि + राज् } (वि + राज्) = विराजमान होना, शोभायमान होना।
उ + ड्डी (उत् + डी)—उड़ना।
नि + मंत् (नि + मन्त्र)—निमन्त्रण देना, बुलाना।
जागर् (जागर्)—जागना।
ताल्, ताड् (ताड्)—ताड़न करना, मारना।
वि + चर् (वि + चर्)—विचरना, घूमना।

वाक्य (हिन्दी)

एकबार साधु ब्राह्मण के घर गये।
भिक्षु उपाधियों को छोड़ते हैं और स्वयंभू का ध्यान करते हैं।
अनार्य तप से परिशोषित मुनि का उपहास करते हैं।
ब्राह्मणों ने भिक्षुओं का अपमान किया।

हे मुनि ! तू संसार से तिरा हुआ है ।
कर्म से उपाधि होती है ।
सभी प्राणियों के प्रति मेरी मित्रता है किसी के साथ वैर नहीं है ।
अमुनि सदा सोते रहते हैं और मुनि हमेशा जागते रहते हैं ।
चंडकौशिक सर्प ने श्रमण महावीर को डसा ।
जो क्रोधदर्शी है वह गर्भदर्शी है और जो गर्भदर्शी है वह दुःखदर्शी है।
हे पण्डितो ! मैं सब प्रकार से लोभ का त्याग करता हूँ ।
महावीर ने चण्डकौशिक सर्प और देवेन्द्र दोनों में मित्रता रखी ।
वायु से वृक्ष काँपे और जल की बूँदें उड़ीं ।
क्या विचारक को उपाधि होती है ?
कौशिक देवेन्द्र ने श्रमण महावीर को पूजा ।
हाथी ने समुद्र का पानी पिया ।
लोभ संसार का हेतु है ।
कोई भी व्यक्ति कुलपति के बैल तथा मृग को नहीं मारता ।
बैल और मृग घास खाते हैं और मुनि घी पीते हैं ।
महावीर के उपासक सेठ ने वैशाख मास में तप किया ।
सभी आभूषण भाररूप हैं ।
कुलपति ने श्रमण महावीर को कहा—'कुमारवर ! यहाँ ऋषियों का मठ है ।'
सौमित्रि राम को प्रणाम करता है ।
मुनि आहार के लिए सभी कुलों में जाते है ।
महावीर ग्रीष्म के दूसरे महीने चौथे पक्ष में बुद्ध बने ।
सुप्रसन्न मुनि क्रोधदर्शी नहीं होते ।
यह भिक्षु सेठ के कुल का था ।
हे भिक्षु ! मेरे घर में दूध नहीं, घी नहीं लेकिन पानी है ।
इस गृहस्थ के दो बालक थे ।

उन्होंने हाथ से पिंजरा फेंक दिया।
किस को आँखें नहीं हैं ?
पक्षी पिंजरे में काँपा और हिला (सरका)।
सेठ ने राजा को और राजा ने गणपति को नमस्कार किया।
तुम पानी पीना चाहते हो ?
मुनियों का पति महावीर राजगृह में बिहार किया।

वाक्य (प्राकृत)

मुणिणो सया जागरंति, अमुणिणो सया सुत्ता संति।
'घयं पिबामि' त्ति साहुस्स णो भवइ[1]।
पक्खीसु वा उत्तमे गुरुले विराजइ।
मच्चू नरं णेइ हु अंतकाले।
गहवइ मुणिणो बुद्धं दिज्ज।
भूवइ, घरवइ य दोवि गुरुं वंदंति।
महरिसी ! तं पूजयामु।
न मुणी रण्णवासेण किंतु णाणेण मुणी होइ।
नमी भूमिवइ कयावि न चडालियं कासी।
भिक्खू धम्मं आइक्खेज्जा।
लोहेण जंतुणो दुक्खाणि जायंति।
सिसुणो किं किं न छिंदिरे ?
जहा सयंभू उदहीण सेट्ठे इसीण सेट्ठे तह वद्धमाणे।
एगे भिक्खुणो उदगेण मोक्खं पवयंति।
सउणी पंजरंसि उड्डेइ।
ते उवासगा भिक्खुं निमंतयंति।

---

१. 'भवइ' अर्थात् योग्य होता है।

बहवे गहवइणो भिक्खुं वंदंते ।
अन्ने मुणिणो हुएण मोक्खं उदाहरंति ।
भिक्खू सव्वसंगे महासवे परिजाणीअ ।
भोगिणो संसारे भमीअ, अभोगी चयइ रयं ।
हत्थीसु एरावणमाहु सेट्ठं ।
एगया पाडलिपुत्तस्स नरवइ ण्हाविओ होत्था ।
महप्पसाया इसिणो हवंति ।
न हु मुणी कोववरा हवंति ।
महासवं संसारहेउ वयंति बुद्धा ।
बुद्धो भयं मच्चुं च तरीअ ।
गणवइ हत्थिस्स सिसुं रक्खीअ ।

तेरहवाँ पाठ

भविष्यत्कालिक प्रत्यय*

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	स्सामि[1] (ष्यामि)	स्सामो[1] (ष्यामः)
	हामि[2]	हामो[2]
	हिमि[3]	हिमो[3]
	स्सं[4]	

---

*. पालि में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

परस्मैपद

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	स्सामि	स्साम
म०पु०	स्ससि	स्सथ
तृ०पु०	स्सति	स्संति
प्र०पु०	हामि	हाम
म०पु०	हिसि	हित्थ
तृ०पु०	हिति	हिन्ति
प्र०पु०	हिस्सामि	हिस्साम
म०पु०	हिस्ससि	हिस्सथ
तृ०पु०	हिस्सति	हिस्सन्ति

म०पु०	स्ससि (ष्यसि)	स्सह	(ष्यथ)
	स्ससे (ष्यसे)	स्सथ	
	हिसि	हित्था	
	हिसे	हिह	(ष्यध्वे)

आत्मनेपद

प्र०पु०	स्सं	स्साम्हे
म०पु०	स्ससे	स्सव्हे
तृ०पु०	स्सते	स्सन्ते

प्राकृत भाषा के भविष्यत्काल के 'हिति' वगैरह हकारादि प्रत्यय व्यापक हैं, परन्तु पालिभाषा में ये हकारादि प्रत्यय व्यापक नहीं हैं।

शौरसेनी तथा मागधी में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	स्सं, स्सिमि	स्सिमो, स्सिमु, स्सिम
म०पु०	स्सिसि, स्सिसे	स्सिह, स्सिध, स्सिइत्था
तृ०पु०	स्सिदि, स्सिदे	स्सिंति, स्सिंते, स्सिइरे

इन्हीं प्रत्ययों में 'स' के स्थान में 'श' करने से मागधी के प्रत्यय हो जाते हैं।

शौरसेनी रूप :—

प्र०पु०	भणिस्सं, भणिस्सिमि	भणिस्सिमो, भणिस्सिमु, भणिस्सिम
म०पु०	भणिस्सिसि, भणिस्सिसे	भणिस्सिह, भणिस्सिध, भणिस्सिइत्था
तृ०पु०	भणिस्सिदि, भणिस्सिदे	भणिस्सिंति, भणिस्सिंते, भणिस्सिइरे

	एकव०		बहुव०	
तृ०पु०	स्सइ स्सति	(ष्यति)	स्संति स्संते	(ष्यन्ति) (ष्यन्ते)
	स्सए स्सते	(ष्यते)		
	हिइ हिति हिए हिते		हिंति हिंते हिइरे	

मागधी रूप :—

प्र०पु० भणिश्शं, भणिश्शिमि,

म०पु० भणिश्शिशि, भणिश्शिशे

तृ०पु० भणिश्शिदि,भणिश्शिदे इत्यादि रूप मागधी भाषा के परिवर्तन-नियमानुसार होंगे।

पैशाची रूप बनाने के लिए तृतीय पुरुष के एकवचन में केवल 'एय्य' प्रत्यय लगाना चाहिए। जैसे, हुव्–एय्य=हुवेय्य (भविष्यति); बाकी रूप शौरसेनी की तरह या प्राकृत की तरह होंगे। (देखिये—हे० प्रा० व्या० ८।४।३२०।)

अपभ्रंश में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	सउं, स्सिउं, समि, स्सिमि	सहुं, स्सिहुं समो, स्सिमो समु, स्सिमु सम, स्सिम
म०पु०	सहि, स्सिहि ससि, स्सिसि ससे, स्सिसे	सहु, स्सिहु, सधु, सिधु सह, स्सिह सध, स्सिध सइत्था, स्सिइत्था

सर्वपुरुष-सर्ववचनः—ज्ज, ज्जा[5]

भविष्यत्काल के प्रत्यय लगाने से पूर्व धातु के अंग के अन्तिम 'अ' को 'ए' और 'इ' होते हैं[6]।

भण् + अ = भण + स्सामि = भणेस्सामि, भणिस्सामि इत्यादि ।

तृ०पु०	सदि, सदे	सहिं, संति
	स्सिदि, स्सिदे	संते, सइरे
	सइ, सए	स्सिहिं, स्सिति
	स्सिइ, स्सिए	स्सिते, स्सिइरे

अपभ्रंश में 'भण' धातु के रूप :—

	एकव०
प्र०पु०	भणिसउं, भणेसउं
	भणिस्सिउं, भणेस्सिउं
	भणिसमि, भणेसमि
	भणिस्सिमि, भणेस्सिमि
म०पु०	भणिसहि, भणेसहि
	भणिस्सिहि, भणेस्सिहि
	भणिससि, भणेससि, भणिस्सिसि, भणेस्सिसि
	भणिससे, भणेससे, भणिस्सिसे, भणेस्सिसे
तृ०पु०	भणिसदि, भणेसदि
	भणिसदे, भणेसदे
	भणिस्सिदि, भणेस्सिदि
	भणिस्सिदे, भणेस्सिदे
	भणिसइ, भणेसइ, भणिसए, भणेसए
	भणिस्सिइ, भणेस्सिए
	भणेस्सिइ, भणेस्सिए

भण (भण्) धातु (= कहना, पढ़ना)

भविष्यत्काल में रूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	भणिस्सामि, भणेस्सामि	भणिस्सामो, भणेस्सामो
	भणिहामि, भणेहामि	भणिस्सामु[1], भणेस्सामु
	भणिहिमि, भणेहिमि	भणिस्साम[1], भणेस्साम
	भणिस्सं, भणेस्सं	भणिहामो, भणेहामो
		भणिहामु[1], भणेहामु
		भणिहाम[1], भणेहाम
		भणिहिमो, भणेहिमो
		भणिहिमु[1], भणेहिमु
		भणिहिम[1], भणेहिम

इसी प्रकार सब पुरुषों में बहुवचन के भी रूप होंगे।

प्राचीन गुजराती के भणेश, करेश, (प्रथमपुरुष) वगैरह रूप इन रूपों के साथ तुलनीय हैं। १. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६७। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६६। ५. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७७। ६. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५७।

१. बारहवें पाठ में भविष्यत्काल–प्रथमपुरुष के बहुवचन में जो 'स्सामो', 'हामो' और 'हिमो' तीन प्रत्यय बताए हैं उनके अतिरिक्त 'स्सामु, स्साम, हामु, हाम , हिमु, हिम' आदि प्रत्यय भी उपलब्ध होते हैं। अतएव उन प्रत्ययों वाले रूप भी ऊपर बता दिये गये हैं।

म०पु०	भणिस्ससि, भणेस्ससि	भणिस्सह, भणेस्सह
	भणिस्ससे, भणेस्ससे	भणिस्सथ, भणेस्सथ
	भणिहिसि, भणेहिसि	भणिहित्था, भणेहित्था
	भणिहिसे, भणेहिसे	भणिहिह, भणेहिह
तृ०पु०	भणिस्सइ, भणेस्सइ	भणिस्संति, भणेस्संति
	भणिस्सति, भणेस्सति	भणिस्संते, भणेस्संते
	भणिस्सए, भणेस्सए	भणिहिंति, भणेहिंति
	भणिस्सते, भणेस्सते	भणिहिंते, भणेहिंते
	भणिहिइ, भणेहिइ	भणिहिइरे, भणेहिइरे
	भणिहिति, भणेहिति	
	भणिहिए, भणेहिए	
	भणिहिते, भणेहिते	

सर्वपुरुष सर्ववचन { भणिज्ज, भणिज्जा
भणेज्ज, भणेज्जा

इकारान्त और उकारान्त शब्द

अग्गि[1] (अग्नि) = अग्नि, आग, वह्नि ।
गणि (गणिन्)=गण–समूह की रक्षा–देख-भाल करनेवाला आचार्य।
गिहि (गृहिन्) = गृहस्थ ।
मणि (मणि) = मणि ।
सव्वण्णु (सर्वज्ञ) = सर्वज्ञ , सब कुछ जाननेवाला ।
किसाणु (कृशानु) = अग्नि ।
जण्हु (जह्नु) = सगर के पुत्र का नाम ।
भिक्खु (भिक्षु) = भिक्षु ।

---

१. अग्गि, अग्गिनि, गिनि । —दे० पा० प्र० पृ० ७ ।

उच्छु (इक्षु) = इक्षु–गन्ना, ईख, उख (भोजपुरी में)।
महेसि (महा + ऋषि) = महर्षि-व्यासादि महर्षि।
मेहावि (मेधाविन्) = मेधावी, बुद्धिमान्।
वणप्फइ, वणस्सइ (वनस्पति) = वनस्पति।
करेणु (करेणु) = हाथी।
कुंथु (कुन्थु) = 'कुंथुवा' इस नाम का कोई छोटा त्रीन्द्रिय जीव।
रायरिसि (राज + ऋषि = राजर्षि) = राजर्षि–जनक आदि।
जीवाउ (जीवातु) = जीवन की औषध।
कवि (कवि) = कवि, कविता रचनेवाला।
कवि (कपि) = कपि, बन्दर, वानर।
चाइ (त्यागिन्) = त्यागी।
नमि (नमि) = 'नमि' इस नाम का एक राजर्षि।
पाणि (पाणि) = पाणि, हाथ, हस्त।
पाणि (प्राणिन्) = प्राणी, जीव।
बंभयारि (ब्रह्मचारिन्) = ब्रह्मचारी।
कमंडलु (कमण्डलु) = कमण्डलु।
मंतु (मन्तु) = अपराध।
जंवु (जम्बु) = जामुन का वृक्ष।
विडवि (विटपिन्) = शाखा—डाल वाला पेड़, वृक्ष।
साणु (सानु) = शिखर।
बंधु (बन्धु) = बन्धु, भाई, सगा-सम्बन्धी।
पीलु (पीलु) = पीलु का वृक्ष।
ऊरु (ऊरु) = जंघा।
पावासु (प्रवासिन्) = प्रवासी।

विशेषण

कयण्णु (कृतज्ञ) = कृतज्ञ, कदरदान, कदर करनेवाला।

गुरु (गुरु) = गुरु–भारी, बड़ा ।
लहु (लघु) = लघु, हलका, छोटा ।
मिउ (मृदु) = मृदु, कोमल, नरम ।
दुहि (दुःखिन्) =
दुग्गंधि (दुर्गन्धिन्) = दुर्गन्धवाला, दुर्गन्धित, दुर्गंधि ।
चारु (चारु) = चारु, सुन्दर ।
सुहि (सुखिन्) = सुखी ।
साउ (स्वादु) = स्वादु, स्वादिष्ट ।
दिग्घाउ (दीर्घायुष्) = दीर्घायु, दीर्घ आयुष्य वाला ।
सुइ (शुचि) = शुचि, पवित्र ।
सुगन्धि (सुगन्धिन्) = सुगन्धित, सुन्दर गन्ध वाला ।
बहु (बहु) = बहुत ।
गामणि (ग्रामणी) = गाँव का मुखिया, ग्राम का अग्रणी–नेता ।

सामान्य शब्द (पुँल्लिंग)

जर (ज्वर) = ज्वर, बुखार, जर (भोजपुरी में) ।
अंब (आम्र) = आम ।
कोकिल, कोइल (कोकिल) = कोयल, कोइल (भोजपुरी में) ।
तिल (तिल) = तिल ।
वाणिज्जार (वाणिज्यकार) = वाणिज्यकार, व्यापारी, बनिजारा ।
कांवलिअ (काम्बलिक) = कम्बलों को बेचनेवाला या ओढ़नेवाला ।
मोचिअ (मौचिक) = मोची, जूता सीने-बनाने वाला ।
कुटुंबि (कुटुंबिन्) = कुटुम्बी ।
कोडुबिअ (कौटुम्बिक) = कुटुम्बी, राजा का काम-काज करनेवाला ।
साड (शाट) = साड़ी, धोती ।
शाडय (शाटक) = साड़ी, धोती ।

सोरहिअ (सौरभिक) = सुगन्धित वस्तुएँ—तैलादि बेचनेवाला ।
कस (कश) = चाबुक, कोड़ा ।
लोहार (लोहकार) = लोहार ।
सोवण्णिय (सौवर्णिक) = सुनार, सोनार ।
गंधिअ (गान्धिक) = गन्ध वाली वस्तुएँ बेचनेवाला, गंधी, गांधी ।
सुत्तहार (सूत्रहार) = तरखान, नाटक का मुख्य पात्र, बढ़ई ।
तेलिअ (तैलिक) = तेली, तेल बेचने वाला ।
मालिअ (मालिक) = माली, माला बेचने वाला ।
दोसिअ (दौष्यिक) = दोशी, दूष्य—रेशमी वस्त्र बेचनेवाला ।
उण्हाण (ऊष्णकाल) = ग्रीष्म काल ।
सीआल (शीतकाल) = शीतकाल, ठंढ का समय ।
तंबोलिअ (ताम्बूलिक) = तंबोली, ताम्बुल–पान बेचने वाला ।
दण्ड (दण्ड) = दण्ड; लाठी–लकड़ी या बाँस का डण्डा ।
जोइसिअ (ज्योतिषिक = ज्योतिषी (जोशी) ।
साडवि, सालवि (शाटविन्) = साड़ी बुननेवाला ।
मणिआर (मणिकार) = जौहरी, मणियार—काँच का सामान बेचनेवाला, मनिहार ।

सामान्य शब्द (नपुंसकलिङ्ग)

लोह (लोह) = लोहा ।
वाणिज्ज (वाणिज्य) = व्यापार ।
तेल (तैल) = तेल ।
तंबोल (तावूल) = ताम्बूल, नागर वेल का पत्ता, पान (खानेवाला पान) ।
मलीर (मलयचीर) = मलय देशका कोमल और बारीक वस्त्र ।
पगरक्ख (पदकरक्ष) = पगरखा, पैर की रक्षा करनेवाला जूता-चप्पल आदि ।

वत्थ (वस्त्र) = वस्त्र ।

पट्टोल (पट्टकूल) = पटोल, वस्त्र-विशेष, पटोर (भोजपुरी में)।

खित्त, खेत्त (क्षेत्र) = क्षेत्र, खेत ।

महिलानयर (मिथिला नगर) = मिथिला नगरी ।

घरचोल (गृहचोल) = घरचोला (घर में पहनने को गुजरात की धोती विशेष)।

पम्हपड (पक्ष्मपट) = पक्ष्म—बरौंनो के जैसा बारीक वस्त्र।

कंटयरक्ख (कण्टकरक्ष) = कण्टकों—कांटों से रक्षा करनेवाला–जूता।

कंवल (कम्बल) = कम्बल ।

चेल (चेल) = चेल, वस्त्र ।

बीअ (बीज) = बीज ।

जीवण (जीवन) = जीवन, जिन्दगी ।

पायत्ताण (पादत्राण) = पादत्राण, जूता ।

वित्त, वेत्त (वेत्र) = बेंत, नेत्तर की लाठी (बेंत)।

सुवण्ण (सुवर्ण) = सुवर्ण, सोना।

रयय (रजत) = रजत, चाँदी ।

रूप्प (रुक्म) = रूपा, चांदी ।

रूप्प (रौप्य) = रूपा का, चाँदी का।

लोमपड (लोमपट, रोमपट) = रोओं का वस्त्र, लोई ।

पम्ह (पक्ष्मन्) = आँख की बरौंनी, पलक की कोर के बाल ।

नेड्ड, णेड्ड (नीड) = नीड, निलय, घोंसला ।

सामान्य शब्द (विशेषण)

घट्ठ (घृष्ट) = घिसा हुआ, प्रमार्जित किया हुआ, कोमल और मुलायम किया हुआ ।

मट्ठ (मृष्ट) = मांजा हुआ, शुद्ध ।

अंतिअ (अन्तिक) = अन्तिक, नजदीक, पास ।
चंड (चण्ड) = प्रचण्ड, क्रोधी ।
लहुअ, हलुअ (लघुक) = लघु, हलका, छोटा ।
नाय (ज्ञात) = ज्ञात, प्रसिद्ध ।
अम्हारिस (अस्मादृश) = हमारे जैसा ।
सचेलय (सचेलक) = वस्त्र वाला, वस्त्रधारी ।
अचेलय, अएलय (अचेलक) = बिना वस्त्र का, नग्न, दिगम्बर ।

अव्यय

सव्वत्थ (सर्वत्र) = सर्वत्र, सब स्थानों में ।
मज्झे (मध्ये) = मध्य में, बीच में, में ।
जं (यत्) = जो ।
सक्खं (साक्षात्) = साक्षात्, प्रत्यक्ष ।
सययं (सततम्) = सतत, निरन्तर ।
अह (अथ) = प्रारम्भ सूचक अव्यय, शुरू ।
मणा, मणयं (मनाक्) = थोड़ा, इषत्, न्यूनता सूचक ।
सइ (सदा) = सदा, हमेशा ।
अभिक्खणं (अभिक्षणम्) = क्षण-क्षण, बारंबार ।
अहुणा (अधुना) = अब, अभी ।

धातुएँ

जुंज् (युञ्ज्) = जोड़ना, संयुक्त करना, सम्बन्धित करना ।
सोह् (शोध्) = सोधना, शुद्ध करना ।
सिव्व् (सीव्य) = सीना ।
हण् (हन्) = मारना ।
मन्न् (मन्) = मानना, स्वीकार करना ।

ओप्प् (अर्प) = पॉलिश करना, पानी चढ़ाना, चमक देना ।
पवस् (प्र + वस्) = प्रवास करना ।
उवचिट्ठ (उप + तिष्ठ) = उपस्थित रहना, सेवा में हाज़िर रहना ।
ताव (ताप्) = तपना, तप्त करना ।
विक्के (वि + क्री) = बेचना, विक्रय करना ।
अप्प, ओप्प् (अर्पय्) = अर्पण करना, देना ।
पील्, पीड् (पीड्) = पीड़ना, पीलना, पेरना ।
फल् (फल्) = फलना, फुलना ।
चिंत् (चिन्त्) = चिन्ता करना ।
वीसर् (वि + स्मर्) = विस्मरण करना, भूल जाना ।
संहर् (सं + स्मर्) = स्मरण करना, याद करना ।
खण् (खन्) = खोदना ।
पाव् (प्र + आप्) = प्राप्त करना, पाना ।
वक्खाण् (वि + आ + ख्यान) = व्याख्यान करना, विस्तार से कहना, प्रसिद्धि प्राप्त करना ।
अणुसास् (अनु + शास्) = शिक्षा देना, समझाना ।
संबुज्झ (सं + बुध्य) = समझना, बोध प्राप्त करना ।
वण् (वन) = बुनना ।
कूज्, कूअ (कूज्) = कुहू-कुहू करना, कूँजना ।

वाक्य (हिन्दी)

कुम्हार का कुल भी उत्तम होगा ।
व्यापारी गाँव-गाँव में प्रवास करेगा और वस्तुएँ बेचेगा ।
बढ़ई लकड़ियाँ छीलेगा और तत्पश्चात् गढ़ेगा ।
गृहस्थ ब्राह्मणों और साधुओं को अन्न देंगे ।
श्रमण महावीर कुम्हार और मोची को धर्म समझायेंगे ।

सुगन्धित वस्तुएँ बेचनेवाला सुगन्धित वस्तुओं की प्रशंसा करेगा।
मोची मेरे लिए जूता सीयेगा ।
कुशल तैराक अपने दोनों हाथों से तालाब को तैरेगा (पार करेगा)।
कम्बल बेचनेवाले के शरीर के ऊपर कम्बल ओर लोई शोभेगी।
ग्रीष्म के दिनों में आम के पेड़ पर कोयल कुहूकुहू करेगी ।
गुरु विद्यार्थियों को उनका पाठ समझायेंगे ।
तेली तिलों को पेरेंगे और तेल बेचेंगे।
सुनार सोना और चाँदी के आभूषण गढ़ेगा और उनको साफ करेगा।
लुहार लोहे को गढ़ेगा ।
नमि विद्यार्थियों और ऋषियों को मुद्ग (मूँगी) देगा ।
साड़ियाँ बेचनेवाला पटोलां, मलीर और घरचोला बेचेगा ।
धर्म मेरे दुःखी जीवन का औषध बनेगा ।
मैं चन्द्रमा को पर्वत के शिखर पर से देखूँगा ।
बन्दर आम के वृक्ष पर कूदेंगे।
ग्रीष्म में सूर्य का तेज प्रचण्ड होगा ।
तमोली पान बेचेगा और हम खायेंगे ।
आचार्य विद्यार्थियों के बीच शोभा पायेगा ।
यह आम का वृक्ष शीतकाल में फलेगा ।
तुम दोनों दयालु और कृतज्ञ होगे ।
ऋषि कमण्डलु से शोभते हैं।
जो अपने भोगों को त्याग देंगे, लोग उनको त्यागी कहेंगे ।
सुनार मेरे आभूषणों पर पालिश करेगा ।
कितनी ही वनस्पतियाँ ग्रीष्म में फलेंगी उनको तू खायेगा ।
किसान खेत को वारंबार खोदेगा (जोतेगा या कोड़ेगा) ।
अब मैं पान खाऊँगा, वह अपना पाठ समझेगा और तुम पानी पीओगे।

वाक्य (प्राकृत)

विज्जत्थी भिक्खू य सया गुरुं उवचिट्ठिस्सइ ।
गुरुणमंतिए सीसो उरुणा सह उरुं न जुंजिस्सइ ।
मिउं पि गुरुं सीसा चण्डं पकरंति ।
हत्थीसु एरावणं नायमाहु ।
मक्चू णरं णेइ हु अन्तकाले ।
रिसी रायरिसिं इमं वयणमब्बवी ।
सव्वे साहुणो, गुरुणो अनुसासणं कल्लाणं मन्निस्संति ।
'अहं अचेलए सचेलए वा' इइ भिक्खू न चिंतिस्सइ ।
सव्वे जणा अंबस्स तरुं वक्खाणिस्संति ।
मज्झे मज्झे तुं बोल्लिस्ससि ।
तुमे नचिस्सह, सो य गाइस्सति ।
वाणिज्जारा अम्हे गामे गामे वाणिज्जं करेहामो वत्थूइं च विक्केहिमु ।
अम्हे लोहारा लोहं ताविस्सामु तस्स च सत्थाणि घडेहिमो ।
माहणा पाणिणो पाणे न हणिस्संति ।
अह अम्हे समणं वा माहणं वा निमंतिस्सामो ।
सो सक्खं मूढो किमवि न संबुज्झिहिइ ।
तुमं वत्थं सिव्विस्ससि, अहं च पट्टोलं वणिस्सं ।
अहं सोवण्णिओ सुवण्णं सोहिहामि तस्स च आभरणाइं घडिहिमि ।
आसी भिक्खू जिइन्दियो ।
दण्डेहि, वित्तेहि, कसेहि चेव अणारिया तं रिसिं तालयंति ।
ताहे सो कुलवतो समणं महावीरं अणुसासति, भणति य कुमारवर !
सउणी ताव अप्पणियं नेड्डं रक्खति ।
रायरिसिम्मि, नमिम्मि निक्खंते मिहिलानयरे सव्वत्थ सोगो आसी ।

●

चौदहवाँ पाठ

भविष्यत्काल

स्वरान्त धातु के भविष्यत्काल के रूप साधने के लिए तृतीय पाठ में केवल स्वरान्त धातु के लिए जो विशेष साधनिका बताई है उसी का उपयोग करना चाहिए।

अंगों की समझ

विकरणविहीन	विकरणयुक्त
हो*	होअ
पा	पाअ
ने	नेअ

हो, पा, ने का रूप (उदाहरण)

प्र०पु०	होस्सं	होइस्स	होएस्सं
,, ,,	पास्सं	पाइस्सं	पाएस्सं
,, ,,	नेस्सं	नेइस्सं	नेएस्सं

कुछ अनियमित रूप

कर्

भविष्यत्काल में 'कर्' के बदले 'का' भी प्रयुक्त होता है और

* पालि भाषा में 'हू (भू) धातु के हू, हे, हो—ये तीन रूप होते हैं, प्राकृत में 'हे' नहीं होता (देखिए, पा० प्र० पृ० २०५)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१४।

उसके सभी रूप स्वरान्त धातु के समान होते हैं। प्रथम पुरुष के एकवचन में[1] उसका 'काहं' रूप भी होता है। जैसे—

तृ०पु० काहिइ, द्वि०पु० काहिसि, प्र०पु० काहिमि, 'काहं' इत्यादि (पालि—काहिति, काहति—देखिए पा० प्र० पृ० २०६।)।

दा

'दा' धातु के भविष्यत्काल सम्बन्धी सभी रूप स्वरान्त धातु की भाँति होते हैं। केवल प्रथमपुरुष के एकवचन में[2] 'दाहं' रूप अधिक बनता है। जैसे—

तृ०पु० दाहिइ, द्वि०पु० दाहिसि, प्र०पु० दाहिमि, 'दाहं' आदि।

सोच्छ[3] (श्रोष्य) = सुनना।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७०।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७०। पालि—दस्सति। ददिस्सति, दज्जिस्सति इत्यादि 'दा' के रूप—पा० प्र० पृ० २०४।

३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७२। पालि—

दिस (दश्)—	जा (ज्ञा)—
दक्खिति	जस्सति
दक्खिस्सति	जानिस्सति
दक्खति	जि—
पस्सिस्सति	जेस्सति
सक (शक्)—	जिनिस्सति
सक्खिस्सति	की (क्री)—
वच—	केस्सति
वक्खति	किणिस्सति

रोच्छ (रोत्स्य) = रोना।
मोच्छ (मोक्ष्य) = छोड़ना, मुक्त करना।

मुच—
मोक्खति
भुज—
भोक्खति
वस—
वच्छति
रुद—
रुच्छति
रोदिस्सति
लभ—
लच्छति
लभिस्सति
गम—
गच्छिस्सति
गमिस्सति
छिद—
छेच्छति
छिन्दिस्सति
रुध—
रुन्धिस्सति
जन—
जायिस्सति
जनिस्सति

सु (श्रु)—
सोस्सति
सुणिस्सति
गह (ग्रह)—
गहिस्सति
गहेस्सति
गण्हिस्सति
इत्यादि।
—देखिए पा० प्र० पृ० २०६–२०६।

भोच्छ (भोक्ष्य) = भोजन करना, भोगना ।

वोच्छ (वक्ष्य) = कहना, बोलना ।

वेच्छ (वेत्स्य) = जानना, अनुभव करना ।

भेच्छ (भेत्स्य) = भेदना, टुकड़ा करना ।

छेच्छ (छेत्स्य) = छेदना ।

दच्छ (द्रक्ष्य) = देखना ।

गच्छ (गंस्य) = जाना, प्राप्त करना ।

केवल उपर्युक्त दस धातुओं में 'हि' आदि (हिमि, हिसि, हिमो, हिम, हिइ आदि) प्रत्यय लगाने से पूर्व उनके आदि का 'हि' विकल्प से लुप्त हो जाता है । जैसे—

सोच्छ + हिमि = सोच्छिमि, सोच्छेमि, सोच्छिहिमि, सोच्छेहिमि आदि ।

इन दस धातुओं के प्रथम पुरुष एकवचन में अनुस्वार वाला एक रूप अधिक होता है । जैसे—

सोच्छं, वेच्छं, दच्छं ।

सोच्छिस्सं, वेच्छिस्सं, दच्छिस्सं आदि ।

शेष सबकी साधनिका 'भण' धातु के समान है ।

'सोच्छ' का रूप (उदाहरण)

केवल एकवचन में

प्र० पु०	सोच्छं	सोच्छिमि	सोच्छिस्सामि
	सोच्छिस्सं	सोच्छेमि	सोच्छेस्सामि
	सोच्छेस्सं	सोच्छिहिमि	सोच्छिहामि
		सोच्छेहिमि	सोच्छेहामि

म० पु०	सोच्छिसि	सोच्छेसि	सोच्छहिसि	सोच्छेहिसि
	सोच्छिसे	सोच्छेसे	सोच्छिहिसे	सोच्छेहिसे

तृ० पु०	सोच्छिइ	सोच्छेइ	सोच्छिहिइ	सोच्छेहिइ
	सोच्छिए	सोच्छेए	सोच्छिहिए	सोच्छेहिए इत्यादि।

आर्ष प्राकृत में उपलब्ध कुछ अन्य अनियमित रूप—

(मोक्ष्यामः)—मोक्खामो।
(भविष्यति)—भविस्सइ।
(करिष्यति)—करिस्सइ।
(चरिष्यति)—चरिस्सइ।
(भविष्यामि)—भविस्सामि।
(भू–भो + ष्यामि)—होक्खामि।

अमु (अदस् = यह) शब्द के रूप (पुल्लिंग)

	एकव०		बहुव०	
प्र०	अह[1], अमू[2], असो[3]	(असौ)	अमुणो, अमू	(अमी)
द्वि०	अमुं	(अमुम्)	अमुणो, अमू	अमून्
स०	अयम्मि[4], इअम्मि, अमुम्मि	(अमुष्मिन्)	अमूसु, अमूसुं	(अमीषु)

शेष सभी रूप 'भाणु' शब्द की भाँति चलेंगे।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।८७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।८८।
३. सं० 'असौ' रूप के अन्त्य 'औ' को 'ओ' करने से यह रूप बनता है।
४. हे० प्रा० व्या० ८।३।८९।

अमु (अदस् = यह) शब्द के रूप (नपुंसकलिङ्ग)

	एकव०	बहुव०	
प्र०	अह, अमु (अदः)	अमूणि, अमूइं, अमूइँ	(अमूनि)
द्वि०	,, ,, (,,)	,, ,, ,,	(,,)

शेष रूप 'अमु' शब्द की भाँति होंगे।

इकारान्त और उकारान्त शब्द (पुंल्लिङ्ग)

सारहि (सारथि) = सारथि, रथ चलानेवाला।
वरदंसि (वरदर्शिन्) = श्रेष्ठ रीति से देखनेवाला।
माराभिशंकि (माराभिशंकिन्) = मार–तृष्णा से शंकित–भयभीत रहनेवाला, दूर रहनेवाला।
वाहि (व्याधि) = व्याधि, रोग।
महासड्ढि (महाश्रद्धिन्) = महती श्रद्धा वाला, अचल श्रद्धावान्।
तवस्सि (तपस्विन्) = तपस्वी।
उवाहि (उपाधि) = उपाधि, प्रपञ्च, जञ्जाल।
जन्तु (जन्तु) = जन्तु, प्राणी, जीव-जन्तु।
जोगि (योगिन्) = योगी।
केसरि (केसरिन्) = केसरी, सिंह।
मंति (मन्त्रिन्) = मन्त्री।
चक्कवट्टि (चक्रवर्तिन्) = चक्रवर्ती, राजा।
पवासि (प्रवासिन्) = प्रवास करने वाला, प्रवासी, यात्री।
पहु (प्रभु) प्रभु, प्रभावशाली, समर्थ।
तंतु (तन्तु) = तन्तु, धागा।
महातवस्सि (महातपस्विन्) = महातपस्वी।
समत्तदंसि (सम्यक्त्वदर्शिन्) = सत्य को देखने, समझने और आचरण करनेवाला।

पसु (पशु) = पशु ।
विहु (विधु) = विधु, चन्द्र ।
वसु (वसु) = वसु, धन, पवित्र मनुष्य ।
संभु (शम्भु) = शंभु, सुखका स्थान, महादेव ।
संकु (शङ्कु) = शंकु—कीला, खीला ।

सामान्य शब्द (पुंल्लिङ्ग)

मग्ग (मार्ग) = मार्ग, रास्ता ।
मार (मार) = मारनेवालो–तृष्णा ।
दुस्सीस, दुस्सिस्स (दुश्शिष्य) = दुष्ट शिष्य, दुष्ट विद्यार्थी ।
ववहारिअ (व्यावहारिक) = व्यापारी ।
थेर (स्थविर) = स्थिर बुद्धि वाला, वयोवृद्ध सन्त ।
गग्ग (गार्ग्य) = गर्ग का पुत्र—गार्ग्य—एक ऋषि ।
वेवाहिअ (वैवाहिक) = लड़के अथवा लड़की के ससुरालवाले ।
ववहार (व्यवहार) = व्यवहार ।
कंसआर, कंसार (कांस्यकार) = कसेरा, ठठेरा, बर्तन बेचनेवाला ।
लेहसालिअ (लेखशालिक) = पाठशाला में पढ़नेवाला विद्यार्थी ।
सुमिण, सिमिण, सुविण, सिविण (स्वप्न) = स्वप्न ।
गणहर, गणधर (गणधर) = गणधर, गण–समूह की व्यवस्था करने वाला आचार्य ।
अणागम, अनागम (अन् + आगम) = न आना, अनागम ।
कण्ण (कर्ण) = कर्ण, कान ।
विराग (विराग) = वैराग्य, अनासक्ति, उदासीन वृत्ति ।
विप्परियास (विपर्यास) = विपर्यास, भ्रान्ति, विपरीतता ।
सढ (शठ) = शठ, धूर्त ।

सामान्य शब्द (नपुंसकलिङ्ग)

रूप (रूप) = रूप–वस्तु–पदार्थ ।
कम्म (कर्मन्) = कर्म—पाप-पुण्य की प्रवृत्ति ।
जाण (यान) = यान, वाहन, गाड़ी ।
मच्चुमुह (मृत्युमुख) = मृत्यु-मुख, मौत का मुँह ।
जुम्म, जुग्ग (युग्म) = युग्म, जोड़ा, जुगल ।
छणपअ, छणपय (क्षणपद) = हिंसा का स्थान ।
मरण (मरण) = मृत्यु, मौत ।
धम्मजाण (धर्मयान) = धर्मरूपी वाहन ।
महब्भय (महाभय) = महाभय ।
पुच्छ (पुच्छ) = पूँछ ।

विशेषण

तिम्म, तिग्ग (तिग्म) = तीक्ष्ण, तेज ।
पुण्ण (पुण्य) = पुण्य, पवित्र काम ।
पंत (प्रान्त) = अन्त का, शेष, बचा हुआ ।
विब्भल, विहल (विह्वल) = विह्वल, घबराया हुआ ।
जोइअ, जोइय (योजित) = जुड़ा हुआ, जोड़ा हुआ ।
डज्झमाण (दह्यमान) = जला हुआ ।
पुण्ण (पूर्ण) = पूर्ण, भरा हुआ, सम्पत्ति वाला ।
तुच्छ (तुच्छ) = तुच्छ, रंक, अधूरा ।
पन्नत्त (प्रज्ञप्त), प्रज्ञप्त, बताया हुआ, कहा हुआ ।
लक्ख, लूह (रुक्ष) = रूखा, बिना आसक्ति का ।
सीलभूअ (शीलभूत) = शीलभूत, सदाचाररूप, सदाचारी ।

अव्यय

इत्थं (इत्थम्)=इस प्रकार।
तु (तु)=तो।
इह (इह)=यहाँ।
दाणि, दाणिं, इयाणि, इयाणिं (इदानीम्) = अब, इस समय, आजकल।
ईसि, ईसिं (ईषत्) = ईषत्, थोड़ा, संकेतमात्र।
एअं (एतत्) = यह।
उप्पिं, अवरिं, उवरिं, उवरि (उपरि) = ऊपर।

धातुएँ

वि + हर् (वि + हृ) = विहार करना, घूमना, पर्यटन करना।
डस् (दंश्)=डसना, दंश मारना।
प्र + गब्भ (प्र + गल्भ)=प्रगल्भ होना, शेखी मारना, बढ़-बढ़ कर बात करना।
अमराय, अमरा (अमराय) = अमर—देव की भाँति रहना, अपने को अमर समझना।
अइ + वाअ (अति + पात)=अतिपात करना, नाश करना।
वि + सीअ (वि + षीद) = विषाद पाना, खेद करना, खिन्न होना।
कत्थ (कत्थ) = कहना।
फुट्ट (स्फुट) = स्फुट होना, खिलना।
वि + चिन्त् (वि + चिन्त)=चिन्तन करना, सोचना।
विंध् (विध्य) = बींधना, छेदना, भेदन करना।
उ + क्कुद्द (उत् + कूर्द) = ऊँचा कूदना।
भज्ज् , भंज् (भञ्ज) = भाँगना, तोड़ना, फोड़ना।

अव + सीअ (अव + सीद) = अवसाद पाना, खेद पाना ।
लिप्प् (लिप्य) = लेप करना ।
सं + जम् (सं + यम) = संयम करना ।
पडि + कूल (प्रति + कूल) = प्रतिकूल, विपरीत होना ।
सर् (स्मर्) = स्मरण करना ।
प + मुच्च (प्र + मुच्य) = प्रमुक्त होना, बिलकुल छूट जाना ।
सेव् (सेव्) = सेवन करना ।
विज्ज् (विज्ज्) = विद्यमान रहना, उपस्थित होना ।
हिंस् (हिंस्) = हिंसा करना, जीव मारना ।
उव + इ (उप + इ) = पास जाना, प्राप्त करना ।

वाक्य (हिन्दी)

पण्डितजन हर्षित नहीं होंगे और कोप भी नहीं करेंगे ।
हम दोनों आचार्य से इस प्रकार बारम्बार कहेंगे ।
यह विद्यार्थी बड़ाई नहीं करेगा अपितु संयम रखेगा ।
मैं यह सत्य कह दूँगा ।
गाड़ीवान बैलों को सम्भालेगा और गाड़ी में जोतेगा ।
तपस्वी योगी व्याधियों से नहीं डरेगा ।
गार्ग्य मुनि गणधर बनेगा ।
वन का सिंह जंगली हाथी के मस्तक को छेदेगा ।
आचार्य पुर्ण और तुच्छ दोनों को धर्म कहेगा ।
'सभी को जीवन प्रिय है' ऐसा कौन अनुभव नहीं करेगा ?
दुष्ट शिष्य नहीं पढ़ेंगे अपितु निरंतर अपनी बड़ाई करेंगे और कूदेंगे ।

वाक्य (प्राकृत)

समणे महावीरे जहा पुण्णस्स कत्थिहिइ तहा तुच्छस्स कत्थिहिइ ।
धम्मं वेच्छं ।

उपस्थिताः
मान्याः निदेशक महोदयाः, सम्मान्याः गुरवः, सरस्वती समुपासकाः

अस्माकं मित्रवृन्दाः, भ्रातरो भगिन्यश्च।

~~महद् हर्षस्य~~ अयं विषयः परमसौभाग्यं अस्माकं यत्

वयं सर्वे अत्र त्रिसप्ताहीये अल्पकालीन, प्रारम्भिक प्राकृताध्ययन पाठ्यक्रमे

~~प्राकृत~~ भागं गृहीतवन्तः। सुगमत्या प्रवेशं प्राप्तवन्तः।

भागं-चाङ्गी कृतवः। वस्तुतः संस्था संस्थापकाश्च निदेशकाः

आचार्याः ~~...~~ सञ्चालकाः धन्यवादभाजनाः ये

अस्माकं एतत् महत्कल्याणकरं प्राकृताध्ययन पाठ्यक्रमं सञ्चा-

लितवन्तः।

~~सर्वं प्रारब्ध समग्रप्राकृत जैन~~ वयं अत्र त्रिसप्ताहं

प्राकृतभाषायाः पठितुं यततु आविल्या प्राकृतभाषायाः प्रारम्भिकं ज्ञानं

अलभाम। वस्तुतः वयं विचारयामः यत् कश्यापि

अल्पीयसि काले कथं प्राकृत भाषायाः सम्यक् ज्ञानं लप्स्यामः। परं

आचार्यश्री-चरणानां सदनुकम्पया ~~...~~ सुगमं सुमधुर

सरसशैल्या ~~अध्यापनेन~~ सदव्यवहारेण च अस्मान् उपकृतवन्तः

कृतः। येन वयं प्राकृतभाषाध्ययनं ज्ञानं प्रवेशोऽभवत्

वर्तमान काल

ति ते	न्ति, न्ते, इरे	
इ ए		
सि से	ह, इत्था	
मि ए	मो, मु, म	

वर्तमान काल

ज्ज
ज्जा } सर्वत्र

तत्रापि पुनः विशिष्ट कर्तृवाचकेः सर्वकालिकपि - ....

भूतकाल

सी, ही, हीअ, (सीत्) — स्वरान्त धातुओं में } सर्वत्र
ईअ (ईत्) — व्यञ्जनान्त " "

(एकवचन)
(1) इत्थ, इत्था, त्था

बहुवचन
इत्थ, इंसु, अंसु — आर्षप्राकृत में विशेष

भविष्यत् काल

(3) स्सामि, हामि, हिमि, स्सं — स्सामो, हामो, हिमो
(2) स्ससि, स्ससे, हीसि, हिसे — स्सह, स्साथ, हित्था, हिह
(1) स्सइ, स्सति, स्सए, स्सते — स्संति, स्संते
हिइ, हिति, हिए, हिते — हिंति, हिंते, हिइरे

स्सं, इस्सं, एस्सं (ज्जा, ज्जा) — सर्वत्र
 — "

उ, तु (न्तु) लोट्

सु, हि, इज्जसु, इज्जहि, इज्जे, (ह) — ज्जए, ए, एय, ज्ज, ज्जा, — ज्ज ज्जा
स्व, हि,
ज्जासि, ज्जासि — ज्जाइ
मु (मो) — ज्जामि — ज्जामि

(ज्जई - सर्वत्र)

सुवं भोच्छं ।
एगे डसइ पुच्छम्मि, एगे विंधइ अभिक्खणं ।
दुक्खं महब्भयं ति वोच्छं ।
जिणस्स वयणाइं कण्णेहिं सोच्छं ।
दाणं दाहं, पुण्णं काहं ततो य दुक्खं छेच्छं ।
रूवेसु विरागं गच्छं ।
धम्मेण मरणाओ मोच्छं ।
जेहिं अहं विसीएस्सामि तेहिं कयावि सुविणे वि न रोच्छं ।
सीलभूओ मुणी जगे विहरिस्सइ ।
अह सो सारही विचिंतेहिइ ।
वीरो भडो जुद्धं काहिइ ।
रायगिहं गच्छं, महावीरं वंदिस्सं ।
गुरुणो सच्चमाहसु ।
अकम्मस्स ववहारो न विज्जइ ।
तुमं किं किं पावं, पुण्णं च कासी ।
सढे उक्कुद्दिहिए पगब्भिस्सति य ।
तस्स मुहं दच्छं तेण य सुहं पाविस्सं ।
वीरे छणपएण ईसिमवि न लिप्पिहिइ ।
जं वोच्छं तं सोच्छिसे ।
नाऽणागमो मच्चुमुहस्स अत्थि ।
तवेण पावाइं भेच्छं ।
महासीड्ढ अमरायइ ।

पन्द्रहवाँ पाठ

ऋकारान्त शब्द

ऋकारान्त शब्दों (नामों) के दो प्रकार हैं। उनमें कुछ ऋकारान्त शब्द सम्वम्धसूचक विशेष्यरूप हैं तथा कुछ केवल विशेषणरूप हैं। सम्बन्धसूचक विशेष्यरूप—जामातृ, पितृ, भ्रातृ आदि। केवल विशेषण-रूप—कर्तृ, दातृ, भर्तृ आदि।

ऋकारान्त (सम्बन्धसूचक-विशेष्यरूप) शब्द

१. प्रथमा और द्वितीया के एकवचन को छोड़कर सब विभक्तियों में सम्बन्धसूचक विशेष्यरूप ऋकारान्त शब्द के अन्त्य 'ऋ' को विकल्प से 'उ' होता है (देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।४४।)। जैसे—पितृ = पितु, पिउ। जामातृ = जामातु, जामाउ। भ्रातृ = भातु, भाउ।

२. सम्बन्धसूचक विशेष्यरूप ऋकारान्त शब्द के अन्त्य 'ऋ' को सब विभक्तियों में 'अर' होता है (देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।४७)। जैसे—पितृ = पितर, पियर। जामातृ = जामातर, जामायर। भ्रातृ = भातर, भायर।

३. केवल प्रथमा के एकवचन में उक्त शब्द के अन्त्य 'ऋ' को 'आ' विकल्प से होता है (देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।४८)। जैसे—पितृ = पिता, पिया। जामातृ = जामाता, जामाया। भ्रातृ=भाता, भाया।

४. केवल सम्बोधन के एकवचन में इन शब्दों (नामों) के अन्त्य 'ऋ' को 'अ' और 'अरं' दोनों विकल्प से होते हैं। जैसे—पितृ = पित ! पितरं ! पितरो ! पितरा ! पिय ! पियरं ! पियरो ! पियरा !

जामातृ = जामात ! जामातरं ! जामातरो ! जामातरा !
जामाय ! जामायरं ! जामायरो ! जामायरा !

मातृ = मात ! मातरं ! मातरो ! मातरा !
माय ! मायरं ! मायरो ! मायरा ।

ऋकारान्त विशेषण-सूचक

१. सम्बन्धसूचक विशेष्यरूप ऋकारान्त शब्दों में पहला और तीसरा नियम लगता है, विशेषणरूप ऋकारान्त शब्द में भी वही लगता है। जैसे—दातृ = दातु, दाउ, कर्तृ = कत्तु, भर्तृ = भत्तु इत्यादि प्रथम नियम के अनुसार।

दाता, दाया; कत्ता, भत्ता दूसरे नियम के अनुसार;

२. विशेषणरूप ऋकारान्त शब्द के अन्त्य 'ऋ' को सभी विभक्तियों में 'आर' होता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।४५)। जैसे—दातृ = दातार, दायार, कर्तृ = कत्तार, भर्तृ = भत्तार।

३. केवल सम्बोधन के एकवचन में विशेषणरूप ऋकारान्त शब्दों के 'ऋ' को 'अ' विकल्प से होता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।३९)। जैसे—
दातृ = दाय ! दायार ! दायारो ! दायारा !
कर्तृ = कत्त ! कत्तार ! कत्तारो ! कत्तारा !
भर्तृ = भत्त ! भत्तार ! भत्तारो ! भत्तारा !

उक्त दोनों प्रकार के ऋकारान्त शब्द उपर्युक्त साधनिका के अनुसार प्रथमा से सप्तमी पर्यन्त सभी विभक्तियों में अकारान्त और उकारान्त बनते हैं। अतः इसके अकारान्त अंग के रूप 'वीर' शब्द की भाँति और उकारान्त अंग के रूप 'भाणु' शब्द की भाँति होंगे।

पिउ, पितु[1], पिअर, पितर (पितृ = पिता) शब्द के रूप*

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	पिअरो, पिआ (पिता) पितरो	पिअरा, पितरा (पितरः) पितुणो, पिउणो, पिअवो, पिअओ पिअउ, पिऊ, पितू

१. 'पितु' के रूप 'पिउ' के समान होंगे तथा 'पितर' के रूप 'पिअर' के समान चलेंगे।

*पितु शब्द के पालि भाषा में रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	पिता	पितरो
द्वि०	पितरं	पितरो, पितरे
तृ०	पितरा, पितुना (पित्या, पेत्या)	पितरेहि, पितरेभि पितूहि, पितूभि
च०	पितु, पितुनो, पितुस्स	पितरानं, पितानं पितूनं, पितुन्नं
पं०	पितरा, पितुना	पितरेहि, पितरेभि पितूहि, पितूभि
ष०	पितु, पितुनो, पितुस्स	पितरानं, पितानं पितूनं, पितुन्नं
स०	पितरि	पितरेसु, पितूसु, पितुसु
सं०	पित! पिता!	पितरो!

—देखिए पा० प्र० पृ० ९४

द्वि०	पिअरं, पितरं (पितरं)	पिअरे, पिअरा, पिउणो, पिउ (पितॄन्)
तृ०	पिअरेण, पिअरेणं, पितरेण, पितरेणं पिउणा, पितुना (पित्रा)	पिअरेहि, पिअरेहिं, पिअरेहिँ पिऊहि, पिऊहिं, पिऊहिँ (पितृभिः)
च०	पिअरस्स, पिउणो, पिउस्स (पित्रे)	पिअराण, पिअराणं पिऊण, पिऊणं (पितृभ्यः)
पं०	पिअराओ, पिअराउ पिअरा, पिउणो पिऊओ, पिऊउ (पितृतः पितुः)	पियराओ, पिअराउ पिअराहि, पिअरेहि पिअराहिंतो, पिअरेहिंतो पिअरासुंतो, पिअरेसुंतो पिऊओ, पिऊउ पिऊहिंतो पिअसुंतो (पितृभ्यः, पितृतः)
ष०	पिअरस्स, पिउणो, पिउस्स, (पितुः)	पिअराण, पिअराणं पिऊण, पिऊणं (पितॄणाम्)
स०	पिअरंसि, पिअरम्मि, पिअरे, पिउंसि, पिउंम्मि (पितरि)	पिअरेसु, पिअरेसुं पिऊसु, पिऊसुं (पितृषु)
सं०	पिअरं ! पिअ ! (पितः) पिअरो ! पिअरा ! पिअर !	पिउणो ! पिअवो ! पिअओ ! पिअउ, पिऊ

[1]दाउ, दायार* (दातृ = दाता) शब्द के रूप (पुल्लिंग)

प्र०	दायारो, दातारो, दाया (दाता)	दायारा, दाउणो, दायवो, दायओ, दाऊ (दातारः)
द्वि०	दायारं दातारं (दातारम्)	दायारे, दायारा, दाउणो, दाऊ, (दातॄन्)
तृ०	दायारेण, दायारेणं, दातारेण, दाउणा दातुणा (दात्रा)	दायारेहि, दायारेहिं, दायारेहिँ दाऊहि, दाऊहिं, दाऊहिँ (दातृभिः)
च०	दायारस्स दाउणो, दाउस्स (दात्रे)	दायाराण, दायाराणं दाऊण, दाऊणं (दातृभ्यः)

---

[1]दातु शब्द के पालि रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	दाता	दातारो
द्वि०	दातारं	दातारो, दातारे
तृ०	दातारा, दातुना	दातारेहि, दातारेभि
च०	दातु, दातुनो, दातुस्स	दातारानं, दातानं, दातूनं
पं०	दातारा	दातारेहि, दातारेभि
ष०	दातु, दातुनो, दातुस्स	दातारानं, दातानं, दातूनं
स०	दातरि	दातारेसु, दातूसु
सं०	दात, दाता !	दातारो !

—देखिए पा० प्र० पृ० ९६

★ प्राकृत में 'दातार' शब्द के भी रूप 'दायार' के समान होते है तथा 'दातु' शब्द के भी रूप 'दाउ' के समान होते हैं।

पं०	दायराओ, दायाराउ दायरा दाऊणो, दाऊओ, दाऊउ (दातृतः दातुः)	दायाराओ, दायाराउ दायाराहि, दायारेहि दायाराहिंतो, दायारेहिंतो दायारासुंतो, दयारेसुंतो दाऊणो, दाऊउ (दातृतः) दाउहिंतो, दाऊसुंतो (दातृभ्यः)
ष०	दायारस्स, दाउणो दाउस्स (दातुः)	दायाराण, दायाराणं दाऊण, दाऊणं (दातॄणाम्)
स०	दायारंसि, दायारम्मि दायारे (दातरि) दाउंसि, दाउम्मि	दायारेसु, दायारेसुं दाऊसु, दाऊसुं (दातृषु)
सं०	दायार ! दाय ! (दातः) दायारो ! दायारा !	दायारा ! (दातारः) दाउणो, दायवो, दायओ दायउ, दाऊ

(पिआ, पिअरं आदि रूपों में 'आ' तथा 'अ' के स्थान में 'या' और 'य' भी उपलब्ध होता है । जैसे—पिआ, पिया, पिअरं, पियरं, पिअरे, पियरे इत्यादि ।)

सम्बन्धवाचक ऋकारान्त (पुंलिङ्ग) अंग

भाउ, भायर (भ्रातृ) = भाई — पिउ, पियर (पितृ) = पिता

जामाउ, जामायर (जामातृ) = जामाता

विशेषणवाचक ऋकारान्त (पुलिङ्ग) अंग

दाउ, दायार (दातृ) = दाता, दातारं — भत्तु, भत्तार (भर्तृ) = भर्ता–भरण-पोषण करनेवाला, भर्तार

कत्तु, कत्तार (कर्तृ) = कर्ता, करनेवाला ।

ऋकारान्त (नपुंसकलिङ्ग) अंग

ऋकारान्त के 'कत्तार' इत्यादि आकारान्त अंग के रूप प्रथमा और द्वितीया विभक्तियों में 'कमल' की भाँति तथा 'कत्तु' आदि उकारान्त अंग के रूप केवल प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'महु' की भाँति होते हैं, शेष सम्बोधनसहित सभी रूप पुंल्लिङ्ग रूपों के समान समझें। जैसे—

अकारान्त अंग-दायार के रूप

प्र०	दायारं	दायाराणि, दायाराइं, दायाराइँ
द्वि०	दायारं	दायाराणि ,, ,,
सं०	दाय! दायार!	,, ,, ,,

शेष सभी पुंलिङ्ग रूपों की भाँति होंगे।

उकारान्त अंग एकवचन में प्रयुक्त भहीं होता।

(देखिए पाठ १५ वाँ, नि० १)

प्र०-द्वि०, सं० } दाऊणि, दाऊइं, दाऊइँ, दातूणि, दातूइं, दातूइँ (दातॄणि)

अकारान्त अंग—सुपिअर (=सुपितृ) शब्द के रूप

प्र०	सुपिअरं, सुपितरं	सुपिअराणि, सुपिअराइं, सुपिअराइँ सुपितराणि, सुपितराइं, सुपितराइँ
द्वि०	सुपिअरं, सुपितरं	,, ,, ,,
सं०	सुपिअरं! सुपिअर! सुपिअ!	,, ,, ,,

उकारान्त अंग–सुपिउ (=सुपितृ) के रूप

प्र०-द्वि०, सं० } सुपिऊणि, सुपिऊइं, सुपिऊइँ, सुपितूणि (सुपितॄणि)

सामान्य शब्द (पुलिङ्ग)

कुक्खि, कुच्छि (कुत्ति) = कुक्षि, कोख ।
वाणिअ (वाणिज) = वैश्य, बनिया ।
धणि (धनिन्) = धनपति, धनी ।
वहिणीवइ (भगिनिपति) = भगिनिपति, बहन का पति, जीजा, बहनोई ।
आस (अश्व) = अश्व, घोड़ा ।
पोट्ठिय (पृष्ठिक) = पीठ ऊपर वहन करनेवाला महादेव का नन्दी ।
कवड्डु (कपर्द) = कौड़ी ।
गड्डह, गद्दह (गदंभ) = गर्दभ, गधा ।
उट्ट (उष्ट्र) = ऊँट ।
वच्छ (वत्स) = वत्स, गाय का बछड़ा, बेटा ।
वच्छयर (वत्सतर) = घोड़े का बच्चा, बछेड़ा ।
अंध, अंधल (अन्ध) = अन्धा ।
देवर (देवर) = देवर ।
जेट्ठ (ज्येष्ठ) = ज्येष्ठ ।
रुक्ख (वृक्ष) = वृक्ष, रूख ।
अग्गि (अग्नि) = अग्नि ।
रस्सि (रश्मि) = लगाम, रश्मि, सूर्य की किरण ।
झुणि (ध्वनि) = ध्वनि, आवाज़ ।
अच्चि (अर्चिस्) = अग्नि की ज्वाला ।
मरहट्ठ (महाराष्ट्र) = महाराष्ट्र, दक्षिण भारत का एक देश, मराठा ।
मरहट्ठीअ (महाराष्ट्रीय) = महाराष्ट्र का निवासी ।
मूअ (मूक) = गूँगा ।
घोडअ (घोडक) = घोड़ा ।

तुरंगम (तुरंगम)=घोड़ा ।
अक्क (अर्क) = सूर्य, आक का झाड़, अकवन ।
नग्ग (नग्न) = नग्न, नंगा, बदमाश, निर्लज्ज ।
सुरट्ठ (सुराष्ट्र) = सोरठ देश ।
सुरट्ठीअ, सोरट्ठीअ (सुराष्ट्रीय) = सोरठ देश का निवासी ।

सामान्य शब्द (नपुंसकलिङ्ग)

अंसु (अश्रु) = आँसू ।
लोहिअ (लोहित) = लाल, रक्त ।
सत्थिल्ल, सत्थि (सक्थि) = जंघा ।
तालु (तालु) = तालु ।
दारु (दारु) = लकड़ी ।
दुवार, बार (द्वार) = द्वार, दरवाजा ।
णडाल (ललाट) ललाट, मस्तक ।
भाल (मस्तक) = भाल, ललाट, मस्तक ।
वरिस (वर्ष) = वर्ष ।
दिण (दिन) = दिन ।
जोव्वण (यौवन) = यौवन ।
दीवेल्ल, दीवतेल्ल (दीपतेल) = दीपक जलाने का तेल ।
कोहल (कूष्माण्ड) = पेठा ।
दहण (दहन) = अग्नि ।
धन्न (धान्य) = धान्य ।
तेल्ल (तैल) = तेल ।
तंब = (ताम्र) = ताम्बा, एक धातु ।
कंजिय (काञ्जिक) = कांजी ।

संख्यासूचक विशेषण

पढम (प्रथम) = प्रथम, पहला ।

बिइय, बिइज्ज, दुइय, दुइज्ज (द्वितीय) = द्वितीय, दूसरा ।

तइय, तइज्ज (तृतीय) = तृतीय, तीसरा ।

चउत्थ (चतुर्थ) = चतुर्थ, चौथा ।

पञ्चम (पञ्चम) = पाँचवाँ ।

छट्ठ (षष्ठ) = छठा ।

सत्तम (सप्तम) = सातवाँ ।

अट्ठम (अष्टम) = आठवाँ ।

नवम (नवम) = नवाँ ।

दसम (दशम) = दसवाँ ।

सवाय (सपाद) = सवाया, सवा ।

दियड्ढ, दिवड्ढ (द्वितीयार्ध) = डेढ़, एक और आधा ।

अड्ढीय, अड्ढाइअ, अड्ढाइज्ज (अर्धतृतीय) = ढाई, दो और आधा।

अद्धुट्ठ (अर्धचतुर्थ) = ऊंठ, ऊँठा—साढ़े तीन, तीन और आधा ।

पाय (पाद) = पाव–चौथा भाग, चौथाई, चतुर्थांश ।

अद्ध, अड्ढ (अर्ध) = अर्ध, आधा ।

पाऊण (पादोन) = पौन, $\frac{3}{4}$ पौन भाग ।

अव्यय

अहव[1], अहवा (अथवा) = अथवा ।

अवस्सं (अवश्यम्) = अवश्य, जरूर ।

---

१. उपयोग—'एत्थ तुमं अहवा सो आगच्छउ' अर्थात् यहाँ तू अथवा वह आवे ।

अत्थं (अस्तम्) = अस्त होना, छिपना, लोप होना ।
एगया (एकदा) = एकदा, एक बार ।
कहि, कहिं (कुत्र) = कहाँ ।
आम (आम) = आम, 'हाँ' सूचक अव्यय ।
अंतो (अंतर) = अभ्यन्तर, अन्दर ।
इओ (इतः) = इससे, यहाँ से वाक्य, का आरम्भ ।
केवलं (केवलम्) = केवल, सिर्फ ।
तहि, तहिं (तत्र) = वहाँ ।

धातुएँ

अच्चे (अति + इ) = अतीत, व्यतीत होना, पार पाना ।
पडि + वज्ज् (प्रति + पद्य) = पाना, स्वीकार करना ।
कोव (कोप्) = क्रोध करना, कराना ।
आ + गम् (आ + गम्) = आना ।
अहि + ठु (अधि + स्था) = अधिष्ठान पाना, ऊपरी स्थान प्राप्त करना।
एस् (एष) = एषणा करना, शोधना ।
परि + व्वय् (परि + व्वय्) = परिव्रज्या लेना, बन्धनरहित होकर चारो ओर पर्यटन करना ।
सं + प + आउण् (सम् + प्र + आप् + नु) = सम्यक् प्रकार से पाना।
आ + यय् (आ + दय) = आदान करना, ग्रहण करना ।
परि + देव् (परि + दिव) = खेद करना ।
वि + हड् } वि + घड् } (वि + घट) = बिगड़ना, छिन्न-भिन्न होना, नाश होना।
प + क्खाल (प्र + क्षाल) = प्रक्षालन करना, धोना ।
सम् + आ = समा + रंभ (सम् + आ + रम्भ) = समारम्भ करना, मारना ।
णि + व्विज्ज् (निर् + वेद्) = निर्वेद पाना, विरक्त होना ।

वाक्य (हिन्दी)

उनका गधा रंगा हुआ है ।

घोड़ा, बैल (नंदो) और ऊँट धान्य खायेंगे ।

हमारे बहनोई का लड़का प्रतिवर्ष धन पायेगा ।

तुम्हारे भाई ने अपने जामाता को सवाई भाग दिया ।

अढ़ाई वर्ष साढ़े तीन मास डेढ़ दिन में हम आयेंगे ।

तुम्हारा जामाता दिन-प्रतिदिन विरक्त होता जाता है इसलिए तुम्हारा कुटुम्ब खेद पाता है ।

वह पाँचवें अथवा आठवें दिन जायेगा ।

मुनि ने मृत्यु को पार किया ।

हम पिता जो को कुपित नहीं करेंगे ।

चौथे के अन्दर साढ़े तीन हैं ।

हम शब्द बोलेंगे ।

अग्नि की ज्वाला में तेल गिरेगा ।

सातवें वर्ष उस दाता ने सारा धन दे दिया ।

वाक्य (प्राकृत)

सुरट्ठीआ कोहं न काहिंति ।

तुम्हें सोरट्ठीए घोडए वक्खाणेह ।

सोवण्णिओ दहणंसि तंवं खिवित्था ।

भूओ केवलं कंजिअं पाहिइ ।

दुवारंसि कोहलं पडिहिइ ।

गड्डहो तुरंगमो य दोन्नि भायरा संति ।

दिणे दिणे तुमं आसं च पक्खालिस्सं ।

तेल्लेण दीवा दीवेहिंति ।

सो तुज्झ भाया तस्स जामाऊहि सह गच्छीअ ।
तस्स पिउणो भाउणो य जोव्वणं विघडीअ ।
मरहट्ठीआ लोहं चयंति ।
सत्तमंसि वरिसंसि आगमिस्सं ।
मम भाउणो भालं विसालमत्थि ।
तस्स छट्ठो भायरो न परिव्वयिहिए ।
अहं विइज्जे दिणे दोवेल्लं पाएहिमि ।
मम बहीणीवई एगया घणं संपाउणित्था ।
पिअ ! मम वयणं न सुणिहिसि ?

सोलहवाँ पाठ

आज्ञार्थक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	मु	मो
म०पु०	सु, हि (स्व, हि) इज्जसु, इज्जहि, इज्जे	ह (ध्वम्)
तृ०पु०	उ, तु (तु)	न्तु (अन्तु)

पालि भाषा में आज्ञार्थक को 'पंचमी' के नाम से पहिचानते हैं* । संस्कृत में श्री हेमचन्द्राचार्य ने भी यही नाम स्वीकार किये हैं परन्तु पाणिनीय व्याकरण में आज्ञार्थ को 'लोट्' कहते हैं । पुरन्त प्राकृत में ये ही प्रत्यय आज्ञार्थ में तथा विध्यर्थ में समान रीति से उपयोग में आते हैं (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।२।१७३ तथा १७६; हे० प्रा० व्या० ८।३।१७५) ।

---

* पालि में 'पंचमी' के प्रत्यय :—

परस्मैपद

	एकवच०	बहुव०
प्र०पु०	मि	म
म०पु०	हि	थ
तृ०पु०	तु	अंतु

आत्मनेपद

प्र०पु०	ए	आमसे
म०पु०	स्सु	व्हो
तृ०पु०	तं	अंतं

इच्छा-सूचन, विधि, निमन्त्रण, आमन्त्रण, अधीष्ट, संप्रश्न, प्रार्थना, प्रैष, अनुज्ञा, अवसर और अधीष्टि—इन अर्थों को सूचित करने के लिए विध्यर्थक और आज्ञार्थक प्रत्ययों का प्रयोग होता है। ये प्रयोग निम्नोक्त प्रकार से हैं—

१. इच्छा-सूचन—मैं चाहता हूँ वह भोजन करें—

'इच्छामि स भुञ्जउ'

'भू' धातु के रूप—

परस्मैपद

प्र०पु०	भवामि	भवाम
म०पु०	भव, भवाहि	भवथ
तृ०पु०	भवतु	भवंतु

'भू' धातु के रूप :—

आत्मनेपद

प्र०पु०	भवे	भवामसे
म०पु०	भवस्सु	भवह्वो
तृ०पु०	भवतं	भवंतं

'अस्' धातु के रूप :—

प्र०पु०	अस्मि, अम्हि	अस्म, अम्ह
म०पु०	आहि	
तृ०पु०	अत्थु	संतु

—देखिए पा० प्र० पृ० १९१, १९२।

शौरसेनी प्रत्यय की विशेषता :—

'तु' के स्थान में 'दु' का प्रयोग होता है। जैसे:—जीव + दु = जीवदु; मर + दु = मरदु। अन्य सब प्रत्यय प्राकृत के समान हैं। परन्तु प्राकृत

२. विधि—किसी को प्रेरणा करना। जैसे—वह वस्त्र सीए 'सो वत्थं सिव्वउ''।

३. निमन्त्रण—प्रेरणा करने पर भी प्रवृत्ति न करने वाला—दोष का

प्रत्ययों में जहाँ 'ह' है वहाँ शौरसेनी में 'ध' कर देना चाहिए। जैसे—'हसहिं'—शौरसेनी हसधि; 'हसह'—शौरसेनी 'हसध' इत्यादि।

अपभ्रंश भाषा के सब प्रत्यय शौरसेनी के समान हैं परन्तु मध्यम पुरुष के एकवचन में जो प्रत्यय अधिक हैं वे इस प्रकार हैं :—

इ, उ, ए, सु।

अपभ्रंश के रूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	हरिसमु, हरिसामु, हरिसेमु	हरिसमो, हरिसामो, हरिसेमो
म०पु०	हरिससु, हरिसेसु	हरिसह, हरिसहे
	हरिसिज्जसु, हरिसेज्जसु	हरिसध, हरिसधे
	हरिसिज्जहि, हरिसेज्जेहि	
	हरिसाहि, हरिसहि	
	हरिसिज्जे, हरिसेज्जे	
	हरिस, हरिसि, हरिसु, हरिसे	
तृ०पु०	हरिसदु, हरिसदे, हरिसउ, हरिसेउ	हरिसंतु, हरिसेंतु, हरिसिंतु

प्राकृत के हरिसिज्जसु, हरिसिज्जहि, हरिसिज्जे प्रयोगों का मागधी रूप बनाने पर 'हरिस्' का 'हलिश्' हो जाएगा तथा इज्जसु, इज्जहि, इज्जे प्रत्यय का इय्यशु, इय्यधि, इय्ये—ऐसा परिवर्तन हो जाएगा (देखिए पृ० ३४ तथा पृ० ६६ नि० ५)। प्राकृत रूपों में मागधी भाषा के नियमानुसार परिवर्तन करके सब रूप बना लें।

भागीदार हो ऐसी प्रेरणा—निमन्त्रण—होता है। जैसे—दो बार सन्ध्या करो "दुवेलं संझं कुणउ"।

४. **आमन्त्रण**—प्रेरणा करने पर भी प्रवृत्ति करना या न करना उसकी इच्छा पर निर्भर रहे ऐसी प्रेरणा। यहाँ बैठो "एत्थ उवविसउ"।

५. **अधीष्ट**—सादर प्रेरणा—व्रत का पालन करो "वयं पालउ"।

६. **संप्रश्न**—एक प्रकार की धारणा। जैसे—क्या मैं व्याकरण पढ़ूँ अथवा आगम "किं अहं वागरणं पढामु उअ आगमं पढामु"।

७. **प्रार्थना**—याचना, प्रार्थना—मेरी प्रार्थना हैं मैं आगम पढ़ूँ "पत्थणा मम आगमं पढामु"।

८. **प्रैष**—तिरस्कारपूर्वक प्रेरणा—घड़ा बनाओ "घडं कुणउ"।

९. **अनुज्ञा**—नियुक्त करना—तुम को नियुक्त किया है, घड़ा बनाओ "भवं हि अणुन्नाओ घडं कुणउ"।

१०. **अवसर**—समय—तुम्हारे काम का समय हो गया है इसलिए घड़ा बनाओ "भवओ अवसरो घडं कुणउ"।

११. **अधीष्टि**—सम्मानपूर्वक प्रेरणा—तुम पण्डित हो, व्रत की रक्षा करो "भवं पण्डिओ वयं रक्खउ"।

धातुएँ

वज्ज (वर्ज्) = वर्जना, त्याग देना, निरोध करना।
छिंद (छिन्द्) = छेदना, छिन्न करना, अलग करना।
लभ (लभ्) = पाना, प्राप्त करना।
गवेस् (गवेष्) = गवेषणा करना, शोधना, खोज करना।
वि + किर्, वि + इर् (वि + किर) = बिखेरना, फैलाना, छिटना।
वि + प्प + जह (वि + प्र + जहा) = त्याग करना, दूर करना।
कुव्व् (कुरु) = करना, बनाना।
पसस् , पास् (दृश्—पश्य) = देखना।

सं + जल् (सं + ज्वल) = जलना, क्रोध करना ।

उव + आस (उव + आस) = उपासना करना ।

भा (भी) = डरना, भयभीत होना ।

खल् + (स्खल्) = स्खलित होना, अपने स्थान से भ्रष्ट होना ।

नि + द्धुण् (निर् + धुना) = झाड़ना, झपटना ।

वस् (वस्) = रहना, बसना ।

प + माय (प्र + माद्य) = प्रमाद करना, आलस्य करना ।

वि + णस्स् (वि + नश्य) = नष्ट होना, नाश होना, बिगड़ना ।

आ + लोट्ट् (आ + लुटच) = आलोटना, लोटना ।

१. उपर्युक्त सभी प्रत्यय लगाने से पूर्व धातु के अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'ए' विकल्प से होता है । जैसे—

हस् + उ—हस् + अ + उ = हसेउ, हसउ

हस् + मो—हस् + अ + मो = हसेमो, हसमो

('अ' विकरण के लिए देखिए पाठ १, नि० १) ।

२. प्रथम पुरुष के प्रत्यय लगाने से पूर्व धातु के अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'आ' तथा 'इ' विकल्प से होती है । जैसे—

हस् + मु – हस् + अ + मु = हसामु, हसिमु, हसमु, ।

३. अकारान्त अंग में लगने वाले 'हि' प्रत्यय का प्रायः लोप होता है और कहीं-कहीं इस अंग के अन्त्य 'अ' को 'आ' भी होता है । जैसे—

हस् + अ + हि = हस, गच्छ् + अ + हि = गच्छाहि ।

४. कहीं-कहीं तृतीय पुरुष के एकवचन 'उ' अथवा 'तु' प्रत्यय

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७५ ।

लगने से पूर्व धातु के अंग अन्त्य 'अ' को 'आ' भी उपलब्ध होता है। जैसे—

सुण् + अ + उ = सुणाउ, सुणउ, सुणेउ।

५. जिस धातु के अन्त में आ, इ वगैरह स्वर हों उसको इज्जसु, इज्जहि, और इज्जे प्रत्यय नहीं लगते। जैसे—

ठा, री वगैरह धातु में ये प्रत्यय नहीं लगाते परन्तु जब विकरण 'अ' लगने से ठाअ, रीअ होगा तब उनमें ये प्रत्यय लगते हैं।

'हस' धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	हसमु, हसामु हसिमु, हसेमु	हसमो, हसामो हसिमो, हसेमो
म०पु०	हससु, हसेसु, हसेज्जसु हसाहि, हसहि, हसेज्जहि हसेज्जे, हस	हसह, हसेह
तृ०पु०	हसउ, हसेउ हसतु, हसेतु	हसंतु, हसेंतु हसितु
सर्वपुरुष-सर्ववचन	हसेज्ज, हसेज्जा (ज्ज, ज्जा के लिए देखिए पाठ ३)	

१४वें पाठ में बताये हुए नियम के अनुसार प्रत्येक स्वरान्त धातु के विकरण वाले तथा बिना विकरण के अंग बनाने के लिए और तैयार हुए अंगों द्वारा प्रस्तुत विध्यर्थ तथा आज्ञार्थ के रूप साध लेना चाहिए। जैसे—

हो (विकरणरहित रूप)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	होमु	होमो

होअ (विकरणवाले रूप)

प्र०पु०	होअमु	होअमो
	होआमु	होआमो
	होइमु	होइमो
	होएमु	होएमो
म०पु०	होअसु	होअह
	होएसु	होएह
	होएज्जसु	
	होआहि	
	होअहि	
	होएज्जहि	
	होएज्जे	
	होअ	

इस प्रकार 'हो' इत्यादि सभी स्वरान्त धातुओं के अंग बनाकर 'विध्यर्थ' और 'आज्ञार्थ' सभी रूप साध लें।

सामान्य शब्द (पुंल्लिङ्ग)

आयरिय (आचार्य) = आचार्य, धर्मगुरु, विद्यागुरु।

पाण (प्राण) = प्राण।

पाणि (प्राणिन्) = प्राणी, जीवधारी।

असंजम (असंयम) = असंयम।

अप्प (आत्मन्) = आत्मा, स्वयं, आप।

चित्त (चित्र) = एक सारथि का नाम।

वोज्झ (वह्य) = भार, बोझा।

भारय (भारक) = भार उठाने वाला।

हरिण (हरिण) = मृग, हिरण ।

दाडिम (दाडिम) = अनार ।

तिल (तिल) = तिल ।

छेअ (छेद) = छिद्र, (अन्त, सिरा) ।

बोक्कड (बर्कर) = बकरा ।

गब्भ (गर्भ) = गर्भ—मध्य भाग ।

पायय (पादक) = पाया—नींव ।

वंसअ (वंशक) = बाँस, वंश, बाँसुरी ।

नपुंसकलिङ्ग

सावज्ज (सावद्य) = पाप प्रवृत्ति ।

सासुरय (श्वाशुरक) = ससुराल ।

निवाण (निपान) = जलाशय ।

विहाण (विभान) = प्रातः काल, प्रभात ।

अंडय (अण्डक) = अण्डा ।

पल्लाण (पर्याण) = पलान ।

सल्ल (शल्य) = शल्य ।

चउव्वट्टय (चतुर्वर्त्मक) = चौक, चौरस्ता ।

चेण्ह (चिह्न) = चिह्न ।

छिद्दय (छिद्रक) छिद्र, विवर ।

मोत्तिय (मौक्तिक) = मुक्ता, मोती ।

अमिअ (अमृत) = अमृत ।

घय (घृत) = घी ।

लण्ह (श्लक्ष्ण) = छोटा, सूक्ष्म ।

पोअ (प्रोत) = पिरोया हुआ, प्रोत ।

पत्त (प्राप्त) = प्राप्त ।

चउरंस, चउरस्स (चतुरस्र)=चौरस, चतुष्कोण ।
नेहालु (स्नेहालु)=स्नेही, स्नेहवाला ।
छाहिल्ल, छायालु (छायालु)=छाया वाला ।
जडालु (जटाल)=जटा वाला, जटाधारी ।
रसाल, रसालु (रसालु)=रसाल, रस वाला ।
रत्त (रक्त)=रक्त, लाल, रंगा हुआ ।
ठड्ढ (स्तब्ध)=स्तब्ध, स्तम्भित, ठंढा ।
तिण्ह (तीक्ष्ण)=तीक्ष्ण, तेज ।
अहिनव (अभिनव)=अभिनव, नया ।
उच्चिट्ठ (उच्छिष्ट)=जूठा ।
तंस (त्र्यस्र)=त्रिकोण ।

अव्यय

णवर (केवल)=केवल ।
णाणा (नाना)=नाना प्रकार, विविध ।
बहिद्धा (बहिर्धा)=बाहर ।
तहिं (तत्र)=वहाँ ।
जहिं (यत्र)=जहाँ ।
कहिं (कुत्र)=कहाँ ।

वाक्य (हिन्दी)

अण्डे को मत खाओ ।
वह पाप प्रवृत्ति न करे ।
हे चित्र ! जाओ और मृग को खोजो ।
मुनि असंयम से विरत रहे ।
तू चौक में जा और अनार ला ।

स्वयं अपने को खोज, बाहर मत घूम ।
उसके सभी शल्य नाश हो जायँ ।
हे ब्राह्मण ! बकरे का होम न कर तिल का होम कर ।
सब जीवों के साथ प्रेम करो ।
प्राणी के प्राण मत हरो ।
घोड़े के ऊपर जीन रख ।

वाक्य (प्राकृत)

सावज्जं वज्जउ मुणी ।
ण कोवउ आयरियं ।
न हण पाणिणो पाणे ।
संनिहिं न कुणउ माहणो ।
संवुडो निद्‌धुणाउ पावस्स रजं ।
सव्वं गंथं कहलं च विप्पजहाहि भिक्खू !
किं नाम होज्ज तं कम्मयं जेणाहं णाणा दुक्खं न गच्छेज्जा ।
गच्छाहि णं तुमं चित्ता !
वित्तेण ताणं न लहे पमत्ते ।
उत्तमट्‌ठं गवेसउ ।
वसामु गुरुकुले निच्चं ।
असंजमं णवरं न सेवेज्जा ।
भिक्खू न कमवि छिंदेह ।
बालस्स बालत्तं पस्स ।
बालाणं मरणं असइं भवेज्ज ।
सुयं अहिट्ठिज्जा ।
गोयम ! समयं मा पमायउ ।
अवि एयं विणस्सउ अन्नपाणं ।
न य, णं दाहामु तुमं नियंठा ।

सत्रहवाँ पाठ

निम्नलिखित प्रत्यय भी विशेषतः विध्यर्थ के हैं[1]।

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	ज्जामि	ज्जामो
म०पु०	ज्जासि, ज्जसि	ज्जाह

१. पालिभाषा में विध्यर्थ को सप्तमी कहते हैं और संस्कृत में भी आचार्य हेमचन्द्र ने 'सप्तमी' नाम को स्वीकार किया है। पाणिनीय व्याकरण में सप्तमी को विधिलिङ् कहते हैं।

पालि में सप्तमी—विध्यर्थ—के प्रत्यय :—

परस्मैपद

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	एय्यामि, ए	एय्याम
म०पु०	एय्यासि, ए	एय्याथ
तृ०पु०	एय्य, ए	एय्युं

आत्मनेपद

प्र०पु०	एय्यं, ए——	एय्याम्हे
म०पु०	एथो	एय्यव्हो
तृ०पु०	एथ	एरं

'अस्' धातु के विध्यर्थ रूप—

प्र०पु०	अस्सं	अस्साम
म०पु०	अस्स	अस्सथ
तृ०पु०	अस्स, सिया	अस्सु, सियुं

१६वें पाठ में अपभ्रंश के आज्ञार्थ प्रत्यय बताए हैं वही प्रत्यय विध्यर्थ में भी उपयोग में आते हैं और धातु के रूप भी वैसे ही होते हैं (दे० पृ० २८८।)

तृ०पु०	ज्जए, ए, एय, ज्ज, ज्जा,	ज्ज, ज्जा
सर्वपुरुष सर्ववचन	ज्जइ	

'ज्ज' अथवा 'ज्जा' प्रत्ययों से पूर्व धातु के अन्त्य 'अ' को 'इ' और 'ए' होता है। जैसे—

'हस्' धातु का रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	हसिज्जामि, हसेज्जामि	हसिज्जामो, हसेज्जामो
म०पु०	हसिज्जासि, हसेज्जासि, हसिज्जसि, हसेज्जसि	हसिज्जाह, हसेज्जाह
तृ०पु०	हसिज्जए हसे, हसेय, हसिज्ज, हसेज्ज हसिज्जा, हसेज्जा	हसिज्ज, हसेज्ज हसिज्जा, हसेज्जा
सर्वपुरुष सर्ववचन	हसिज्जइ, हसेज्जइ	

'हो' धातु का विकरणवाला 'होअ' रूप (अंग) बनता है और उसके रूप 'हस्' धातु के समान ही होते हैं। इसी प्रकार विकरणवाले सभी स्वरान्त धातु के रूप समझ लेने चाहिए।

विकरण रहित 'हो' धातु के रूप—

प्र०पु०	होज्जामि	होज्जामो
म०पु०	होज्जासि, होज्जसि	होज्जाह
तृ०पु०	होज्जए, होए होएय, होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
सर्वपुरुष सर्ववचन	होज्जइ, होएज्जइ होइज्जइ (विकरणवाले)	

आर्ष प्राकृत में प्रयुक्त कुछ अन्य अनियमित रूप—

(कुर्यात्, कुर्याः)—कुज्जा ।

(निदध्यात्)—निहे ।

(अभितापयेत्)—अभितावे ।

(अभिभाषेत)—अभिभासे ।

(लभेत)—लहे ।

(स्यात्)—सिया, सिआ

(आच्छिन्द्यात्)—अच्छे

(आभिन्द्यात्)—अब्भे

(हन्यात्) —हणिया ।

यदि क्रियापद के साथ निम्नलिखित शब्दों का सम्बन्ध हो तो इस पाठ में बताये विध्यर्थ प्रत्ययों का प्रयोग हो सकता है । जैसे—

उअ } (अव्यय)—उअ कुज्जा = चाहता हूँ वह करे ।
अवि }   अवि भुंजिज्ज = खाय भी ।

श्रद्धा अथवा सम्भावना अर्थ वाले धातु का प्रयोग :—

सद्दह (धातु)–'सद्दहामि सो पाढं पढिज्ज'–श्रद्धा रखता हूँ वह पाठ पढ़े ।

'सम्भावेमि तुमं न जुज्झिज्जसि'––सम्भावना करता हूँ तू नहीं लड़े ।

'जं' के साथ कालवाचक कोई भी शब्द हो तो वहाँ विध्यर्थक प्रत्ययों का प्रयोग होता है । जैसे—

'कालो जं भणिज्जामि'—समय है मैं पढ़ूँ ।

'वेला जं गाएज्जसि'––समय है तू गा ।

जहाँ एक क्रिया दूसरी क्रिया का कारण हो वहाँ भी इस पाठ में बताए विध्यर्थ प्रत्ययों का प्रयोग होता है । जैसे—

'जई गुरुं उवासेय सत्थन्तं गच्छेय'––"यदि गुरु की उपासना करे तो शास्त्र का अन्त पावे" ।

धातुएँ

उव + णी (उप + नी)—पास ले जाना ।

पच्च + प्पिण् (प्रति + अर्पण=प्रत्यर्पण)–वापिस देना, लौटाना, अर्पण करना ।

पडि + नी, पडि + णी (प्रति + नी)—वापस देना, बदले में देना ।

वर् (वृ)—स्वीकार करना, वरदान लेना ।

वाव् (वाप्)—बोना, वपन करवाना ।

तूर् (त्वर्)—जल्दी करना, त्वरा करना ।

सं + दिस् (सम् + दिश्)—संदेशा देना, सूचना करना ।

उव + दस् (उप + दर्श)—दिखाना, पास जाकर बताना ।

अणु + जाण्, अनु + जाणा (अनु + जाना)—अनुज्ञा देना, सम्मति देना ।

सं + वड्ढ् (सम् + वर्ध्)—संवर्धन करना, पोषण करना, सम्भालना ।

चिण (चिनु)—चुनना, इकट्ठा करना ।

क्रियातिपत्ति[१]

परस्पर सांकेतिक दो वाक्यों का जब एक संयुक्त वाक्य बना हो और दोनों क्रियाओं में कोई केवल सांकेतिक क्रिया जैसी अशक्य-सी प्रतीत होती

---

१. क्रियातिपत्ति को पालि में कालातिपत्ति कहते हैं । पालि में क्रियातिपत्ति के प्रत्यय इस प्रकार हैं—

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	स्सं	स्सम्हा	स्सं	स्साम्हसे
म०पु०	स्से	स्सथ	स्ससे	स्सव्हे
तृ०पु०	स्सा	स्संसु	स्सथ	स्सिंसु

हो तो वहाँ क्रियातिपत्ति का प्रयोग होता है। क्रियतिपत्ति याने क्रिया की अतिपत्ति—असंभवितता को ही सूचित करने के लिए क्रियातिपत्ति का उपयोग होता है।

प्रत्यय

सर्वपुरुष } न्तो, माणो, ज्ज, ज्जा।
सर्ववचन } (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१७९ तथा १८०)।

पुंल्लिंग उदाहरण

एकवचन	बहुवचन
भण्—भणंतो, भणमाणो	भणंता, भणमाणा
हो—होअंतो, होअमाणो	होअंता, होअमाणा
होंतो, होमाणो	

पालिमें 'अंभवि' तथा 'भवि' धातु के रूप :—

प्र०पु०	अभविस्सं	अभविस्सम्हा, अभविस्सम्ह
म०पु०	अभविस्से, भविस्स	अभविस्स, अभविस्सथ
तृ०पु०	अभविस्सा, अभविस्स	अभविस्संसु, भविस्संसु

इसी प्रकार 'अभवि' अथवा 'भवि' धातु से आत्मनेपद के प्रत्ययों को लगाकर रूप बना लें।

शौरसेनी, मागधी तथा अपभ्रंश के रूप प्राकृत के समान होंगे। शौरसेनी में तथा मागधी वगैरह में :—

	पुं०	स्त्री०	नपुं०
	होन्दो	होन्दी	होन्दं इत्यादि रूप होंगे।
पैशाची में—	होन्तो	होन्ती	होन्तं

इत्यादि रूप बनेंगे।

स्त्रीलिंग	**नपुंसक**
भणंती, भणंता	भणंतं, भणमाणं
भणमाणी, भमाणा	होअंतं, होंतं
होअंती, होअंता, होंती, होंता	होअमाणं, होमाणं
होअमाणी, होअमाणा, होमाणी, होमाणा	

भण्—भणेज्ज, भणेज्जा

हो—होएज्ज, होएज्जा, होज्ज, होज्जा

स्त्रीलिंग में 'न्ती', 'न्ता' तथा माणी' और 'माणा' प्रत्यय लगाये जाते हैं। इस प्रकार के क्रियातिपत्ति के बहुवचनीय प्रयाग बहुत कम उपलब्ध होते हैं तथा प्रथमा विभक्ति में ही इनका प्रयोग होता है, अन्य विभक्तियों में नहीं।

वाक्य (हिन्दी)

मुनि पाप को बरजे।
आचार्य को कुपित मत करो।
खेत में बीज बोओ।
धार्मिक काम के लिए जल्दी कर।
चाहता हूँ, वह धर्म के लिए धन का प्रयोग करे।
पुत्र पढ़े तो पण्डित बने (क्रियातिपत्ति)।
श्रद्धा रखता हूँ वह सत्य वचन बोले।
समय है मैं धन इकट्ठा करूँ।
चाहता हूँ तू अच्छे काम के लिए सम्मति दे।
गुरु के पास शिष्य को ले जा।
तुझ को व्रत के लिए सूचित करूँ?

वाक्य (प्राकृत)

वत्तेण ताणं न लभे पमत्ते ।

वसे गुरुकुले निच्चं ।

उत्तमट्ठं गवेसए ।

गोयमा ! समयं मा पमायए ।

न कोवए आयरियं ।

संनिहिं न कुव्विज्जा ।

संवुडो निद्धुणे पावस्स मलं ।

बालाणं मरणं असइं भवे ।

सावज्जं वज्जए मुणी ।

दीवो होंतो तथा अंधयारो नस्संतो ।

सव्वं गंथं कलहं च विप्पजहेय भिक्खू ।

रावणो सीलं रक्खंतो तया रामो तं रक्खंतो ।

अठारहवाँ पाठ

अकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द
(स्त्रीलिङ्ग)

प्राकृत में आकारान्त शब्द (नाम) दो प्रकार के हैं। कुछ आकारान्त शब्दों का मूलरूप अकारान्त होता है, लेकिन स्त्रीलिंग के कारण आकारान्त हो जाता है। जबकि कुछ आकारान्त शब्दों का मूलरूप प्रकृति से आकारान्त नहीं होता, परन्तु व्याकरण के किसी विशेष नियम के कारण आकारान्त हो जाता है।

नीचे दोनों प्रकार के आकारान्त शब्दों के रूप दिए गए हैं। जो शब्द मूलतः अकारान्त नहीं हैं, उसका सम्बोधन का एकवचन प्रथमा विभक्ति जैसा ही होता है। लेकिन जो मूल से अकारान्त हैं उनके सम्बोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' को 'ए' हो जाता है (देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।४१)। इन दोनों प्रकार के शब्दों के रूपों में दूसरा कोई भेद नहीं है। जैसे—

	ननान्दृ	णणंदा	हे णणंदा !
	अप्सरस्	अच्छरसा	हे अच्छरसा !
	सरित्	सरिया	हे सरिया !
		सरिआ	हे सरिआ !
	वाच्	वाया	हे वाया !
मूल अकारान्त	माल	माला	हे माले ! हे माला !
	रम	रमा	हे रमे ! हे रमा !
	कान्त	कान्ता	हे कान्ते ! हे कान्ता !
	देवत	देवता	हे देवते ! हे देवता !
	मेघ	मेघा	हे मेहे ! हे मेघा !

*माला (मूल अकारान्त) शब्द के रूप—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	माला = माला (माला)	माला[1] + उ = मालाउ
		माला + ओ = मालाओ
		माला[1] = माला (मालाः)
द्वि०	माला + म् = मालं[2] (मालाम्)	माला + उ = मालाउ
		माला + ओ = मालाओ
		माला = माला (मालाः)
तृ०	माला[3] + अ = मालाअ	माला + हि=मालाहि(मालाभिः
	माला + इ = मालाइ	माला + हिं = मालाहिं
	माला + ए = मालाए (मालया)	माला + हिँ = मालाहिँ

*पालि में माला के रूप—

	एकव०	बहुव०
प्र०	माला	माला, मालायो
द्वि०	मालं	,, ,,
तृ०, च०, पं०, ष०, स०	मालाय	मालाहि, मालाभि (तृ०) मालानं (च० ष०) मालाहि, मालाभि (पं०)
स०	मालायं	मालासु
सं०	माले !	माला, मालायो !

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।३६ तथा ८।३।५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९।

च०	माला + अ = मालाअ	माला + ण = मालाण
		(मालाभ्यः)
	माला + इ = मालाइ	माला + णं = मालाणं
	माला + ए = मालाए (मालायै)	
पं०	[1]माला + अ = मालाअ (मालायाः)	
	माला + इ = मालाइ	
	माला + ए = मालाए	
	माला + हिंतो = मालाहिंतो	माला + हिंतो = मालाहिंतो
		(मालाभ्यः)
		माला + सुंतो = मालासुंतो
ष०	माला + अ = मालाअ	माला + ण = मालाण
		(मालानाम्)
	माला + इ = मालाइ (मालायाः)	माला + णं = मालाणं
	माला + ए = मालाए	
स०	माला + अ = मालाअ (मालायाम्)	माला + सु = मालासु
	माला + इ = मालाइ	माला + सुं = मालासुं
	माला + ए = मालाए	(मालासु)
सं०	माला = माले ! (हे माले !)	माला + उ = मालाउ !
	माला = माला !	माला + ओ = मालाओ !
		माला = माला ! (मालाः)

---

१. पञ्चमी विभक्ति में अकारान्त शब्द में लगने वाले 'उ, ओ, तो और त्तो' प्रत्यय यहाँ पर बताये सभी नामों में भी लगते हैं। जैसे—मालाउ, मालाओ, मालातो, मालत्तो।

'वाया' (वाक्) मूल अकारान्त नहीं है) शब्द के सभी रूप माला जैसे ही होते हैं। इसकी विशेषता केवल सम्बोधन में ही है। "हे वाया !" ऐसा एक ही रूप बनता है। 'वाये !' 'वाया !' ऐसे दो रूप नहीं।

*इकारान्त 'बुद्धि' शब्द के रूप

प्र०	बुद्धी (बुद्धिः)	बुद्धि + उ = बुद्धीउ[1] बुद्धि + ओ = बुद्धीओ (बुद्धयः) बुद्धि = बुद्धी
द्वि०	बुद्धिं[2] (बुद्धिम्)	बुद्धि + उ = बुद्धीउ बुद्धि + ओ = बुद्धीओ बुद्धि = बुद्धी (बुद्धीः)
तृ०	बुद्धीअ[4] बुद्धि + आ = बुद्धीआ (बुद्धया) बुद्धीइ, बुद्धीए	बुद्धीहि बुद्धीहिं, बुद्धीहिँ (बुद्धिभिः)

---

* पालि में ह्रस्व इकारान्त रत्ति (रात्रि) का रूप—

प्र०	रत्ति	रत्ती, रत्तियो
द्वि०	रत्तिं	,, ,,
तृ०, च०, पं०, ष०, स०	रत्तिया	रत्तीहि, रत्तीभि (तृ० पं०) रत्तीनं (च० ष०)
स०	रत्तियं	रत्तीसु
सं०	रत्ति !	रत्ती, रतियो !

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।५।
३. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७। ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९।

च०	बुद्धीअ, बुद्धीआ बुद्धीइ (बुद्धयै) बुद्धीए (बुद्धये)	बुद्धीण, बुद्धीणं (बुद्धिभ्यः)
पं०	बुद्धीअ[1] बुद्धीआ (बुद्धयाः) बुद्धीइ बुद्धीए (बुद्धेः) बुद्धोहिंतो	बुद्धोहिंतो, बुद्धीसुंतो (बुद्धिभ्यः)
ष०	बुद्धीअ, बुद्धोआ (बुद्धयाः) बुद्धीइ, बुद्धोए (बुद्धेः)	बुद्धीण, बुद्धीणं (बुद्धोनाम्)
स०	बुद्धीअ, बुद्धोआ (बुद्धयाम्) बुद्धीइ, बुद्धोए (बुद्धौ)	बुद्धीसु, बुद्धीसुं (बुद्धिषु)
सं०	बुद्धी, बुद्धि ! (बुद्धेः !)	बुद्धोउ, बुद्धीओ, बुद्धी ! (बुद्धयः)

*ईकारान्त 'नदी' शब्द के रूप

प्र०	नदी (नदो)	नदी + आ = नदीआ[2] नदीउ[3], नदीओ नदी, (नद्यः)

१. देखिए पृ० ३०५; टिप्पणी १—बुद्धीउ, बुद्धीओ, बुद्धित्तो।

* पालि में दीर्घ ईकारान्त 'नदी' शब्द के रूप—

	एकव०	बहुव०
प्र०	नदी	नदी, नदियो, नज्जो
द्वि०	नदिं, नदियं	,, ,, ,,

	एकवचन	बहुवचन
द्वि०	नदिं[4] (नदीम्)	नदीआ, नदीउ नदीओ, नदी (नदीः)
तृ०	नदीअ[5], नदीआ (नद्या) नदीइ, नदीए	नदीहि, नदीहिं, नदीहिँ (नदीभिः)
च०	नदीअ, नदीआ नदीइ, नदीए (नद्यै)	नदीण, नदीणं (नदीभ्यः)
पं०	नदीअ[6], नदीआ नदीइ, नदीए, नदीहिंतो (नद्याः)	नदीहिंतो, नदीसुंतो (नदीभ्यः)
ष०	नदीअ, नदीआ (नद्याः) नदीइ, नदीए	नदीण, नदीणं (नदीनाम्)

तृ०, च०, पं०, ष०, स०	नदिया, नज्जा	नदीहि, नदीभि (तृ० पं०) नदीनं (च० ष०)
स०	नज्जं	नदीसु
सं०	नदि !	नदी, नदियो, नज्जो !

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।२८ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७ ।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।३६ तथा ८।३।५ ।

५. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९ ।

६. देखिए पृ० ३०५ टिप्पण–१ नदीउ, नदीओ, नदित्तो ।

स०	नदीअ, नदीआ नदीइ, नदीए (नद्याम्)	नदीसु, नदीसुं (नदीषु)
सं०	नदि[1] ! (नदि !)	नदीआ, नदीउ नदीओ, नदी ! (नद्यः)

उकारान्त 'धेणु' (धेनु) शब्द के रूप*

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	धेणू (धेनुः)	धेणूउ[2], धेणूओ धेणू (धेनवः)
द्वि०	धेणुं[3] (धेनुम्)	धेणूउ[3], धेणूओ धेणू (धेनूः)
तृ०	धेणूअ[4], धेणूआ धेणूइ, धेणूए (धेन्वा)	धेणूहि, धेणूहिं धेणूहिँ (धेनुभिः)

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।४२।

*पालि में ह्रस्व उकारान्त 'धेनु' शब्द के रूप—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	धेनु	धेनू, धेनुयो
द्वि०	धेनुं	,, ,,
तृ०, च०, पं०, ष०, स०	धेनुया	धेनूहि, धेनूभि (तृ०पं०) धेनूनं (च०ष०) धेनूसु (स०)
सं०	धेनु !	धेनू, धेनुयो !

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।५।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९।

च०	धेणूअ, धेणूआ धेणूइ, धेणूए (धेनवे, धेन्वै)	धेणूण, धेणूणं (धेनुभ्यः)
पं०	धेणूअ, धेणूआ (धेन्वाः, धेनोः) धेणूइ, धेणूए धेणूउ[1], धेणूओ धेणुत्तो, धेणूहितो	धेणूहितो, धेणुसुंतो (धेनुभ्यः)
ष०	धेणूअ, धेणूआ धेणूइ, (धेन्वाः, धेनोः) धेणूए	धेणूण, धेणूणं (धेनूनाम्)
स०	धेणूअ, धेणूआ धेणूइ, धेणूए (धेन्वाम्, धेनौ)	धेणूसु, धेणूसुं (धेनुषु)
सं०	धेणू[2], धेणु (धेनो !)	धेणूउ, धेणूओ, धेणू (धेनवः)

ऊकारान्त 'वहू' (वधू) शब्द के रूप*

प्र०	वहू[3] (वधूः)	वहूउ, वहूओ[4] वहू (वध्वः)

---

१. देखिए पृ० ३०५ टि० १ । २. हे० प्रा० व्या० ८।३।३८।

*पालि में दीर्घ ऊकारान्त 'वधू' के रूप—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	वधू	वधू, वधुयो
द्वि०	वधुं	,, ,,

द्वि०	वहुं[5] (वधूम्)	वहूउ, वहूओ[6], वहू (वधूः)
तृ०	वहूअ[7], वहूआ	वहूहि, वहूहिं
	वहूइ, वहूए	वहूहिँ, (वधूभिः)
च०	वहूअ, वहूआ	वहूण, वहूणं (वधूभ्यः)
	वहूइ, वहूए (वध्वै)	
पं०	वहूअ, वहूआ	
	वहूइ, वहूए	
	वहूउ[8], वहूओ	
	वहुत्तो, वहूहिंतो	वहूहिंतो, वहूसुंतो (वधूभ्यः)

तृ०, च०, पं०, ष०, स०	वधुया	वधूहि, वधूभि (तृ०) वधूनं (च०ष०) वधूसु(स०)
सं०	वधु !	वधू, वधुयो !

पालि भाषा में इत्थी (स्त्री), मातु (मातृ), धीतु (दुहितृ), गावी (गो) वगैरह स्त्रीलिंगी शब्दों के विशेष रूप होते हैं (देखिए पा० प्र० पृ० १०५, १०८, ११०)।

'गो' शब्द को प्राकृत भाषा में 'गउ' तथा 'गाअ' जैसे दो रूप होते हैं (हे०प्रा० व्या० ८।१।१५८)। उसमें 'गउ' का पुंलिग में 'भाणु' जैसे रूप होते हैं, स्त्रीलिंग में 'धेणु' जैसे रूप होंगे। 'गाअ' का पुंलिग में 'वीर' जैसे रूप बनेंगे तथा स्त्रीलिंग में 'गाअ' का 'गाई' अथवा 'गाआ' परिवर्तन होगा, 'गाई' का नदी जैसे रूप समझें तथा 'गाआ' का 'माला' जैसे रूप बना लें।

३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।२७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।३।३६ तथा ५।

६. हे० प्रा० व्या० ८।३।५। ७. हे० प्रा० व्या० ८।३।२९।

८. देखिए पृ० ३०५ टि० १।

ष०	वहूअ, वहूआ वहूइ, वहूए (वध्वाः)	वहूण, वहूणं (वधूनान्)
स०	वहूअ, वहूआ वहूइ, वहूए (वध्वाम्)	वहूसु, वहूसुं (वधूषु)
सं०	[1]वहु ! (वधु !)	वहूओ, वहूउ, वहू ! (वध्वः)

शब्द का अंग और प्रत्यय का अंश दोनों पृथक्-पृथक् करके बता दिये हैं तथा उससे साधित प्रत्येक रूप भी अलग-अलग बताये गये हैं।

आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्रीलिंग-वाचक शब्दों के सभी रूप एक जैसे हैं। उनमें भेद नहींवत् है। अतः मूल अंग और प्रत्ययों के विभाग की पद्धति एक ही स्थान पर समझा दी है।-

दीर्घ ईकारान्त शब्दों की प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में केवल एक "आ" प्रत्यय ही विशेष—नया प्रयुक्त होता है। आकारान्त को छोड़ उक्त सभी शब्दों को तृतीया से सप्तमी पर्यन्त एकवचन में 'आ' प्रत्यय अधिक लगता है। उक्त रूप ही इस परिवर्तन का साक्षी है।

यद्यपि इन चारों प्रकार के शब्दों के सभी रूप एक समान हैं तथापि संस्कृत रूपों के साथ तुलना करने के लिए तथा विशेष स्पष्ट करने के लिए उनके सभी रूप (कोष्ठक चिह्न में) बता दिये हैं। इन रूपों से प्रचलित भाषा के रूपों की भी समानता का भान हो जाता है।

१. 'त्तो' और 'म्' प्रत्ययों के सिवाय अन्य सभी प्रत्ययों के परे रहते शब्द के अंग का स्वर दीर्घ हो जाता है। जैसे—'बुद्धिओ', 'धेणूओ'।

२. 'म्' प्रत्यय परे रहते अंग का पूर्व स्वर ह्रस्व हो जाता है। जैसे—'नदिं', 'वहुं'।

३. जहाँ केवल मूल अंग का हीं प्रयोग करना हो वहाँ उसे दीर्घ करके प्रयुक्त करना चाहिए। जैसे—'बुद्धी', 'धेणू'।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।४२।

४. इकारान्त तथा उकारान्त के सम्बोधन के एकवचन में विकल्प से दीर्घ होता है। जैसे—'बुद्धि !' 'बुद्धी !' 'धेणु !' 'धेणू'!

५. ईकारान्त तथा ऊकारान्त के सम्बोधन के एकवचन में ह्रस्व होता है। जैसे—'नदि !' 'वहु !'

आकारान्त शब्द

सद्धा (श्रद्धा) = श्रद्धा, विश्वास।
मेहा (मेधा) = मेधा–धारणा शक्तिवाली बुद्धि।
पण्णा (प्रज्ञा) = प्रज्ञा–बुद्धि।
सण्णा (संज्ञा) = संज्ञा, नाम।
संझा (सन्ध्या) = सन्ध्या, सायंकाल।
वंझा (वन्ध्या) = वन्ध्या, अपत्यहीन।
भुक्खा (बुभुक्षा) = भूख।
तिसा (तृषा) = प्यास, लालच।
तण्हा (तृष्णा) = तृष्णा।
सुण्हा, ण्हुसा (स्नुषा) = स्नुषा–पुत्रवधू।
पुच्छा (पृच्छा) = प्रश्न।
चिन्ता (चिन्ता) = चिन्ता।
आणा (आज्ञा) = आज्ञा।
छुहा[१] (क्षुधा) = भूख।
कउहा[२] (ककुभा) = दिशा।
निसा (निशा) = निशा, रात्रि।
दिसा[3] (दिशा) = दिशा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२१।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९।

नावा (नौका) = नौका, नाव ।

गउआ (गोका) = गाय ।

सलाया (शलाका) = सलाई, शलाका ।

मट्टिया (मृत्तिका) = मिट्टी ।

मच्छिआ, मक्खिआ (मक्षिका) = मक्षिका, मक्खो, मछलो ।

कलिआ (कलिका) = कली ।

विज्जुला (विद्युत्) = बिजली ।

जिब्भा, जीहा (जिह्वा) = जिह्वा, जीभ ।

अच्छरसा[१] (अप्सरस्) = अप्सरा ।

आसिसा[२] (आशिष्) = आशीर्वाद ।

धूआ[३] (दुहिता) = दुहिता, पुत्री, लड़की ।

नणंदा[४] (ननान्दृ) = ननन्द, पति की बहिन, ननद

पिउच्छा[५], पिउसिआ (पितृष्वसा) = फूआ, पिता की बहिन ।

माउच्छा[५], माउसिआ (मातृष्वसा) = मासी, मौसी, माता की बहन ।

बाहा[६] (बाहु) = बाहु, हाथ ।

माआ[७] (मातृ) = माता, जननी ।

माअरा[७], मायरा (मातृ) = देवी, माता ।

ससा (स्वसृ) = बहिन ।

वाया[८] (वाच्) = वाचा, वाणी ।

सरिआ[८], सरिया (सरित्) = सरिता, नदी ।

पाडिवआ[८], पाडिवया (प्रतिपदा) = प्रतिपदा, एकम ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२० । २. हे० प्रा० व्या० ८।३।३५ ।
३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१२६ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।३५ ।
५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४२ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।१।३६ ।
७. हे० प्रा० व्या० ८।३।४६ । ८. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५ ।

गिरा[1] (गिर्) = गिरा, वाणी ।
पुरा[1] (पुर्) = पुरी–नगर, नगरी ।
संपया, संपआ (संपदा) = सम्पत्ति ।
चंदिआ, चंद्रिका (चंद्रिका) = चाँदनी, चन्द्रमा की ज्योति, चाँदो ।
चन्दिमा (चन्द्रिका) = चन्द्र की चाँदनी ।
रच्छा (रथ्या) = रथ चलने योग्य मार्ग, गली, बाजार ।

[निर्देश—'अच्छरसा' से लेकर 'संपआ' पर्यन्त शब्दों का मूल आकारान्त नहीं है । इसका ध्यान विशेष रखें ।]

जुत्ति (युक्ति) = युक्ति–योजना ।
रत्ति (रात्रि) = रात्रि, रात ।
माइ (मातृ) = माता ।
भूमि (भूमि) = भूमि, पृथ्वी ।
जुवइ (युवति) = युवति, जवान स्त्री ।
धूलि (धूलि) = धूल ।
रइ (रति) = रति, प्रेम, राग ।
मइ (मति) = मति, बुद्धि ।
दिहि, धिइ (धृति) = धृति, धैर्य ।
सिप्पि (शुक्ति) = सीप ।
सत्ति (शक्ति) = शक्ति, बल ।
सति (स्मृति) = स्मृति. याद ।
दित्ति (दीप्ति) = दीप्ति–तेज ।
पंति (पङ्क्ति) = पंक्ति, कतार, लाइन ।
थुइ (स्तुति) = स्तुति ।
कयली (कदली) = केला ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६ ।

नारी (नारी) = नारी, स्त्री ।
रयणी (रजनी) = रात्रि ।
राई (रात्री) = रात्रि ।
धाई (धात्री) = धात्री, धाया, दाई ।
कुमारी (कुमारी) = कुमारी, कुंवारी ।
तरुणी (तरुणी) = तरुण स्त्री ।
समणी (श्रमणी) = साध्वी ।
साहुवी, साहुणी = (साध्वी) साध्वी ।
तणुवी (तन्वी) = पतली स्त्री ।
इत्थी, थी (स्त्री) = स्त्री ।
कित्ति (कीर्ति) = कीर्ति, यश ।
सिद्धि (सिद्धि) = सिद्धि ।
रिद्धि (ऋद्धि) = ऋद्धि, संपत्ति ।
संति (शान्ति) = शान्ति ।
कंति (कान्ति) = कान्ति, तेज ।
खंति (क्षान्ति) = क्षमा ।
कति (कान्ति) = इच्छा, अभिलाषा ।
गउ (गो) = गाय ।
कच्छु (कच्छू) = खुजली, खाज, रोग विशेष ।
विज्जु (विद्युत्) = बिजली ।
उज्जु (ऋजु) = ऋजु, सरल ।
माउ (मातृ) = माता ।
दद्दु (दद्रु) = दाद, क्षुद्र कुष्ठरोग ।
चंचु (चञ्चु) = चोंच ।
गाई (गो) = गाय ।
वावी (वापी) = वावली ।

बहिणी (भगिनी) = भगिनी, बहिन ।
वाराणसी, वाणारसी (वाराणसी) = वाराणसी, बनारस नगर ।
पिच्छी (पृथ्वी) = पृथ्वी ।
पुहवी (पृथ्वी) = पृथ्वी ।
साडी (शाटी) = साड़ी ।
मित्ती (मैत्री) = मित्रता ।
अज्जू (आर्या) = सास ।
कणेरु (करेणु) = हस्तिनी, हथिनी, मादा हाथी ।
कक्कंधू (कर्कन्धू) = बेर ।
अलाऊ, लाऊ (अलाबू) = तुम्बड़ी, लौकी, लउकी ।
वहू (वधू) = वधू, वहू ।

वाक्य (हिन्दी)

उसकी जीह्वा पर अमृत है और तेरी जीह्वा पर गरल ।
उसकी सास मुझे आशीर्वाद देगी कि तुम्हारा कल्याण हो ।
गाय और हथिनी फूलों की माला से शोभेगी ।
कीर्ति और कार्य की सिद्धि के लिए प्रयत्न करो ।
जो विवेक नहीं जानता वह पशु है ।
हे भगिनि! तू इस ढंग से बैठ कि सलाई तेरी ननद की आँख को न लगे ।
आज प्रतिपदा है अतः ब्राह्मण नहीं पढ़ेंगे ।
पुत्र पढ़े तो पण्डित बने (क्रियातिपत्ति) ।
ज्योतिषी ने कहा "अभी आकाश में बिजली चमकेगी ।

वाक्य (प्राकृत)

अच्चेइ कालो तूरंति राईओ वरेहि वरं ।
हे धूआ ! जहेव देवस्स वट्टिज्जासि तहेव पइणो वट्टिज्जासि ।

खमह जं मए अवरद्धं ।
दीवो होंतो तया अंघयारो नस्संतो ।
वच्च, देहि से संदेसं, मा रुयह ।
गच्छह णं तुब्भे देवाणुप्पिया ।
आहारमिच्छे मियमेसणिज्जं ।
समणो गिहाइं न कुव्विज्जा ।
खंति सेवेज्ज पंडिए ।
मिअं कालेण भक्खए ।
तुम्हे गच्छंतो तया अम्हे गच्छमाणा ।
तओ तस्स मा माहि ।
उट्ठेह, वच्चामो ।
अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबन्धं करेह ।
पवहणं जुत्तमेव उवणेहि ।
संदिसंतु णं देवाणुप्पिया ! जं अम्हाणं कज्जं ।

उन्नीसवाँ पाठ

प्रेरक प्रत्यय के भेद*

प्रत्यय

[1]अ, ए (अय) आव, आवे (आपय)।

मूल धातु में 'अ', 'ए', 'आव' और 'आवे' प्रत्यय लगाने से प्रेरक-अंग बनता है। जैसे—

---

* पालिभाषा में प्राकृत के समान प्रेरक प्रत्यय लगाते हैं, विशेषता यह है कि 'आव' के स्थान में 'आप' तथा 'आवे' के स्थान में 'आपे' प्रयय लगते हैं।

पालि रूप—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	कारेमि	कारेम
म०पु०	कारेसि	कारेथ
तृ०पु०	कारेति	कारेंति

अथवा

प्र०पु०	कारयामि	कारयाम
म०पु०	कारयसि	कारयथ
तृ०पु०	कारयति	कारयन्ति

अथवा

प्र०पु०	कारापेमि	कारापेम
म०पु०	कारापेसि	कारापेथ
तृ०पु०	कारापेति	कारापेंति

कर् + अ = कार　　　　कर् + आव = कराव

कर् + ए = कारे　　　　कर् + आवे = करावे

१. मूल धातु की उपधा के—उपान्त्य के—इकार को प्रायः 'ए' और उकार को 'ओ' हो जाता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।४।२३७)। जैसे—

विस् + वेस् = वेसइ, वेसेइ, वेसावइ, वेसावेइ।

दुह् + दोह् = दोहइ, दोहेइ, दोहावहि, दोहावेइ।

२. उपधा में गुरु या दीर्घ स्वर वाले धातु हों तो उसमें उपर्युक्त प्रत्ययों के अतिरिक्त 'अवि' प्रत्यय भी लगता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१५०)। जैसे—

चूष् + अ = चूसइ, चूसेइ, चूसावइ, चूसावेइ, चूसविइ।

तूस्—तूसविअं, तासिअं (तोषितम्)।

३. 'अ' और 'ए' प्रत्यय परे रहते धातु के उपान्त्य 'अ' को 'आ' होता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१५३।)। जैसे—

खम्	खाम	खामइ
खम्	खामे	खामेइ

अथवा

प्र०पु०	कारापयामि	कारापयाम
म०पु०	कारापयसि	कारापयथ
तृ०पु०	कारापयति	कारापयंति

गुह का गूहयति इत्यादि

दुस का दूसयति　　,,

हन का घातयति, प्रा० घातेति

—देखिए पा० प्र० पृ० २२६–२२९

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४९।

४. केवल 'भम' धातु का प्रेरक अंग 'भमाड' (भम् + आड) बनता है (देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१५१)। जैसे—

भम् + अ = भामइ, भम् + ए = भामेइ

भम् + आव = भमावइ भम् + आवे = भमावेइ

भम् + अड = भमाडइ, भमाडेइ

५. आर्ष प्राकृत में कहीं-कहीं प्रेरणासूचक 'अवे' प्रत्यय का प्रयोग भी उपलब्ध होता है। 'अवे' प्रत्यय परे रहते धातु के उपान्त्य 'अ' को 'आ' होता है। जैसे—

कर् + अवे = कारवे (कारापय)—कारवेइ (कारापयति)

इस प्रकार धातु मात्र में प्रेरक अंग लगाकर उसके साथ अमुक काल और अमुक पुरुष-बोधक प्रत्यय लगाने से उनके हर प्रकार के रूप तैयार होते हैं। इन रूपों को सिद्ध करने की प्रक्रिया पिछले पाठों में बताई गयी है तथापि यहाँ उदाहरण रूप से एक-एक रूप बता दिया गया है।

प्रेरक अंग के वर्तमानकालिक रूप—

एकवचन	बहुवचन
खाम—खाममि	खाममो, खामामो
खामामि	खामिमो
खामेमि	खामेमो
खामे—खामेमि	खामेमो
खमाव—खमावमि, खमावामि	खमावमो, खमावामो
खमावेमि	खमाविमो, खमावेमो

इत्यादि।

सर्वपुरुष } खामेज्ज, खामेज्जा
सर्ववचन } खमावेज्ज, खमावेज्जा

२१

भूतकालिक रूप—

खामसी, खामही, खामहीअ　　खामंसु, खामिंसु, खामित्थ
खामेसी, खामेही, खामेहीअ
खमावसी, खमावही, खमावहीअ　खमावंसु, खमाविंसु, खमावित्थ
खमावेसी, खमावेही, खमावेहीअ

(ये सभी रूप सर्वपुरुष-सर्ववचन में प्रयुक्त होते हैं ।)

भविष्यत्काल में केवल एकवचन के रूप—

खाम—खामिस्सं खामेस्सं
खामिस्सामि, खामेस्सामि
खामिहामि, खामेहामि
खामे—खामेस्सं, खामेस्सामि, खामेहामि, खामेहिमि
खमाव—खमाविस्सं, खमावेस्सं
खमाविस्सामि, खमावेस्सामि,
खमाविहामि, खमावेहामि
खमाविहिमि, खमावेहिमि
खमावे—खमावेस्सं, खमावेस्सामि
खमावेहामि, खमावेहिमि

सर्वपुरुष } खाम—खामेज्ज, खामेज्जा
सर्ववचन } खमाव—खमावेज्ज, खमावेज्जा ।

आज्ञार्थ

खाम—खममु, खामामु, खामिमु, खामेमु
खामे—खामेसु, खामेहि, खामे
खमाव—खमावउ, खमावतु
खमावे—खमावेउ, खमावेतु

विध्यर्थ

खाम—खामिज्जामि, खामेज्जामि

खामे—खामेज्जसि, खामिज्जसि

खमाव—खमाविज्जइ, खमावेज्जइ

खमावे—खमावेज्जइ, खमाविज्जइ

खाम—खामिज्जइ, खामेज्जइ (सर्वपुरुष-सर्ववचन)।

क्रियातिपत्ति

खाम—खामंतो, खामेंतो, खामिंतो[1]

खाममाणो, खामेमाणो

खामे—खामेंतो, खामिंतो, खामेमाणो

खमाव—खमावंतो, खमावेंतो, खमाविंतो, खमावमाणो, खमावेमाणो

खमावे—खमावेंतो, खमाविंतो, खमावेमाणो

इस प्रकार प्रत्येक प्रेरक अंग में सब प्रकार के पुरुषबोधक प्रत्यय लगाकर उनके विविध रूप सिद्ध कर लेना चाहिए।

प्रेरक सह्यभेद तथा सब प्रकार के प्रेरक कृदन्त बनाने हों तब भी प्रेरक अंग में ही तत्तत् सह्यभेदी और कृदन्त के प्रत्यय जोड़कर रूप सिद्ध करें। सह्यभेद आदि के प्रत्ययों की प्रक्रिया अगले पाठों में आनेवाली है।

धातुएँ

उव + दंस् (उप + दर्शय) = दिखाना, पास जाकर बताना।

आ + सार् (आ + सृ, सार) = इधर-उधर फैलाना, ले जाना।

अ + क्खोड् (आ + क्षोद्) = खोदना, काटना।

अ + ल्लव् (उद् + लप्) = बोलना।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।३२ के अनुसार स्त्रीलिंग में 'खामंती', खाममाणी रूप होते हैं।

कील् (क्रीड्) = क्रीडा करना, खेलना ।

छोल्ल् (तक्ष्) = छीलना, छोलना, लकड़ी आदि के ऊपरी अंश (खुरदुरा अंश) छीलना, चिकना करना ।

ताव् (तापय्) = तपाना ।

झाम् (दह्) जलाना, दाह देना, दग्ध करना ।

किण् (क्री) खरीदना ।

आ + ढा (आ + दृ) आदर करना, मानना ।

प + न्नव् (प्र + ज्ञापय्) प्रज्ञापित करना, बताना ।

सं + घ् (कथ्) कहना ।

पज्जर् (प्र + उत् + चर् = प्रोच्चर, कथय्) = कहना ।

वज्जर् (वि + उत् + चर् = व्युच्चर्, कथय्) = कहना ।

चव् (वच्) = कहना ।

जंप् (जल्प्) = जल्पना, बकवास करना, बोलना, कहना ।

पिसुण् (पिसुनय) = चुगली करना, निन्दा करना ।

मुण् (ज्ञा, मुण्) = जानना ।

पिज्ज् (पा) = पीना ।

उंघ् (उद् + घ्रा, नि + द्रा) = निद्रा लेना, ऊँघना, झपकी लेना, नींद में इस तरह साँस लेना कि नाक से घर-घर की ध्वनि हो ।

अब्भुत्त् (अवभृथ) = स्नान करना ।

उ + ट्ठ (उत् + स्था) उठना ।

छाय, छाअ (छाद्) = ढ़ाँपना, ढकना, छिपाना ।

मेलव् (मेलय्) = मिलाना, एक में करना ।

जाव् (याप्) = व्यतीत करना, यापन करना ।

आ + भोय (आ + भोगय्) = ध्यानपूर्वक देखना, जानना ।

परि + णि + व्वा (परि + निर् + वा) = शान्त होना ।

अग्घ (अर्घ) = मूल्य करवाना ।

दक्खव् (दृश्) = दिखाना, कह्कर बताना ।
प + णाम् (प्र + णाम्) = देना, सेवा में अर्ज करना ।
ओ + ग्गाल् (उद् + गार) = उगलना, लोहा तथा सोना चाँदो
को प्रवाही करना—ओगालना ।
आ + रोव् (आ + रोप) = आरोपित करना ।
मर, मल् (स्मर्) = स्मरण करना ।
चय् (शक्) = शकना, खाना ।
जीह् (जिह्री) = लज्जित करना ।
अण्ह (अश्ना) = अशन करना, भोजन करना, खाना ।
आ + ढव् (आ + रभ्) = आरम्भ करना ।
चुक्क् (च्युतक) = चूकना, भ्रष्ट होना ।
पुलोअ, पुलअ (प्र + लोक्) प्रलोकना, देखना ।
पुलआअ (पुलकाय) = पुलकित होना ।
वलग्ग (विलग्न) = चिपक जाना, लिपट जाना ।
प + क्खाल् (प + क्षाल्) = प्रक्षालन करना, धोना ।
सिह् (स्पृह) = चाहना, स्पृहा करना ।
प + ट्ठव् (प्र + स्थाप्) = प्रस्थान करवाना, भेजना ।
वि + ण्णव् (वि + ज्ञप्) = विज्ञापन करना, आज्ञा देना ।
अल्लिव् (अर्पय्) = अर्पण करना ।
ओम्वाल् (उत् + प्लाव) = प्लावित करना ।
वग्गोल (रोमन्थय्, वि + उद् + गार) = व्युद्गार, जुगाली करना ।
परि + आल् (परि + वार्) = परिवृत्त करना, लपेटना ।
पयल्ल (प्र + सर) = फैलना ।
नी + हर् (निर् + सर्) = निकलना ।
समार् (सम् + आ + रच्) = सँवारना, शुद्ध करना ।
सूड्, सूर् (षूद्) = सूदना, नाश करना ।

गढ (घट) = गढ़ना ।

जम्भा (जृम्भ) = जँभाई या उबासी लेना ।

तुवर् (त्वर्) = त्वरा करना, जल्दी करना ।

पेच्छ् (प्र + ईक्ष) = देखना ।

चोप्पड् (म्रक्ष्) = चोपड़ना, घी, तेल वगैरह लगाना ।

अहि + लंख्, अहि + लंघ (अभि + लष) = अभिलाषा करना, इच्छा करना ।

चड् (चट्) = चढ़ना, वृक्ष पर चढ़ना, ऊपर चढ़ना ।

नि + क्खाल्, नि + क्खार् (नि + क्षाल्)=निखारना, साफ करना, कपड़े आदि धोना ।

वि + च्छल् (वि + क्षल) = धोना ।

सामान्य शब्द (पुंल्लिङ्ग)

खग्ग (खड्ग) = खड्ग, तलवार ।

उप्पाअ (उत्पाद) = उत्पादन, उत्पत्ति ।

रस्सि (रश्मि) = घोड़े की लगाम ।

मुइंग, मिइंग (मृदङ्ग) = मृदंग ।

विंचुअ (वृश्चिक) = बिच्छू ।

भिंग (भृङ्ग) = भृंग, भ्रमर ।

सिंगार (श्रृङ्गार) = श्रृंगार ।

निव (नृप) = नृप, राजा ।

छप्पअ, छप्पय (षट्पद) = भ्रमर, भँवरा ।

जामाउअ (जामातृक) = जामाता, लड़की का पति ।

मग्गु (मद्गु) = एक प्रकार की मछली ।

सज्ज (षड्ज) = षड्ज—स्वर विशेष, संगीत के सात स्वरों में एक स्वर ।

इसि (ऋषि) = ऋषि ।

तव (स्तव) = स्तुति, स्तवन ।

नेह (स्नेह) = स्नेह, प्रीति ।

सर (स्मर) = स्मर, कामदेव ।

पाउस (प्रावृष)=वर्षा ऋतु, बरसात ।

वुत्तंत (वृत्तान्त) = वृत्तान्त, समाचार ।

नत्तुअ, नत्तिअ (नप्तृक) = नप्तृक, नाती, लड़की का लड़का ।

वुड्ढ (वृद्ध) = वृद्ध, बूढ़ा व्यक्ति ।

कंद (स्कन्द) = स्कन्द, कार्तिकेय ।

हरिअंद (हरिश्चन्द) = हरिश्चन्द्र राजा ।

नपुंसकलिङ्ग

दुद्ध (दुग्ध) = दूध ।

सित्थ (सिक्थ) = एक कण मात्र ।

आमलय (आमलक) = आँवला ।

बिंबय (बिम्बक) = प्रतिबिंब ।

कुंडलय (कुण्डलक) = कुण्डल ।

उप्पल (उत्पल) = उत्पल, कमल ।

मसाण (श्मशान) = श्मशान, मसान ।

अहिन्नाण (अभिज्ञान) = अभिज्ञान, निशानी, वह चिन्ह जिसे देखकर पूर्व की घटना का स्मरण होना, स्मृति-चिन्ह ।

चम्म (चर्मन्) = चमड़ा, चाम ।

पुट्ठय (पृष्ठक) = पीठ अथवा पूठा ।

स्त्रीलिंग

गोट्ठी (गोष्ठी) = गोष्ठी ।

विट्ठि, वेट्ठि (विष्टि) = बेगार उतारना, अभिरुचि से काम न करना ।

घत्ती (धात्री) = धात्री, धाय ।
किवा (कृपा) = कृपा ।
घिणा (घृणा) = घृणा ।
सामा (श्यामा) = श्यामा नायिका, युवती स्त्री ।
गोरी (गौरी) = गौरी, पार्वती, गोरी स्त्री ।
रेखा, रेहा, लेहा (रेखा) = रेखा—लकीर ।
किया (क्रिया) = क्रिया—विधि-विधान ।
किसरा (कृसरा) = खिचड़ी ।
समिद्धि (समृद्धि) = समृद्धि ।

विशेषण

मुत्त (मुक्त) = मुक्त, स्वतन्त्र, बंधनहीन ।
सत्त (शक्त) = शक्त, समर्थ, शक्तिमान् ।
भुत्त (भुक्त) = भुक्त–उपभुक्त ।
नग्ग (नग्न) = नग्न, नंगा ।
निठुर (निष्ठुर) = निष्ठुर, कठोर, निर्दयी ।
छट्ठ (षष्ठ) = छठा ।
सत्त (सक्त) = सक्त, आसक्त ।
किलिन्न (क्लृन्न) = भीगा हुआ, आर्द्र ।
निच्चल (निश्चल) = निश्चल ।
गुत्त (गुप्त) = गुप्त, सुरक्षित ।
सुत्त (सुप्त) = सोया हुआ ।
मुद्ध (मुग्ध) = मुग्ध ।

वाक्य (हिन्दी)

दुर्जन पुरुष स्त्री को भ्रष्ट करवाता है ।
माता ने बालक को स्नान करवाया ।

नौकर बच्चों को खेलायेंगे।
बढ़ई लकड़ी को छीलते तो चिकनी होती।
राजा ने घी खरीदवाया।
गोपाल पशु को पानी पिलाए।
भाई बहिन को ससुराल भेजता है।
माता पुत्री के लिए आभूषण गढ़वायेगी।
वह अच्छे-अच्छे कार्यों से कीर्ति फैलाता है।
सेठ चोमासा (चतुर्मास) के पहले घर को साफ करवायेंगे।

वाक्य (प्राकृत)

सेट्ठी सरीरम्मि तेल्लं चोप्पडावइ।
निवो कुमारं हत्थिम्मि चडाविहिइ।
भिच्चो भिक्खूणं दाणं अल्लिवावसी।
इत्थीओ वेज्जस्स सरीरं देक्खावंति।
माया पुत्तं मिट्ठं किसरं अण्हावेहिइ।
नणंदा पुत्ति उंघावंतो[1] तया पुत्ती न रुवंती।
विज्जत्थी अन्नं विज्जत्थि विहाणम्मि उट्ठावेइ।
गुरू सीसं पणामावइ।
महावीरो गोयमं सरावइ।
गोयमो लोगे धम्मं सुणावइ।

---

१. क्रियातिपत्ति का स्त्रीलिङ्गी रूप है।

बीसहाँ पाठ

भावे तथा कर्मणि-प्रयोग के प्रत्यय*—

ईअ, ईय, इज्ज (य)—(देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।१६०)।

---

* पालिभाषा में भावे तथा कर्माण प्रयोग के प्रत्यय इस प्रकार हैं—

य, इय, ईय।

इन प्रत्ययों के लगने के बाद 'ति' 'ते' आदि पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने से निम्नोक्त रूप बनते हैं। 'य' लगाने के बाद अक्षरपरिवर्तन के नियमानुसार 'य' का लोप होता है और शेष व्यंजन का द्विर्भाव होता है।

तुस्—तुस्यते—तुस्सते, तुसियति

पुच्छ्—पुच्छ्यते—पुच्छते, पुच्छियति

मह्—महीयति

मथ्—मथीयति—देखिए पा० प्र० पृ० २३४।

पैशाची भाषा में कर्म में तथा भाव में 'इय्य' प्रत्यय लगता है।

—देखिए हे० प्रा० व्या० ८।४।३१५।

गा + इय्य + ते = गिय्यते (गीयते)।

दा + इय्य + ते = दिय्यते (दीयते)।

रम् + इय्य + ते = रमिय्यते (रम्यते)।

पठ् + इय्य + ते = पठिय्यते (पठ्यते)।

मात्र 'कृ' धातु को 'ईर' प्रत्यय लगता है—

कृ + ईर + ते = कीरते।

कृ + ईर + माणो = कीरमाणो।

—देखिए हे० प्रा० व्या० ८।४।३१६।

किसी भी धातु का भावप्रधान अथवा कर्म-प्रधान अंग बनाना हो तो उसके साथ 'ईअ', 'ईय' और 'इज्ज' इन तीन प्रत्ययों में से कोई एक प्रत्यय लगाना चाहिए।

ये तीनों प्रत्यय केवल वर्तमानकाल, विध्यर्थ, आज्ञार्थ और ह्यस्तन-भूतकाल में ही प्रयुक्त हो सकते हैं। अतः भविष्यत्काल तथा क्रियातिपत्ति आदि अर्थ में भावे और कर्मणि प्रयोग, कर्तरि-प्रयोग की भाँति ही समझने चाहिए।

भाव—याने क्रिया, जो प्रयोग मुख्यतः क्रिया को ही बताता है वह भावेप्रयोग होता है।

भावेप्रयोग अकर्मक धातुओं से बनता है। हिन्दी व्याकरण में 'रोना, पैदा होना, सोना, ऊंघना, लज्जित होना' आदि धातुएँ ही अकर्मक रूप से प्रसिद्ध हैं। जबकि यहाँ जिस धातु के प्रयोग में कर्म न हो अथवा अध्याहार में कर्म हो, वह सकर्मक धातु भी अकर्मक माना जाता है। इसीलिए खाना, पीना देखना, गढ़ना, करना आदि सकर्मक धातुएँ भी कर्म की अविवक्षा की अपेक्षा से अकर्मक रूप से प्रयुक्त होते हैं। इन दोनों प्रकार के अकर्मक धातुओं का भावेप्रयोग होता है।

जिसे कर्ता क्रिया द्वारा विशेष रूप से चाहता है वह कर्म—छोटी-बड़ी सभी क्रियाओं का फल। जो प्रयोग कर्म को ही सूचित करता है वह कर्मणि-प्रयोग कहलाता है।

भावे और कर्मणि प्रयोग के अंग—

भावसूचक अंग

बीह—बीहीअ, बीहिज्ज	खा–खाईअ, खाइज्ज
उंघ्—उंघीअ, उंघिज्ज	लज्ज–लज्जीअ, लजिज्ज
कह—कहीअ, कहिज्ज	बुड्ड—बुड्डीअ, बुड्डिज्ज
बोल्ल—बोल्लीअ, बोल्लिज्ज	हो—होईअ, होइज्ज।

कर्मसूचक अंग

पा—पाईअ, पाइज्ज ।	कड्ढ—कड्ढीअ, कढ्डिज्ज ।
दा—दाईअ, दाइज्ज ।	घड्—घडीय, घडिज्ज ।
झा—झाईअ, झाइज्ज ।	खा—खाइय, खाइज्ज ।
ला—लाईय, लाइज्ज ।	कह्—कहीय, कहिज्ज ।
पढ्—पढीय, पढिज्ज ।	बोल्ल्—बोलीय, बोल्लिज्ज ।

इस प्रकार धातुमात्र के भाववाची और कर्मवाची अंग बना लेवे चाहिए और तैयार हुए इस अंग में वर्तमान आदि कालवाचक तथा पुरुष-बोधक प्रत्यय लगाकर उसके रूप सिद्ध कर लें ।

वर्तमानकालिक

भावप्रधान (उदाहरण)

बीहीअइ, बीहिज्जइ (भीयते) ।

बीह् + ईअ + इ = बीही-अइ, एइ, अए, एए ।

बीह् + इज्ज + इ = बीही,-ज्जइ, ज्जेइ, ज्जए, ज्जेए ।

बीहीएज्ज, बीहीएज्जा
बीहिज्जेज्ज, बीहिज्जेज्जा } सर्वपुरुष-सर्ववचन में ।

भावप्रधान प्रयोगों में भाव—क्रिया ही मुख्य होती है । प्रथम अथवा द्वितीय पुरुष का प्रयोग इसमें सम्भव नहीं है । इसी प्रकार दो-तीन अथवा इससे अधिक संख्या का प्रयोग भी इसमें नहीं होता । अतः साधारणतः भावेप्रयोग तीसरे पुरुष के एकवचन द्वारा व्यवहार में आता हैं ।

कर्मप्रधान

भणीयइ, भणिज्जइ गंथो (भण्यते ग्रन्थः) ।

भण् + ईअ + इ = भणी-अइ, एइ, अए, एए ।

भण् + इज्ज + इ = भणि-ज्जइ, ज्जए, ज्जेए ।

भणीयंति गंथा (भण्यन्ते ग्रन्थाः)
भणिज्जंति ।
भण् + ईय + न्ति = भणी-यंति, येंति, यंते, येंते, यइरे, येइरे
भण् + इज्ज + न्ति=भणि-ज्जंति, ज्जेंति,-ज्जंते, ज्जेंते, ज्जइरे, ज्जेइरे ।
सर्वपुरुष } भणीएज्ज, भणिज्जेज्ज।
सर्ववचन }
पुच्छीयसि तुमं (पृच्छ्यसे त्वम्) ।
पुच्छिज्जसि
पुच्छ् + ईय + सि = पुच्छी-यसि, येसि, यसे, येसे ।
पुच्छ् + इज्ज + सि = पुच्छि-ज्जसि, ज्जेसि, ज्जेसे ।
पुच्छीयामि । पुच्छिज्जामि अहं (पृच्छ्ये अहम्) ।
पुच्छ् + ईय + मि = पुच्छी-यमि, यामि, येमि ।
पुच्छ + इज्ज + मि = पुच्छि-ज्जमि, ज्जामि, ज्जेमि ।
सर्वपुरुष } पुच्छीयेज्ज, पुच्छीयेज्जा
सर्ववचन } पुच्छिज्जेज्ज, पुच्छिज्जेज जा ।

आज्ञार्थ

पुच्छी-यउ, येउ, पुच्छि-ज्जउ, ज्जेउ ।
पुच्छी-यंतु, येंतु, पुच्छि-ज्जंतु, ज्जेंतु ।

विध्यर्थ

पुच्छ् + ईय = पुच्छीयिज्जामि, पुच्छीयेज्जामि (अहं पृच्छ्येय) ।
पुच्छीयिज्जामो, पुच्छीयेज्जामो (वयं पृच्छ्येमहि) ।

ह्यस्तनभूतकाल

भण्—भणीअसी, भणीअही, भणीअहीअ, भणीयइत्था, भणीयइत्थ, भणीइंसु, भणीअंसु, भणिज्जसी, भणिज्जही, भणिज्जहीअ, भणिज्जइत्था, भणिज्जइत्थ, भणिज्जिसु, भणिज्जंसु ।

अद्यतनभूतकाल

भणीअ, भणित्था, भणित्थ, भणिंसु, भणंसु ।

भविष्यत्काल

भणिस्सं, भणेस्सं, भणिस्सामि, भणेस्सामि, भणिहामि, भणेहामि, भणिहिमि, भणेहिमि आदि सभी रूप कर्तरिवाच्य के समान समझें (देखो पाठ १३) ।

क्रियातिपत्ति

भणंतो, भणमाणो, भणेज्ज, भणेज्जा (पुंलिग) ।
भणंती, भणमाणी (स्त्रीलिंग) ।
भणंता, भणमाणा (,,) ।

प्रेरक भावेप्रयोग और कर्मणिप्रयोग—

१. धातु का प्रेरक भावे अथवा कर्मणिप्रयोगी रूप बनाना हो तो मूलधातु के प्रेरणासूचक एकमात्र 'आवि' प्रत्यय लगाकर उस अंग में भावे और कर्मणि प्रयोग के सूचक उक्त ईअ, ईय, अथवा इज्ज प्रत्यय पूर्वोक्त प्रक्रिया के अनुसार लगा लेने चाहिए ।

अथवा

२. प्रेरणासूचक कोई भी प्रत्यय न लगाकर केवल मूलधातु के उपान्त्य 'अ' को 'आ' करके उसके पीछे उक्त ईअ, ईय अथवा इज्ज प्रत्यय पूर्व की भाँति लगा लें । इस प्रकार भी प्रेरक भावे और प्रेरक कर्मणि-प्रयोग के रूप बन सकते हैं । इसके सिवाय अन्य किसी भी रीति से प्रेरकभावे अथवा प्रेरककर्मणि प्रयोग के अंग नहीं बन सकते ।

'कर्' अंग के रूप

करावीअइ (काराप्यते) ।

कर् + आवि = करावि + ईअ = करावीअ, करावी-अइ, अए, असि, असे इत्यादि ।

कर्—कार + ईअ = कारीअ–कारी-अइ, अए (कार्यते)।
कारी-असि, कारी-असे (कार्यसे)।
कर् + आवि = करावि + इज्ज = कराविज्ज–ज्जइ, ज्जए (काराप्यते)।
कर् + कार—इज्ज = कारिज्ज–कारि–ज्जइ, ज्जए (कार्यते)।
कारि–ज्जसि, ज्जसे (कार्यसे)।

इस प्रकार धातुमात्र से प्रेरकभावे और प्रेरककर्मणि के अंग बनाकर सर्वकाल के रूप उक्त प्रक्रिया से तैयार कर लेने चाहिए।

भविष्यत्काल

कराविहिइ, कराविहिए, कराविस्सते (कारापयिष्यते)
(देखिए पाठ तेरहवाँ)
कराविहिसि, कराविहिसे (कारापयिष्यसे)
करावित्सामि, कराविहामि, कराविस्सं (कारापयिष्ये)
कारिस्सते, कारिहिए (कारयिष्यते) इत्यादि।

कुछ अनियमित अंग तथा उसके रूप (उदाहरण)

मूलधातु—भा० क० का अंग।
दरिस्—दीस्[1]—दीसइ (दृश्यते), दीसउ, दीससी, दीसिज्जइ, दीसिज्जउ।
वच्—वुच्च–वुच्चइ (उच्यते), वुच्चउ, वुच्चसी, वुच्चिज्जइ, वुच्चिज्जउ।
चिण्— { चिव्व[2]–चिव्वइ (चीयते), प्रे० चिव्वाविइ, चिव्वाविहिइ, चिम्म–चिम्मइ, प्रे० चिम्माविइ, चिम्माविहिइ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६१। दीस और वुच्च ये दोनों अंग केवल वर्तमान, विध्यर्थ, आज्ञार्थ और ह्यस्तनभूत में ही प्रयुक्त होते हैं।

२. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४२–२४३। चिव्व से लेकर पून्व पर्यन्त के अंग सह्यभेद के सिवाय कहीं भी प्रयुक्त नहीं होते।

हण्[1]—हम्म–हम्मइ (हन्यते), हम्माविइ, हम्माविहिइ ।
खण्—खम्म–खम्मए (खन्यते), खम्माविइ, खम्माविहिइ ।
दुह्[2]—दुब्भ–दुब्भते (दुह्यते), दुब्भाविइ, दुब्भाविहिइ ।
लिह्[2]—लिब्भ–लिब्भए (लिह्यते), लिब्भाविइ, लिब्भाविहिइ ।
वह्[2]—वुब्भ–वुब्भए (उह्यते), वुब्भाविइ, वुब्भाविहिइ ।
रुंभ्[2]—रुब्भ–रुब्भए (रुध्यते), रुब्भाविइ, रुब्भाविहिइ।
डह्[3]—डज्झ–डज्झए (दह्यते), डज्झाविइ, डज्झाविहिइ ।
बंध्[4]—बज्झ–बज्झए (बध्यते), बज्झाविइ, बज्झाविहिइ ।
सं[5] + रुध्—संरुज्झ–संरुज्झए (संरुध्यते), संरुज्झाविइ, संरुज्झाविहिइ।
अणु + रुध्—अणुरुज्झ–अणुरुज्झए (अनुरुध्यते), अणुरुज्झाविइ, अणुरुज्झाविहिइ ।
उव + रुध्—उवरुज्झ–उवरुज्झए (उपरुध्यते), उवरुज्झाविइ, उवरुज्झाविहिइ ।
गम्[6]—गम्म–गम्मए (गम्यते), गम्माविइ, गम्माविहिइ ।
हस्—हस्स–हस्सते (हस्यते), हस्साविइ, हस्साविहिइ ।
भण्—भण्ण–भण्णते (भण्यते), भण्णाविइ, भण्णाविहिइ ।
छुप्, छुव्—छुप्प–छुप्पते (छुप्यते=स्पृश्यते), छुप्पाविइ, छुप्पाविहिइ।
रूव्—रूव्व–रूव्वए (रुद्यते), रूव्वाविइ, रूव्वाविहिइ।
लभ्—लब्भ–लब्भए (लभ्यते), लब्भाविइ, लब्भाविहिइ ।
कथ्—कत्थ–कत्थते (कथ्यते), कत्थाविइ, कत्थाविहिइ ।
भुंज्—भुज्ज–भुज्जते (भुज्यते), भुज्जाविइ, भुज्जाविहिइ ।
हर्[7]—हीर–हीरते (ह्रियते), हीराविइ, हीराविहिइ ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४५।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४७।
५. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४८। ६. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४९।
७. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५०।

तर्—तीर्–तीरते (तीर्यते) तीराविइ, तीराविहिइ ।

कर्—कीर्–कीरते (क्रियते) कीराविइ, कीराविहिइ ।

जर्—जीर्–जीरते (जीर्यते) जीराविइ, जीराविहिइ ।

अज्ज्[१]—विढप्प–विढप्पते (अर्ज्यते) विढप्पाविइ, विढप्पाविहिइ ।

जाण्[२]—णज्ज—णज्जते (ज्ञायते) णज्जाविइ, णज्जाविहिइ ।
णव्व —(णव्वते) णव्वाविइ, णव्वाविहिइ ।

[३]वि + आ + हर्—वाहर्—वाहिप्पते (व्याह्रियते) वाहिप्पाविइ, वाहिप्पाविहिइ ।

गह्[४]—घेप्प–घेप्पते (गृह्यते) घेप्पाविइ, घेप्पाविहिइ ।

छिव्[५]—छिप्प–छिप्पते (स्पृश्यते) छिप्पाविइ, छिप्पाविहिइ ।

सिच्[६]—सिप्प–सिप्पते (सिच्यते) सिप्पाविइ, सिप्पाविहिइ ।

निह्[७]— ,, ,, (स्निह्यते)

जिण्[८]—जिव्व–जिव्वते (जीयते) जिव्वाविइ, जिव्वाविहिइ ।

सुण्—सुव्व–सुव्वते (श्रूयते) सुव्वाविइ, सुव्वाविहिइ ।

हुण्—हुव्व–हुव्वते (हूयते) हुव्वाविइ, हुव्वाविहिइ ।

थुण्—थुव्व–थुव्वते (स्तूयते) थुव्वाविइ, थुव्वाविहिइ ।

लुण्—लुव्व–लुव्वते (लूयते) लुव्वाविइ, लुव्वाविहिइ ।

धुण्—धुव्व–धुव्वते (धूयते) धुव्वाविइ, धुव्वाविहिइ ।

पुण्—पुव्व–पुव्वते (पूयते) पुव्वाविइ, पुव्वाविहिइ ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५१। 'विढप्प' यह अंग 'अर्ज' धातु के अर्थ में प्रयुक्त होता है लेकिन उसका मूलस्वरूप 'अर्ज' में नहीं, 'अर्ज'—'अज्ज' और विढप्प में परस्पर कोई समानता नहीं उपलब्ध होती ।
२. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५२ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५३ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५६ । ५. हे० प्र० व्या० ८।४।२५७। ६. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५५ । ७. हे० प्रा० व्या० ८।४।२५४ । ८. हे० प्रा० व्या० ८।४।२४२ ।

*स्त्रीलिङ्ग सर्वादि शब्द

'सव्वी' 'सव्वा' 'ती' 'ता' 'जी' 'जा' 'की' 'का' 'इमी' 'इमा' 'एई' 'एआ' और 'अमु' इत्यादि स्त्रीलिंगी सर्वादि शब्दों के रूप 'माला', 'नदी' (? धेणु) की भाँति होते हैं।

विशेषता यह है।

ती, ता / णी, णा } (तत् का स्त्री० ता) शब्द के रूप

प्र०	सा (सा)	तीआ, तीउ, तीओ, ती।
		ताउ, ताओ, ता (ताः)
द्वि०	तं (ताम्)	तीआ, तीउ, तीओ, ती
	णं	ताउ, ताओ, ता (ताः)
तृ०	तीअ, तीआ[1] तीई, तीए,	तीहि, तीहिं, तीहिँ।
	ताअ, ताई, ताए, (तया)	ताहि, ताहिं, ताहिँ।
च० } ष०	से[2]	सिं[3]
	तास, तिस्सा, तीसे (तस्यै, तस्याः)	
	तीअ, तीआ, तीइ, तीए	तेसिं (तासाम्)
	ताअ, ताइ, ताए	ताण, ताणं (तानाम् ?)
स०	ताहि[4] (तस्याम्)	तासु, तासुं (तासु)
	तीअ, तीआ, तीइ, तीए।	
	ताअ, ताइ, ताए।	

'णी' और 'णा' के रूप भी 'ती' और 'ता' के समान ही होते हैं।

---

* स्त्रीलिंगी 'सर्व' आदि शब्दों के पालिरूप के लिए देखिए पा० प्र० पृ० १४०, १४३, १४५, १४७, १५० वगैरह।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२६। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।६२।६४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।८१। ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।६०।

जो, जा (यत् का स्त्री० या) शब्द के रूप

प्र० जा (या) — जीआ, जीउ, जीओ, जी ।
जाउ, जाओ, जा (याः)

द्वि० जं (याम्) — ,, ,, ,, (,,)

च० } जास, जिस्सा, जीसे — जाण, जाणं (यासाम्)
ष० } (यस्यै, यस्याः) — (यानाम् ?)

जीअ, जीआ, जीइ, जीए ।

जाअ, जाइ, जाए ।

स० जाहिं (यस्याम्) — जासु (यासु)

जीअ, जीआ, जीइ, जीए, जासुं

जाअ, जाइ, जाए ।

की, का (किम् का स्त्री० का) शब्द के रूप

प्र० का (का) — कीआ, कीउ, कीओ, की ।
काउ, काओ, का (काः)

द्वि० कं (काम्) — ,, ,, ,, (,,)

च० } किस्सा, कीसे, कास
ष० } (कस्यै, कस्याः) — काण, काणं (काभ्यः, कासाम्)

कीअ, कीआ, कीइ, कीए ।

काअ, काइ, काए ।

स० काहिं — कीसु, कीसुं

कीअ, कीआ, कोइ, कीए — कासु, कासुं (कासु)

काअ, काइ, काए (कस्याम्)

इमा, इमी (इदम् का स्त्री० इमा) शब्द का रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	इमिआ, इमा, इमी (इयम्)	इमीका, इमीउ, इमीओ इमाउ, इमाओ, इमा (इमाः)
तृ०	इमीअ, इमीआ, इमीइ, इमीए इमाअ, इमाइ, इमाए (अनया)	इमीहि, इमीहिं, इमीहिँ इमाहि, इमाहिं, इमाहिँ आहि, आहिं, आहिँ (आभिः)
च० ष०	से[1] इमीअ, इमीआ, इमीइ, इमीए इमाअ, इमाइ, इमाए (अस्यै)	सिं[2] इमीण, इमीणं इमाण, इमाणं (आभ्यः, आसाम्)

एआ, एई (एतत् का स्त्री० एता) का रूप

प्र०	एसा, एस, इणं, इणमो (एषा)	एईआ, एईउ, एईओ, एई एआउ, एआओ, एआ (एताः)
च० ष०	से[3] एइअ, एईआ, एईइ, एईए एआअ, एआइ, एआए (एतस्मै, एतस्याः)	सिं[3] (एतासाम्) एईण, एईणं एआण, एआणं (एतानाम् ?)

(उक्त रूपों में ईकारान्त और आकारान्त अंग के सभी रूप नहीं दिए गए हैं लेकिन वे सभी इसी पद्धति से समझ लें ।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।६२।६४। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।८१ ।
३. हे० प्रा० व्या० ८।३।८१ ।

अमु (अदस्) शब्द के रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	अह[1], अमू	अमूउ, अमूओ, अमू (अमूः)

शेष रूप 'धेणु' की भाँति होंगे।

सामान्य शब्द

केवट्ट (कैवर्त) = केवट, खेवट, नौका चलानेवाला।
जट्ट (जर्त)) = एक जाति, जाट, कृषक, किसान जाति के लोग।
धुत्त (धूर्त) = धूर्त, शठ, वंचक।
मुहुत्त (मुहूर्त) = मुहूर्त।
सय्ह (सह्य) = सह्याद्रि, एक पर्वत विशेष।
गुय्ह (गुह्य) = गुह्यक—यक्ष, गुह्य--गुप्त, गूढ़।
सव्वज्ज (सर्वज्ञ) = सर्वज्ञ, सब को जाननेवाला।
देवज्ज (दैवज्ञ) = दैव—भाग्य को जाननेवाला।
किलेस (क्लेश) = क्लेश, कलह।
पिलोस (प्लोष) = प्लोष—दाह, दहन।
कलाव (कलाप) = कलाप—समूह।
साव (शाप) = श्राप, शाप।
सवह (शपथ) = शपथ, सौगन्ध।
पल्हाअ (प्रह्लाद) = 'प्रह्लाद' नामक एक राजकुमार।
आल्हाअ, आल्हाद (आह्लाद) = आह्लाद, आनन्द।
पज्ज (प्राज्ञ) = प्राज्ञ, बुद्धिमान्।
सिलोग, सिलोअ (श्लोक) = श्लोक, कीर्ति।
सिलिम्ह (श्लेष्मन्) = श्लेष्म, कफ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।८७।८८।८९।

कासव (काश्यप) = कश्यप गोत्र का ऋषि–ऋषभदेव अथवा महावीर स्वामी।

कविल (कपिल) = कपिल ऋषि।

वाक्य (हिन्दी)

केवट से सरोवर तिरा जाता है।

पिता द्वारा प्रह्लाद बांधा जाता है।

कश्यप द्वारा चण्डाल स्पर्श किया जाता है।

राजा द्वारा कीर्ति इकट्ठी की जाती है।

कपिल द्वारा तत्त्व कहा जाता है।

ऋषभदेव द्वारा धर्म कहा जाता है।

सर्वज्ञ द्वारा क्लेश जीते जाते हैं।

उसके द्वारा शास्त्र सुनाया जाता है।

जिसके द्वारा बकरा होमा जाता है उसके द्वारा धर्म नही जाना जाता।

वाक्य (प्राकृत)

निवेण सत्तुणो जिव्वंति।

गोवालेण गउओ दुब्भते।

भारवहेहिं भारो वुब्भए।

दायारेण दाणेण पुण्णाइ लब्भंते।

मुणिणा संजमो घप्पते।

मालाआरेण जलेण उज्जाणाणि सिप्पंते।

कसिबलेण तणाइं लूव्वंति।

सोयारेहिं मत्थयाइं घुव्वंते।

वद्धमाणेण मम घरं पुव्वते।

बालेण गामो गम्मइ।

बालेहिं हस्सइ।

इक्कीसवाँ पाठ

व्यञ्जनान्त शब्द

प्राकृत में रूपाख्यान के समय कोई भी शब्द व्यञ्जनान्त नहीं रहता। अतः सभी के रूप स्वरान्त की भाँति समझने चाहिए। 'अत्' और 'अन्' अन्त वाले नामों (शब्दों) के रूप में जो विशेषता है वह इस प्रकार है :—

नाम के अन्त में वर्तमान कृदन्त-सूचक 'अत्'[1] प्रत्यय के स्थान में 'अंत' तथा मत्वर्थीय 'मत्' प्रत्यय के स्थान में 'मंत'[2] अथवा 'वंत'[2] का व्यवहार होता है।

अत्—भवत्—भवंत।
गच्छत्—गच्छंत।
नयत्—नयंत, नेंत।
गमिष्यत्—गमिस्संत।
भविष्यत्—भविस्संत।

मत्—भगवत्—भगवंत।
गुणवत्—गुणवंत।
धनवत्—धणवंत।
ज्ञानवत्—णाणवंत, नाणवंत।
नीतिमत्—नीइवंत, णीइवंत।
ऋद्धिमत्—रिद्धिवंत।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१८१। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५९।

'अन्त' प्रत्ययान्त नामों के सभी रूप अकारान्त नाम (शब्द) की भाँति होते हैं :—

भगवंतो, भगवंतं, भगवंतेण इत्यादि रूप 'वीर' की भाँति समझने चाहिए।

'अत्' प्रत्ययान्त नामों के कुछ अनियमित रूप

भगवत्

प्र० ए० भगवं[1] (भगवान्)
प्र० व० भगवंतो (भगवन्तः)
तृ० ए० भगवता, भगवया (भगवता)
ष० ए० भगवतो, भगवओ (भगवतः)
सं० ए० भगवं[2] !, भयवं !, भयव ! (हे भगवन् !)

भवत्

प्र० ए० भवं[3] (भवान्)
प्र० ब० भवंतो (भवन्तः)
द्वि० ए० भवंतं (भवन्तम्)
द्वि० ब० } भवतो (भवतः) / भवओ
तृ० ए० } भवता (भवता) / भवया
ष० ब० } भवतो (भवतः) / भवओ (,,)
ष० व० भवयाण (भवताम्)

'अन्' प्रत्ययान्त नामों के 'अन्' को विकल्प से 'आण' होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।५६।) । जैसे—

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५ । २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५ ।

अध्वन्—[अध्व् + अत् = अद्ध + आण = अद्धाण] अद्धाण, अद्ध ।

आत्मन्—अप्पाण, अप्प, अत्ताण, अत्त ।

उक्षन्—उच्छाण, उच्छ, उक्खाण, उक्ख ।

ग्रावन्—गावाण, गाव ।

युवन्—जुवाण, जुव ।

तक्षन्—तच्छाण, तच्छ, तक्खाण, तक्ख ।

पूषन्—पूसाण, पूस ।

ब्रह्मन्—बम्हाण, बम्ह ।

मघवन्—मघवाण, मघव ।

मूर्धन्—मुद्धाण, मुद्ध ।

राजन्—रायाण, राय ।

श्वन्—साण, स ।

सुकर्मन्—सुकम्माण, सुकम्म ।

इन सब नामों के रूप अकारान्त नाम की भाँति बना लेना चाहिए :—

अद्धाणो, अद्धाणं, अद्धाणेण ।

अद्धो, अद्धं, अद्धेण ।

साणो, साणं, साणेण ।

सो, सं, सेण ।

रायाणो, रायाणं, रायाणेण ।

रायो, रायं, रायेण इत्यादि ।

जब नाम (शब्द) के अन्तिम 'अन्' को 'आण' नहीं होता तब उनके कुछ अन्य रूप भी बनते हैं ।

※'राय' (राजन्) शब्द के रूप

	एकव०	बहुव०
प्र०	÷राया[1] (राजा)	राइणो[2], रायाणो[3] (राजानः)
द्वि०	राइणं[4] (राजानं)	,, ,, रण्णो[5] (राज्ञः)

★ पालि भाषा में राजन् वगैरह शब्दों के रूप थोड़े भिन्न होते हैं। जैसे—प्राकृत में 'राय' शब्द है वैसे पालि में 'राज' शब्द है। पालि में 'राज' शब्द के रूप अकारान्त के समान होते हैं।

राजा	राजानो
राजानं, राजं	राजानो
राजेन	राजेभि, राजेहि इत्यादि।

प्राकृत में जहाँ 'रण्णा' जैसे दो णकारवाले रूप होते हैं वहाँ पालि में रञ्ञा, रञ्ञो ऐसे दो 'ञ्ञ' कार वाले रूप होंगे और प्राकृत में जहाँ राइणा, राइणो इत्यादिक 'इ' कार वाले रूप होते हैं वहाँ पालि में राजिना, राजिनो इत्यादि रूप बनेंगे और तृ० बहु० राजूभि तथा च०-ष० बहुवचन में राजूनं, रञ्ञं सप्तमी के एकवचन में राजिनि, बहुव० में राजुसु इत्यादिक रूप होते हैं (देखिए पा० प्र० पृ० १२३)।

पालि में अत्त, अत्तन, अत्तान (आत्मन्) के रूप अकारान्त 'बुद्ध' के समान होते हैं। विशेषता यह है कि द्वि० ब० अत्तानो, तृ० ए० अत्तना, च०-ष० ए० अत्तनो, च०-ष० ब० अत्तानं, स० ए० अत्तनि ऐसे रूप भी होते हैं।

ब्रह्म, ब्रह्मु (ब्रह्मन्) के रूप :—

प्र० ब्रह्मा, ब्रह्मानो

द्वि० ब्रह्मानं ,,

तृ० ब्रह्मुना इत्यादि होते हैं।

पालि में 'ब्रह्मु' के रूप उकारान्त की तरह होंगे।

तृ०	राइणा[६], रण्णा (राज्ञा)	[७]राईहि, राईहिं, राईहिँ (राजभिः)
च०	राइणो[८], रण्णो + (राज्ञः)	राईणं[१], राईण, राइणं[१] (राज्ञाम्)
पं०	राइणो[८], रण्णो (राज्ञः)	राइत्तो[१०], राईतो, राईओ राईउ (राजतः) राईहि, राईहितो (राजभ्यः)
ष०	राइणो, रण्णो (राज्ञः)	राईण[१], राईणं, (राज्ञाम्) राइणं[१]

अद्ध, अद्धु (अध्वन्) के रूप पालि में ब्रह्म, ब्रह्मु को तरह समझें।

इसी प्रकार युवान, युव (युवन्); स, सान (श्वन्) के रूपों के लिए पा० प्र० पृ० १२५ से १२७ तक देख लें और पुम, पुमु (पुमन्) के रूप के लिए भी देखिए पा० प्र० पृ० १३०–१३१।

÷ मागधी में 'लाया', 'लाइणो', 'लायाणो' इत्यादि रूप होंगे।

+ पैशाची में 'रण्णा' के स्थान में 'राचिञा', 'रण्णो' के स्थान में राचिञो' रूप भी होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।३०४) और प्राकृत में जहाँ 'ण्ण'—दो ण कारयुक्त रूप है वहाँ पैशाची में 'ञ्ञ'—दो ञकार युक्त रूप होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।३०३)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।४९। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।५०।५२। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।५०। ४. हे० प्रा० व्या० ८।३।५३। ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।४२। तथा ८।१।३७। यह 'रण्णो' रूप 'राज्ञः' शब्द से सिद्ध करना। ६. हे० प्रा० व्या० ८।३।५१।५२ तथा ५५। ७. हे० प्रा० व्या० ८।३।५४। ८. हे० प्रा० व्या० ८।३।५०।५२ तथा ५५। ९. हे० प्रा० व्या० ८।३।५४। तथा ५३। १०. हे० प्रा० व्या० ८।३।५४।

स०	राइंसि[11], राइम्मि (राज्ञि)	राइसु[12], राईसुं (राजसु)
सं०	हे राया ! (हे राजन् !)	राइणो, रायाणो (राजानः)

अत्त अथवा अप्प (आत्मन्=आत्मा) शब्द के रूप

प्र०	अप्पा[13], अत्ता (आत्मा)	अप्पाणो (आत्मानः)
द्वि०	अप्पिणं[14], अत्ताणं (आत्मानम्)	,, (,,)
तृ०	अप्पणिआ[15], अप्पणइआ अप्पणा, (आत्मना) अत्तणा	अप्पेहि, अप्पेहिं, अप्पेहिँ (आत्मभिः)
च० ष०	अप्पाणो (आत्मनः) अत्तणो	अप्पिणं (आत्मनाम्)
पं०	अप्पाणो (आत्मनः)	अप्पत्तो, अप्पतो (आत्मतः)

इत्यादि ।

'पूस' (पूषन्=इन्द्र, सूर्य) शब्द के रूप

प्र०	पूसा (पूषा)	पूसाणो (पूषणः)
द्वि०	पूसिणं (पूषणं)	,, (पूष्णः)
तृ०	पूषणा (पूष्णा)	पूसहि, पूसहिं, पूसहिँ (पूषभिः)
च० ष०	पूसाणो (पूष्णः)	पूसिणं (पूष्णाम्)
पं०	,, ,,	पूसत्तो, पूसतो (पूषतः)

इत्यादि ।

---

११. हे० प्रा० व्या० ८।३।५२ । १२. हे० प्रा० व्या० ८।३।५४ ।
१३. हे० प्रा० व्या० ८।३।४९ । १४. हे० प्रा० व्या० ८।३।५३ ।
१५. हे० प्रा० व्या० ८।३।५७ ।

मघव, महव (मघवन्) शब्द के रूप

प्र० मघवं[1], मघवा (मघवा) मघवाणो (मघवन्तः)

इत्यादि 'पूसा' की भाँति ।

रूप की प्रक्रिया

प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	+	णो
द्वि०	इणं	
तृ०	णा	
च०, ष०	णो	इणं
पं०	णो	
स०	+	णो

+ इस चिह्न वाले अर्थात् प्रथमा और सम्बोधन के एकवचन में राय, पूस, मघव, आदि नामों के अन्त्य स्वर को दीर्घ होता है :—

राय = राया, मघव = मघवा, पूस = पूसा ।

'णा' प्रत्यय को छोड़ 'ण'कारादि प्रत्यय परे रहने पर पूस आदि शब्दों के अन्त्य स्वर को दीर्घ होता है :—

पूस + णो = पूसाणो, राय + णो = रायाणो।

अपवाद

प्रथमा और सम्बोधन के सिवाय णकारादि प्रत्यय परे रहने पर 'राय' के स्थान में 'राइ' और 'रण्' का उपयोग होता है। जैसे—

राय + णा = राइणा, रण्णा ।

राय + णो = राइणो, रण्णो ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६५ ।

प्रथमा और सम्बोधन के बहुचन में 'णो' प्रत्यय लगने पर 'राय' के स्थान में केवल 'राइ' का ही उपयोग होता है ।

'इणं' प्रत्यय परे रहने पर 'राय' के 'य' कार का लोप हो जाता है। जैसे—

राय + इणं = राइणं (राजानम्)

राय + इणं = राइणं (राज्ञाम्)

संकेत :—राइ + ण = राईण, राईणं इन रूपों में 'इणं' प्रत्यय नहीं है बल्कि षष्ठी बहुवचन का 'ण' प्रत्यय है ।

'अन्' प्रत्ययान्त किसी-किसी शब्द को तृतीया के एकवचन में 'उणा' और पञ्चमी तथा षष्ठी के एकवचन में 'उणो' प्रत्यय लगता है । जैसे :—

कम्म (कर्मन्)

कम्म + उणा = कम्मुणा (कर्मणः) ।

कम्म + उणो = कम्मुणो (कर्मणः)।

कुछ अनियमित रूप

मणसा (मनसा)
मणसो (मनसः)
मणसि (मनसि)
मणसि (मनसि)
वयसा (वचसा)
सिरसा (शिरसा)
कायसा (कायेन)
कालधम्मुणा (कालधर्मेण)

*'तद्धित' प्रत्ययों का उदाहरण

१. 'उसका यह'—इस अर्थ में 'केर' प्रत्यय लगता है। जैसे—

अम्ह + केरं = अम्हकेरं[1] (अस्माकं इदम्—अस्मदीयम्)=हमारा।

तुम्ह + केरं = तुम्हकेरं (युष्माकम्–इदम्=युष्मदीयम्) = तुम्हारा।

पर + केरं=परकेरं (परस्य इदम्=परकीयम्) = पराया।

राय + केरं = रायकेरं (राज्ञः इदम् = राजकीयम्) = राजा का।

२. 'तत्र भवं'—'उसमें होने वाला' अर्थ में 'इल्ल' और 'उल्ल' प्रत्ययों का उपयोग होता है। जैसे—

गाम + इल्ल = गामिल्लं[2] (ग्रामे भवं) = ग्राम में होनेवाला।

घर + इल्ल = घरिल्लं (गृहे भवं) = घरेलू, घर में होने वाला।

अप्प + उल्ल = अप्पुल्लं (आत्मनि भवं) = आत्मा में होनेवाला।

नयर + उल्ल = नयरुल्लं (नगरे भवं) = नगर में होनेवाला।

३. 'इव'—'उसके जैसा' अर्थ में 'व्व'[3] प्रत्यय का उपयोग होता है। यथा :—

महुर व्व पाडलिपुत्ते पासाया (मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादाः)।

४. 'इमा'[4], 'त्त', 'त्तण' प्रत्यय 'भाव'* अर्थ का सूचक है। जैसे—

पीणा + इमा = पीणिमा (पीनिमा–पीनत्वम्)=पीनत्व, पीनता, मोटापा, मोटापन।

★ पालि भाषा में तद्धित प्रत्ययों की समझ के लिए संकीर्णकल्प में आया हुआ 'तद्धित' का प्रकरण देखना चाहिए (देखिए पा० प्र० पृ० २५६-२६१)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४७। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६३।

३. ८।२।१५०। ४. हे० प्रा० व्या०८।२।१५४।

★ 'भाव' अर्थ में पालि में भी 'त्तन' प्रत्यय होता है।

देव + त्त = देवत्तं (देवत्वम्) = देवपना, देवत्वं ।

बाल + त्तण = बालत्तणं (बालत्वं) = बचपन, शिशुत्व, बालत्व ।

५. 'बार' *अर्थ को बताने के लिए 'हुत्तं'[1] और 'खुत्तो' प्रत्यय का उपयोग होता है । जैसे :—

एग + हुत्तं = एगहुत्तं (एककृत्वः–एकवारम्) = एक बार ।

ति + हुत्तं = तिहुत्तं (त्रिकृत्वः–त्रिवारम्) = तीन बार ।

ति + खुत्तो = तिखुत्तो, तिक्खुत्तो } (त्रिकृत्वः ,,) ,,

६. आल[2], आलु, इत्त, इर, इल्ल, उल्ल', मण, मंत और वंत आदि प्रत्यय 'वाले' अर्थ को प्रकट करते हैं । जैसे :—

आल—रस + आल = रसाल (रसवान्) = रसवाला ।

जटा + आल = जटाल (जटावान्) = जटाओं वाला ।

आलु—दया + आलु = दयालु (दयालुः) = दयालु, दयावाला ।

लज्जा + आलु = लज्जालु (लज्जालुः) = लज्जावाला ।

इत्त — मान + इत्त = माणइत्तो (मानवान्) = मानवान, मानवाला ।

इर — रेहा + इर = रेहिरो (रेखावान्) = रेखावान, रेखावाला ।

गव्व + इर = गव्विरो (गर्ववान्) = गर्ववान, गर्ववाला ।

इल्ल—सोभा + इल्ल = सोभिल्लो (शोभावान्) = शोभावान् ।

---

*'बार' अर्थ में 'क्खंत्तु'' प्रत्यय होता है जैसे—द्विक्खत्तुं—दो बार । आर्ष प्राकृत में 'हुत्तं' का प्रयोग कम दीखता है परन्तु 'क्खुत्तो' का प्रयोग अधिक होता है । जैसे—दुक्खुत्तो (दो बार), तिक्खुत्तो (तीन बार) ऐसे रूप होते हैं ।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५८ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५९ ।

उल्ल—सद्द + उल्ल = सद्दल्लो (शब्दवान्) = शब्दवान्, शब्दवाला।
मण—धण + मण = धणमणो (धनवान्) = धनवान।
सोहा + मण = सोहामणो (शोभावान्) = सुहावना, शोभावान्।
बीहा + मण = बीहामणो (भयवान्) = भयावना, भय वाला।

मंत—धी + मंत = धीमंतो (धीमान्) = धीमंत, बुद्धिमान्।
वंत—भत्ति + वंत = भत्तिवंतो (भक्तिमान्) = भक्तिवंत।

७. 'त्तो'[1] प्रत्यय पञ्चमी विभक्ति को सूचित करता है।

सव्व + त्तो = सव्वत्तो (सर्वतः) = सब प्रकार से, सब ओर से।
क + त्तो = कत्तो (कुतः) = कहाँ से, किससे।
ज + त्तो = जत्तो (यतः) = जहाँ से, जिससे।
त + त्तो = तत्तो (ततः) = वहाँ से, उससे।
इ + त्तो = इत्तो (इतः) = यहाँ से, इससे।

८. 'हि'[2], 'ह' और 'त्थ' प्रत्यय सप्तमी के अर्थ सूचित करते हैं। जैसे :—

ज + हि = जहि (यत्र) = यहाँ।
ज + ह = जह ,, ,,
ज + त्थ = जत्थ (यत्र) ,,
त + हि = तहि (तत्र) = वहाँ।
त + ह = तह ,, ,,
त + त्थ = तत्थ ,, ,,
क + हि = कहि (कुत्र) = कहाँ।
क + ह = कह ,, ,,
क + त्थ = कत्थ (कुत्र) ,,

---

१. हे० प्रा० व्या ८।२।१६०। २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६१।

९. 'उसका तेल'[1]—इस अर्थ में 'एल्ल' (तैल[2]) प्रत्यय का प्रयोग होता है। जैसे :—

कडुअ + एल्ल = कडुएल्लं (कटुकस्य तैलम्–कटुकतैलं) = कडुवा तेल, सरसों का तेल।

दीव + एल्ल = दीवेल्लं (दीपस्य तैलम्–दीपतैलम्) = दीपक का तेल।

एरंड + एल्ल = एरंडेल्लं (एरण्डस्य तैलम्–एरण्ड तैलम्) = एरण्डी–का तेल।

धूप + एल्ल = धूपेल्लं (धूपस्य तैलम्–धूपतैलम्) = धूपयुक्त तेल।

१०. 'स्वार्थ'[3] अर्थ को सूचित करने के लिए 'अ', 'इल्ल' और 'उल्ल' प्रत्यय का व्यवहार विकल्प से होता है। जैसे :—

चन्द्र + अ = चन्द्रओ, चन्द्रो (चन्द्रकः) = चाँद, चन्द्रमा।

पल्लव + इल्ल = पल्लविल्लो, पल्लवो (पल्लवकः) = पल्ला, किनारा।

हत्थ + उल्ल = हत्थुल्लो, हत्थो (हस्तकः) = हाथ।

११. कुछ अनियमित तद्धित :—

एक्क[4] + सि = एक्कसि
एक्क + सिअं = एक्कसिअं } (एकदा) = एक समय।
एक्क + इआ = एक्कइआ

भ्रू[5] + मया = भुमया } (भ्रूः) = भौंह।
भ्रू + मया = भमया

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५५। २. दीपस्य तैलं—'दीपतैलं' शब्द में 'तैल' शब्द ही किसी समय अपना स्वतन्त्र व्यक्तित्व खोकर प्रत्यय बना होगा। इसीलिए भाषा में (गुजराती भाषा में) 'धूपेल' में तैल शब्द समा गया है तो भी 'धूपेल तेल' शब्द का व्यवहार होता है।

३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६४। ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६२। ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६७।

सण[1] + इअ = सणिअं (शनैः) = धीरे-धीरे ।
उवरि[2] + ल्ल = अवरिल्लो (उपरितनः) = ऊपर का ।

ज[3] + एत्तिअ = जेत्तिअं
ज + एत्तिल = जेत्तिलं
ज + एद्दह = जेद्दहं
} (यावत्) = जितना ।

त + एत्तिअ = तेत्तिअं
त + एत्तिल = तेत्तिलं
त + एद्दह = तेद्दहं
} (तावत्) = उतना ।

क + एत्तिअ = केत्तिअं
क + एत्तिल = केत्तिलं
क + एद्दह = केद्दहं
} (कियत्) = कितना ।

एत + एत्तिअ = एत्तिअं
एत + एत्तिल = एत्तिल्लं
एत + एद्दह = एद्दहं
} (एतावत्) = इतना ।
(इयत्) ,,

पर[4] + क्क = परक्कं, पारक्क (परकीयम्) = पराया ।
राय + क्क = रायक्क (राजकीयम्) = राजा का, राज का ।
अम्ह[5] + एच्चय = अम्हेच्चयं (अस्मदीयम्) = हमारा ।
तुम्ह + एच्चय = तुम्हेच्चयं (युष्मदीयम्) = तुम्हारा ।
सव्वंग[6] + इअ = सव्वंगिअं (सर्वाङ्गीणम्) = सर्वाङ्गीण, सब अंगों में व्याप्त ।

पह[7] + इअ = पहिओ (पथिकः) = पथिक ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६८ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६६ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५७ ।
४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४८ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४९ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५१ । ७. हे० प्रा० ८।२।१५२ ।

अप्प[1] + णय = अप्पणयं (आत्मीयम्) = अपना ।

कुछ वैकल्पिक रूप

नव[2] + ल्ल = नवल्लो, नवो (नवकः) = नया, नवीन ।

एक + ल्ल + एकल्लो, एक्को (एककः) = एक, अकेला ।

मनाक्[3] + अयं = मणयं
,, + इयं = मणियं } (मनाक्) = थोडा, इषत् ।

मिस्स[4] + आलिअ = मीसालिअं, मोसं (मिश्रम्) = मिश्र–मिला हुआ, मसाले वाला आदि ।

दीघ[5] + र = दीघरं, दीघं, दिग्घं, (दीर्घं) = दीर्घ, लम्बा ।

विज्जु[6] + ल = विज्जुला (विद्युत्) = बिजली ।

पत्त + ल = पत्तलं, पत्त (पत्रम्) = पत्तल, पत्ता ।

पीत + ल = पीअलं, पीतलं, पीवलं, पीअं (पीतम्) = पीला ।

अन्ध + ल = अंधलो (अन्धः) = अन्धा ।

तद्धितान्त शब्द

धणि (धनिन्) = धनी, धनाढ्य, साहुकार, श्रीमंत ।

अत्थिअ (आर्थिक) = आर्थिक, अर्थ सम्बन्धी ।

आरिस (आर्ष) = ऋषिओं द्वारा भाषित, कहा हुआ ।

मईय (मदीय) = मेरा ।

कोसेय (कौशेय) = कौशेय, रेशमी वस्त्र ।

हेट्ठिल (अधस्तनः) = नीचे का ।

जया (यदा) = जब ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१५३ । २. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६५ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।२।१६९ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७० । ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७१ । ६. हे० प्रा० व्या० ८।२।१७३ ।

अण्णया (अन्यदा) = अन्य समय में ।
तवस्सि (तपस्विन्) = तपस्वी ।
मणंसि (मनस्विन्) = मनस्वी, बुद्धिमान् ।
काणीण (कानीन) = कन्या का पुत्र—व्यास ऋषि ।
वम्मय (वाङ्मय) = वाङ्मय, शास्त्र ।
पिआमह (पितामह) = दादा, पिता का पिता ।
उवरिल्ल (उपरितन) = ऊपर का ।
कया (कदा) = कब ।
सव्वया (सर्वदा) = हमेशा, सर्वदा, सदैव ।
रायण्ण (राजन्य) = राजपुत्र, राजकुमार ।
अत्थिअ (आस्तिक) = आस्तिक, ईश्वर को माननेवाला ।
भिक्ख (भैक्ष) = भिक्षा ।
नाहिअ, नत्थिअ (नाहिक—नास्तिक) = नास्तिक, पाप-पुण्य को नहीं माननेवाला ।
पीणया (पीनता) = पुष्टता, मोटापा ।
मायामह (मातामह) = नाना, माता का पिता ।
सव्वहा (सर्वथा) = सब प्रकार से ।
तया (तदा) = तब ।

वाक्य (हिन्दी)

प्रजा के दुःख से दुःखी राजा द्वारा एकबार भोजन किया जाता है ।
वहाँ पराये बालकों द्वारा रोया जाता है ।
घरेलू वस्तु आँखों द्वारा देखी जाती है ।
मुनि द्वारा मधु खाया नहीं जाता ।
वह मन, वचन और काया से किसी को नहीं मारता ।
जीव कर्म द्वारा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र होता है ।

मेरे द्वारा रोया जाता है और तेरे द्वारा हँसा जाता है ।
गुरु द्वारा शिष्य को ग्रन्थ पढ़ाया जाता है ।
भील द्वारा पर्वत जलाया जाता है ।
महावीर द्वारा समभाव के साथ धर्म कहा जाता है ।

वाक्य (प्राकृत)

अप्पणा अप्पा लब्भई ।
रण्णा रज्जं भुज्जइ ।
राईहि पयाण दुहाणि लुब्वंति ।
तीए पइणा सह सिप्पते ।
मघवाणो बंभणेहि थुव्वंति ।
अत्थिएण अत्थो चिम्मई ।
आरिसाणि वयणाणि कविलेण वुच्चंति ।
राइणा सहाए कोसेयं परिहिज्जइ ।
इत्थीए मत्थयम्मि धूपेल्ल दीसइ ।
सक्खं खु दीसइ तवविसेसो ।
न दीसइ जाइविसेसो को वि ।

बाइसवाँ पाठ

कुछ नाम धातुएँ

संस्कृत में प्रेरक प्रक्रिया के अतिरिक्त और भी अनेक प्रक्रियाएँ हैं। जैसे सन्नन्त[1], यङन्त, यङ्लुबन्त और नामधातु प्रक्रिया। परन्तु प्राकृत में इनके लिए कोई विशेष विधान नहीं है। आर्ष प्राकृत में इन प्रक्रियाओं के कुछेक रूप अवश्य उपलब्ध होते हैं। अतः वर्ण-विकार अथवा उच्चारण-भेद के नियमों द्वारा उन्हें सिद्ध कर लेना चाहिए।

सन्नन्त—सुस्सूसइ (शुश्रूषति)=सुनने की इच्छा करता है, शुश्रूषा—सेवा करता है।

वीमंसा (मीमांसा) =विचार करना।

यङ्न्त—लालप्पइ (लालप्यते) = लप-लप करता है, बकवास करता है।

यङ्लुगन्त—चंकमइ (चंक्रमीति) = चंक्रमण करता है, घूमता रहता है।

चंकमणं (चङ्क्रमणम्) = चंक्रमण–घूमा-घूमा करता है।

नाम धातु—गरुआइ (गुरुकायते) = गुरु की भाँति रहता है।

गरुआअइ (,,) = गुरु के जैसा दिखावा करता है।

अमराइ, अमराअइ } (अमरायते) = अमर-देववत् आचरण करता है, अपने आपको देव समझता है।

तमाइ, तमाअइ } (तमायते) = तम–अँधेरा जैसा है, अँधेरा करता है।

---

१. पालि में भी सन्नंत, यङंत, यङ्लुवंत तथा नामधातु के रूपों के लिए देखिए पा० प्र० पृ० २२९–२३३।

धूमाइ }
धूमाअइ } (धूमायते) = धूआँ निकालता है, धुएँ का उद्गमन करता है।

सुहाइ }
सुहाअइ } (सुखायते) = सुख का अनुभव होता है, अच्छा लगता है।

सद्दाइ }
सद्दाअइ } (शब्दायते) = शब्द करता है।

नामधातु के उक्त संस्कृत रूपों में जो 'य' दिखाई देता है प्राकृत में उसका विकल्प से लोप हो जाता है। यह नियम केवल नामधातु में ही लगता है।

कृदन्त

हेत्वर्थ[1] कृदन्त*

मूल धातु में 'तुं' और 'त्तए'[2] प्रत्यय लगाने पर हेत्वर्थ कृदन्त§ रूप बनते हैं।

---

१. हे० प्रा० व्या ८।३।१३८।

* पालि में धातु को 'तुं' तथा 'तवे' प्रत्यय लगाने से हेत्वर्थ कृदन्त बनते हैं (देखिए पा० प्र० पृ० २५७)। जैसे—

पा० कत्तुं प्रा० कातुं

पा० कत्तवे प्रा० करित्तए इत्यादि।

हेत्वर्थ कृदन्त के 'तुं' प्रत्यय के स्थान में शौरसेनी और मागधी में 'दुं' प्रत्यय होता है तथा पैशाची में तो 'तुं' प्रत्यय ही लगता है। जैसे :—

शौरसेनी—हस् = + दुं = हसिदुं

मागधी—हश् + दुं = हशिदुं

पैशाची—हस् + तुं = हसितुं।

२. हेत्वर्थ कृदन्त बनाने के लिए वैदिक संस्कृत में 'तवे' प्रत्यय का उपयोग होता है। प्राकृत का 'त्तए' और वैदिक 'तवे' प्रत्यय बिल्कुल समान हैं। 'त्तए' प्रत्यय वाले रूप आर्ष प्राकृत में विशेषतः उपलब्ध होते हैं।

'तुं' और 'त्तए' प्रत्यय परे रहने पर पूर्व के 'अ' को 'इ' अथवा 'ए' होता है।

तुं—

भण् + तुं— { भणितुं,[2] भणेतुं / भणिउं, भणेउं, } (भणितुं) = पढ़ने के लिए।

हो + तुं— { होतुं, होइउं / होउं, होएउं } (भवितुं) = होने के लिए।

---

§. अपभ्रंश भाषा में धातु को एवं, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इसमें से कोई प्रत्यय लगाने से हेत्वर्थ कृदन्त बनते हैं। जैसे—

चय् + एवं = चयेवं (त्यक्तुम्)

दा + एवं = देवं (दातुम्)

भुंज् + अण = भुंजण (भोक्तुम्)

कर् + अण = करण (कर्तुम्)

सेव् + अणहं = सेवणहं (सेवितुम्)

भुंज् + अणहं = भुंजणहं (भोक्तुम्)

मुंच् + अणहिं = मुंचणहिं (मोक्तुम्)

सुव् + अणहिं = सुवणहिं (स्वप्तुम्)

कर् + एप्पि = करेप्पि (कर्तुम्)

जि + एप्पि = जेप्पि (जेतुम्)

कर् + एप्पिणु = करेप्पिणु (कर्तुम्)

बोल्ल + एप्पिणु = बोल्लेप्पिणु (वक्तुम्)

चर् + एवि = चरेवि (चरितुम्)

पाल् + एवि = पालेवि (पालयितुम्)

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५७। २. व्यंजनान्त धातु के अन्त में 'अ' हमेशा होता है और स्वरान्त धातु के अन्त में 'अ' विकल्प से होता है। यह एक साधारण नियम है। जैसे—

प्रेरक हेत्वर्थ कृदन्त

(मूलधातु के प्रेरक अंग बनाने के लिए देखिए पाठ १९वाँ)

भण्—भणावि + तुं = भणावितुं } (भणापयितुम्) = पढ़ाने के लिए।
भणाविउ }

त्तए—

कर् + त्तए = करित्तए, करेत्तए (कर्तवे–कर्तुम्) = करने के लिए।

गम् + त्तए = गमित्तए, गमेत्तए (गन्तवे, गन्तुम्) = जाने के लिए।

आहर् + त्तए = आहरित्तए, आहरेत्तए (आहर्तवे, आहर्तुम्) = आहार करने के लिए।

दल् + त्तए = दलइत्तए, दलएत्तए (दातवे–दातुम्) = देने के लिए।

(आहरित्तए के बदले 'आहारित्तए' रूप भी उपलब्ध होता है और 'दल + त्तए' में 'अइ' का आगम होता है।)

हो + त्तए = होइत्तए, होएत्तए (भवितवे–भवितुं) = होने के लिए।

हो + त्तए = होत्तए (भवितवे–भवितुं) = होने के लिए।

सुस्सूस + त्तए = सुस्सूसित्तए, सुस्सूसेत्तए (शुश्रूषितवे–शुश्रूषितुम्) = शुश्रूषा करने के लिए।

चंकम + त्तए = चंकमित्तए } (चंक्रमितवे–चङ्क्रमितुम्) = चंक्रमण करने के लिए।
चंकमेत्तए }

भण्—भणावि + त्तए = भणावित्तए } (भणापयितवे–भणापयितुम्) = पढ़ाने के लिए।

अनियमित हेत्वर्थ कृदन्त

कर् + तुं = कातुं, काउं, कट्टुं, कट्टु (कर्तुम्) = करने के लिए।

भण् + तुं – भण + तुं = भणितुं, भणेतुं

हो + तुं—होअ + तुं = होइतुं, होएतुं

हो + तुं— होतुं

गेण्ह + तुं = घेतुं (ग्रहीतुं) = ग्रहण करने लिए।

दरिस् + तुं = ददठुं (द्रष्टुम्) = देखने के लिए।

भुज् + तुं = भोत्तुं (भोक्तुम्) = भोगने के लिए, खाने के लिए।

मुञ्च् + तुं = मोत्तुं (मोक्तुम्) = मुक्त होने के लिए, छूटने के लिए।

रुद् + तुं = रोत्तुं (रोदितुम्) = रोने के लिए।

वच् + तुं = वोत्तुं (वक्तुम्) = बोलने के लिए।

लह् + तुं = लद्धुं (लब्धुम्) = लेने के लिए, प्राप्त करने के लिए।

रुध् + तुं = रोद्धुं (रोद्धुम्) = रोकने के लिए, निरोध करने के लिए।

युध् + तुं = योधुं, जोद्धुं } (योद्धुम्) = युद्ध करने के लिए।

सम्बन्धक भूतकृदन्त*

मूल धातु में तुं[1], तूण, तुआण, अ, इत्ता, इत्ताण, आय और आए (इन आठ प्रत्ययों में से कोई एक) प्रत्यय लगाने पर सम्बन्धक भूतकृदन्त

---

* पालि में धातु को 'त्वा', त्वान' तथा 'तून' प्रत्यय तथा 'य'— प्रत्यय लगाने से सम्बन्धक भूतकृदन्त के रूप बनते हैं। जैसे—

पालि—करित्वा प्रा० करित्ता।

पालि—हसित्वान प्रा० हसित्ताण।

,, कत्तून प्रा० कातून।

,, आदाय प्रा० आदाय (देखिए पा० प्र० पृ० २५५ से २५६)।

शौरसेनी तथा मागधी भाषा में सम्बन्धक भूतकृदन्त के सूचक 'इय,' और 'दूण' प्रत्यय हैं। जैसे—

हो + इय = हविय प्रा० होत्ता सं० भूत्वा

हो + दूण = होदूण ,, ,,

पढ + इय – पढिय पढित्ता सं० पठित्वा

पढ + दूण = पढिदूण ,,

बनता है। 'तुं' इत्यादि पहले चार प्रत्यय परे रहने पर पूर्व के 'अ' को 'इ' और 'ए' विकल्प से होते हैं।

'तूण', 'तुआण' और 'इत्ताण' प्रत्यय के 'ण' के ऊपर अनुस्वार विकल्प[२] से होता है। जैसे—तूण, तूणं, तुआण, तुआणं, इत्ताण, इत्ताणं।

तुं—

हस् + तुं— { हसितुं, हसेतुं / हसिउ, हसेउं } (हसित्वा) = हंसकर।

हो + अ + तुं - { होइतुं, होएतुं / होइउं, होएउं } (भूत्वा) = होकर।

हो + तुं - होतुं, होउं (भूत्वा) = होकर।

तूण—

हस् + तूण - { हसितूण, हसेतूण / हसिऊण, हसेऊण } (हसित्वा) = हँसकर।

---

* पालि में सम्बन्ध भूतकृदन्त के उदाहरण—

रम् + इय = रमिय प्रा० रंता सं० रन्त्वा

रम् + दूण = रंदूण ,, ,,

पैशाची भाषा में 'दूण' के स्थान पर 'तून' प्रत्यय होता है। जैसे—

गम् + तून = गंतून (गत्वा)

हस् + तून = हसितून (हसित्वा)

पढ् + तून = पढितून (पठित्वा)

अपभ्रंश भाषा में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इनमें से कोई भी प्रत्यय लगाने से सम्बन्धक भूतकृदन्त बनता है। जैसे—

लह् + इ = लहि (लब्ध्वा)

कर् + इउ = करिउ (कृत्वा)

हो + अ + तूण = होइतूण, होएतूण
होइऊण, होएऊण } (भूत्वा) = होकर

हो + तूण = होतूण, होतूणं
होऊण, होऊणं } (भूत्वा) = होकर

तुआण—

हस् + तुआण = हसितुआण, हसेतुआण
हसिउआण, हसेउआण } (हसित्वा) = हँसकर

कर् + इवि = करिवि (,,)
कर् + अवि = करवि (,,)
कर + एप्पि = करेप्पि (,,)
कर् + एप्पिणु = करेप्पिणु (,,)
कर् + एवि = करेवि (,,)
कर् + एविणु = करेविणु (,,)

अपवाद—

शौरसेनी में सिर्फ 'कृ' धातु का तथा 'गम्' धातु का सम्बन्धक भूतकृदन्त 'कडुअ' तथा 'गडुअ' होता है।

संस्कृत में जहाँ 'ष्ट्वा' होता है तो वहाँ पैशाची में द्धून तथा त्थून प्रत्यय होता है। जैसे—

नष्ट्वा पैशाची—नद्धून, नत्थून
तष्ट्वा ,, —तद्धून, तत्थून।

अपभ्रंश में केवल 'गम्' धातु का सम्बन्धक भूतकृदन्त का रूप 'गम्प्पि' और 'गप्पिणु' भी होते हैं।

१. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४६ । २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२७ ।

हो + अ + तुआण = होइतुआण, होएतुआण } (भूत्वा) = होकर
होइउआण, होएउआण

हो + तुआण = होतुआण, होउआण (भूत्वा) = होकर

अ—

हस् + अ = हसिअ, हसेअ (हसित्वा) = हँसकर

हो + अ + अ = होइअ, होएअ (भूत्वा) = होकर

हो + अ = होअ ,, ,,

इत्ता—

हस् + इत्ता = हसित्ता, हसेत्ता (हसित्वा) = हँसकर

इत्ताण—

हस् + इत्ताण = हसित्ताण, हसेत्ताण (हसित्वा) = हँसकर

आय—

गह् + आय = गहाय (गृहीत्वा) = ग्रहण करके

आए—

आय + आए = आयाए (आदाय) = ग्रहण करके

संपेह + आए = संपेहाए (संप्रेक्ष्य) = खूब विचार करके

('आय' और 'आए' प्रत्यय का उपयोग जैन आगमों की भाषा में प्रायः उपलब्ध होता है ।)

इसी प्रकार सुस्सूसितुं, सुस्सूसितूण, सुस्सूसितुआण, सुस्सूसिअ, सुस्सूसित्ता, सुस्सूसित्ताण (शुश्रूषित्वा = शुश्रूषा करके); चंकमि + तुं—मितूण–मितुआण, मिअ, मित्ता, मित्ताण (चंक्रमित्वा = चंक्रमण करके) इत्यादि रूप भी समझ लें ।

प्रेरक सम्बन्धक भूतकृदन्त

भणावि + तुं—वितूण–वितुआण, विअ, वित्ता–वित्ताण (भणापयित्वा)
= पढ़वा कर

हासि + तुं = सितूण, सितुआण, सिअ, सित्ता, सित्ताण (हासयित्वा)
= हँसा कर

अनियमित सम्बन्धक भूतकृदन्त

रूप	अर्थ
कर् + तुं = कातुं[1], काउं, कट्टु कर् + तूण = कातूण, काऊण कर् + तुआण = काउआण, कातुआण	(कृत्वा) = करके
गह् + तुं = घेत्तु[2] ,, + तूण = घेत्तूण, घेत्तूणं ,, + तुआण = घेत्तुआण, घेत्तुआणं	(गृहीत्वा) = ग्रहण करके
दरिस् + तुं = दट्ठु[3], दट्ठुं ,, तूण = दट्ठूण, दट्ठूणं ,, तुआण = दट्ठुआण, दट्ठुआणं	(दृष्ट्वा) = देखकर
भुञ्ज् + तुं = भोत्तु[4] ,, तूण = भोत्तूण, भोत्तूणं ,, तुआण = भोत्तुआण, भोत्तुआणं	(भुक्त्वा) = भोजन करके, खा कर, भोग कर ।
मुञ्च् + तुं = मोत्तु ,, तूण = मोतूण, मोत्तूणं ,, तुआण = मोत्तुआण, मोत्तुआणं	(मुक्त्वा) = छोड़ कर, त्याग कर ।

इसी प्रकार—

'रुद्' ऊपर से रोत्-रोत्तुं, रोत्तूण, रोत्तुआण, (रुदित्वा) = रोकर; 'वच्' धातु से वोत्—वोत्तुं, वोत्तूण, वोत्तुआण, (उक्त्वा) = बोल कर; 'वंद्' धातु से वंदितुं, वंदित्तु[5] (वन्दित्वा) = वन्दना करके; 'कर्' से कट्टुं, कट्टु (कृत्वा) = करके ।

(निर्देश :—'वंदित्तु'' और 'कट्टुं' में 'त्तु के ऊपर का अनुस्वार लोप भी हो जाता है ।)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१४। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१०। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२१२। ५. हे० प्रा० व्या० ८।२।१४६।

आयाय (आदाय) = ग्रहण करके

गच्चा, गत्ता (गत्वा) = जाकर

किच्चा, किच्चाण (कृत्वा) = करके

नच्चा, नच्चाण (ज्ञात्वा) = जान कर

नत्ता (नत्वा)= नम कर, झुककर

बुज्झा (बुद्ध्वा) = जान कर

भोच्चा (भुक्त्वा) = खा कर, भोग कर

मत्ता, मच्चा (मत्वा) = मान कर

वंदिता (वन्दित्वा) = वन्दना करके

विप्पजहाय (विप्रजहाय, विप्रहाय) = त्याग कर, छोड़कर

सोच्चा (श्रुत्वा) = सुनकर

सुत्ता (सुप्त्वा) = सोकर

आहच्च (आहत्य) = आघात करके, पछाड़कर

साहट्टु (संहृत्य) = संहार करके, बलात्कार करके

हंता (हत्वा) = मार कर

आहट्टु (आहृत्य) = आहार करके

परिन्नाय (परिज्ञाय) = जानकर

चिच्चा, चेच्चा, चइत्ता (त्यक्त्वा) = छोड़कर

निहाय (निधाय) = स्थापित कर

पिहाय (पिधाय) = ढाँक कर

परिच्चज्ज (परित्यज्य) = परित्याग करके, छोड़कर

अभिभूय (अभिभूय) = अभिभव करके, तिरस्कार करके

पडिबुज्झ (प्रतिबुध्य) = प्रतिबोध पाकर।

उच्चारणभेद से उत्पन्न इन सभी अनियमित रूपों की साधनिका संस्कृत रूपों द्वारा ही समझी जा सकती है। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक अनियमित रूप भी संस्कृत की तरह समझ लें।

तेइसवाँ पाठ

विध्यर्थ कृदन्त* के उदाहरण

मूलधातु में †तव्व, अणीअ, अथवा अणिज्ज प्रत्यय लगाने से विध्यर्थ कृदन्त बनते हैं। तव्व प्रत्यय के पूर्व 'अ' को 'इ' और 'ए'[1] होता है।

तव्व—

हस् + तव्व—हसितव्वं, हसेतव्वं, हसिअव्वं, हसेअव्वं } (हसितव्यम्) = हंसना चाहिए, हंसने योग्य।

हो + तव्व—होइतव्वं, होएतव्वं, होइअव्वं, होएअव्वं, होतव्वं, होयव्वं, होअव्वं } (भवितव्यम्) = होने योग्य, होना चाहिए।

ना + तव्व — नातव्वं, नायव्वं (ज्ञातव्यम्) = जानने योग्य, जानना चाहिए।

---

*पालि भाषा में तव्व, अनीय और 'य' प्रत्यय लग कर धातु का कृत्य प्रत्ययांत रूप बनता है। जैसे, भवितव्वं। सयनीयं। कारियं। तथा देय्यं, मेय्यं, मेतव्वं, मातव्वं, कच्चं (कृत्यम्), भच्चो (भृत्यः वगैरह रूप होते हैं (दे० पा० प्र० पृ० २५४)। †अपभ्रंश भाषा में 'तव्व' के स्थान में 'इएव्वउं', 'एव्वउं' तथा 'एवा' प्रत्यय का उपयोग होता है। जैसे—

कर + इएव्वउं—करिएव्वउं (कर्तव्यम्); सह + एव्वउं—सहेव्वउं (सोढव्यम्); जग्ग + एवा—जग्गेवा (जागरितव्यम्)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५७।

चिव्व + तव्व—चिव्वितव्वं, चिव्वेतव्वं } (चेतव्यम्) = इकट्ठा करने
चिव्विअव्वं, चिव्वेअव्वं } योग्य, इकट्ठा करना चाहिए।

अणीअ, अणिअ—

हस् + अणीअ—हसणीअं, हसणीयं } (हसनीयम्) = हँसने योग्य,
हस् + अणिअ—हसणिज्जं } हँसना चाहिये।

प्रेरक विध्यर्थ कृदन्त

हसावि + तव्व—हसावितव्वं
हसाविअव्वं
हसावियव्वं } (हसावयितव्यम्) = हँसाने योग्य, हँसाना चाहिए।

हसावि + अणीअ } हसावणीअं, हसावणीयं
हसावि + अणिज्ज } हसावणिज्जं } (हसापनीयम्)

इसी प्रकार वयणीयं, वयणिज्जं, करणीयं, करणिज्जं, सुस्सूसितव्वं, चंकमितव्वं, सुस्सूसणिज्जं, सुस्सूसणीयं इत्यादि रूप समझ लेना चाहिये।

अनियमित विध्यर्थ कृदन्त

कज्जं (कार्यम्) = करने योग्य।

किच्चं (कृत्यम्) = कृत्य।

गेज्झं (ग्राह्यम्) = ग्रहण करने योग्य।

गुज्झं (गुह्यम्) = छुपाने योग्य, गुप्त रखने योग्य।

वज्जं (वर्ज्यम्) = वर्जने योग्य, निरोध करने योग्य।

अवज्जं (अवद्यम्) = नहीं बोलने योग्य, पाप।

वच्चं (वाच्यम्) = बोलने योग्य।

वक्क (वाक्यम्) = कहने योग्य, वाक्य।

कातव्वं
कावंव्य
काअव्वं } (कर्तव्यम्) = कर्तव्य, करने योग्य।

जन्न (जन्यम्) = जन्य, पैदा होने योग्य।

भिच्चो (भृत्यः) = भृत्य, नौकर ।

भज्जा (भार्या) = भार्या, भरण-पोषण करने योग्य स्त्री ।

अज्जो (अर्यः) = अर्य—वैश्य—स्वामी ।

अज्जो (आर्यः) = आर्य ।

पच्चं (पाच्यम्) = पचने योग्य ।

भव्वं (भव्यम् = होने योग्य ।

घेतव्वं (ग्रहीतव्यम्) = ग्रहण करने योग्य ।

वोत्तव्वं (वक्तव्यम्) = कहने योग्य ।

रोत्तव्वं (रुदितव्यम्) = रुदन करने योग्य, रोने योग्य ।

भोत्तव्वं (भोक्तव्यम्) = भोजन करने योग्य; भोगने योग्य ।

मोत्तव्वं (मोक्तव्यम्) = छोड़ने योग्य ।

दट्ठव्वं (द्रष्टव्यम्) = देखने योग्य ।

चौबीसवाँ पाठ

वर्तमान कृदन्त

मूल धातु में 'न्त'[1], 'माण' और 'ई' प्रत्यय लगाने से उसके वर्तमान कृदन्त रूप बनते हैं। परन्तु 'ई' प्रत्यय केवल स्त्रीलिङ्ग में ही प्रयुक्त होता है। 'न्त', 'माण' और 'ई' प्रत्यय परे रहते पूर्व के 'अ' को विकल्प से 'ए' होता है।

न्त—

भण् + न्त—भणंतो, भणेंतो, भणितो, (भणन्) = पढ़ता हुआ।
भणंत, भणेंतं, भणितं (भणन्) = पढ़ता हुआ।
भणंतो[1], भणेंती, भणिती, (भणन्ती) = पढ़ती हुई।
भणंता, भणेंता, भणिता[1] (भणन्ती) = ,, ,,

हो + अ + न्त—होअंतो, होएंतो, होइंतो (भवन्) = होता हुआ।
होंतो, हुंतो
होअंतं, होअेंतं, होइंतं (भवत्) = होता हुआ।
होंतं, हुंतं
होअंती, होएंती, होइंती (भवन्ती) = होती हुई।
होअंता, होएंता, होइता (,,) = ,,
होंती, होंता
हुती, हुता

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१८१। तथा १८२।

माण—

भण् = माण—भणमाणो, भणेमाणो (भणमानः) = पढ़ता हुआ।

भणमाणं, भणेमाणं (भणमानम्) = पढ़ता हुआ।

भणमाणी, भणेमाणी (भणमाना) = पढ़ती हुई।

भणमाणा, भणेमाणा

हो + अ + माण—होअमाणो, होएमाणो, (भवमानः) = होता हुआ।

होमाणो

होअमाणं, होएमाणं, (भवमानम्) = होता हुआ।

होमाणं

होअमाणी, होएमाणी
होअमाणा, होएमाणा } (भवमाना) = होती हुई।
होमाणी, होमाणा

ई—

भण् + ई—भणई, भणेई (भणन्ती) = पढ़ती हुई।

हो + अ—ई—होअई, होएई,होई (भवन्ती) = होती हुई।

इसी प्रकार कर्तरि प्रेरक अंग, सामान्य भावे अंग, सामान्य कर्मणि अंग तथा प्रेरक भावे और कर्मणि अंग को उक्त तीनों प्रत्ययों में से एक लगाने से उसके वर्तमान कृदन्त बनते हैं।

कर्तरि प्रेरक वर्तमान कृदन्त—

करावि + अ + न्त—करावंतो, करावेंतो (कारापयन्) = करवाता हुआ।

कार + न्त—कारंतो, कारेंतो (कारयन्) = ,,

करावि + क + माण—करावमाणो, करावेमाणो (कारापयमाणः) ,,

कार + माण—कारमाणो, कारेमाणो (कार्यमाणः) ,,

सामान्य भावे वर्तमान कृदन्त—

भण् + इज्ज + न्त—भणिज्जंतं भण् + इज्ज + माण—भणिज्जमाणं भण् + ईअ + न्त—भणीअंतं भण् + ईअ + माणं—भणीअमाणं	(भण्यमानम्)=पढ़ा जाता हुआ, पढ़ने में आने वाला।

सामान्य कर्मणि वर्तमान कृदन्त—

भणीअंतो, भणिज्जंतो गंथो (भण्यमानः ग्रन्थः) = पढ़ा जाता हुआ ग्रंथ।

भणीअमाणो, भणिज्जमाणो सिलोगो (भण्यमानः श्लोकः) = पढ़ा जाता हुआ श्लोक।

भणिज्जंती, भणीअंती गाहा (भण्यमाना गाथा) = पढ़ी जाती हुई गाथा।

भणिज्जमाणी, भणीअमाणी पंती (भण्यमाना पङ्क्ति) „ पंक्ति

भणिज्जई, भणीअई

प्रेरक भावे—

भणाविज्जंतं (भणाप्यमानम्) = पढ़ाया जाता हुआ, पढ़ाने में आने वाला।

भणाविअंतं, इत्यादि।

प्रेरक कर्मणि—

भणाविज्जंतो मुणी (भणाप्यमानः मुनिः) = पढ़ाया जाता हुआ मुनि।

भणाविज्जमाणो

भणाविअंतो

भणावीअमाणो

भणाविज्जती साहुणी (भणाप्यमाना साध्वी) = पढ़ाई जाती हुई साध्वी।

भणाविज्जमाणा

भणावीअंती

भणावीअमाणा

भणाविज्जई

भणावीअई, इत्यादि ।

इसी प्रकार :—

सुस्सूसंतो (शुश्रूषन्), चंकमतो (चङ्क्रमन्),

सुस्सूसमाणो (शुश्रूषमाणः), चंकममाणो (चङ्क्रममाणः),

सुस्सूसिज्जन्तो सुस्सूसिज्जमाणो सुस्सूसीअतो सुस्सूसोअमाणो	(शुश्रूष्यमाणः)	चंकमिज्जंतो चंकमिज्जमाणो चंकमीअतो चंकमीअमाणो	(चङ्क्रम्यमाणः)

इत्यादि रूप समझ लेना चाहिये ।

पच्चीसवाँ पाठ

संख्यावाचक शब्द

जिन शब्दों द्वारा संख्या का बोध होता है वे संख्यावाचक शब्द कहे जाते हैं। ऐसे शब्द अकारान्त, आकारान्त, इकारान्त और उकारान्त भी होते हैं। विशेषण रूप होने से इन शब्दों का लिङ्ग निश्चित नहीं होता। इसलिए इन शब्दों के लिङ्ग, वचन और विभक्ति विशेष्य के अनुसार होते हैं। संख्यावाचक अकारान्त, इकारान्त, और उकारान्त नामों के रूप आगे बतायी गयी रीति के अनुसार समझ लें। तथा यह भी ध्यान रहे कि 'दु' शब्द से लेकर 'अट्ठारस' शब्द तक के सब शब्द के रूप बहुवचन में होते हैं। खास विशेषता इस प्रकार है:—

'एक' से लेकर 'अट्ठारस' (अष्टादश) पर्यन्त संख्यावाचक शब्दों के षष्ठी के बहुवचन में 'ण्ह'[1] और 'ण्हं' प्रत्यय क्रमशः लगते हैं :—

एग + ण्ह = एगण्ह, एग + ण्हं = एगण्हं।
उभय + ण्ह = उभयण्ह, उभय + ण्हं = उभयण्हं।
ति + ण्ह = तिण्ह, ति + ण्हं = तिण्हं।
दु + ण्ह = दुण्ह, दु + ण्हं = दुण्हं।
कति + ण्ह—कतिण्ह, कति + ण्हं = कतिण्हं।

इक्क, एक्क, एग, एअ (एक) शब्दों के पुंल्लिग रूप 'सव्व' की भाँति होते हैं। स्त्रीलिंग के रूप 'सव्वा' की भाँति और नपुंसकलिंग रूप नपुंसकलिङ्गी 'सव्व' की भाँति होते हैं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१२३। पालि में 'न्नं' प्रत्यय लगता है देखिए—पा० प्र० पृ० १५५।

'सव्व' के षष्ठी के बहुवचन की भाँति इसमें (एग शब्द में) भी 'एसिं' प्रत्यय लगता है ।

एग + एसिं = एगेसिं इत्यादि ।

उभ, उह (उभ) शब्द के रूप बहुवचन में ही होते हैं और वे सभी रूप 'सव्व' की भाँति होंगे ।

'उभ' शब्द के रूप

प्र० उभे[1] ।

द्वि० उभे, उभा ।

तृ० उभेहि, उभेहिं, उभेहिँ ।

च०-ष० उभण्ह, उभण्हं ।

पं० उभत्तो, उभाओ, उभाउ

उभाहि, उभेहि

उभाहिंतो, उभेहिंतो

उभासुंतो, उभेसुंतो

स० उभेसुं, उभेसु

दु[2] (द्वि) के तीनों लिङ्गों में रूप

प्र०-द्वि० दुवे, दोण्णि, दुण्णि ।

---

१. पालि में 'उभ' शब्द के रूप :—

प्र०-द्वि० उभो, उभे ।

तृ०-पं० उभोहि, उभोभि, उभेहि, उभेभि ।

च०-ष० उभिन्नं ।

स० उभोसु, उभेसु ।

—दे० पा० प्र० पृ० १५५ संख्या शब्द ।

२. पालि भाषा में 'द्वि' वगैरह संख्यावाचक शब्दों के रूप थोड़े जुदे-जुदे होते हैं । जैसे—

वेण्णि, विण्णि ।

दो, वे अथवा बे ।

तृ० दोहि, दोहिं, दोहिँ

वेहि, वेहिं, वेहिँ अथवा

बेहि, बेहिं, बेहिँ ।

च०—ष० दोण्ह, दोण्हं, दुण्ह, दुण्हं

[1]वेण्ह, वेण्हं, विण्ह, विण्हं

द्वि—बहुवचन

प्र०–द्वि०	दुवे, द्वे
तृ०–पं०	द्वीहि, द्वीभि
च०–ष०	दुविन्नं, द्विन्नं
स०	द्वीसु

ति (त्रि)

	पुंलिंग	स्त्रीलिंग	नपुंसक लिंग
प्र०–द्वि०	तयो	तिस्सो	तीणि
तृ०–पं०	तीहि, तीभि	तीहि, तीभि	तीहि, तीभि
च०–ष०	तिण्णं, तिण्णन्नं	तिस्सन्नं	तिण्णं, तिण्णन्नं
स०	तीसु	तीसु	तीसु

चतु (चतुर्)

प्र०–द्वि०	चत्तारो, चतुरो	चतस्सो	चत्तारि
तृ०–पं०	चतूहि, चतूभि	चतूहि, चतूभि	चतूहि, चतूभि
च०–ष०	चतुन्नं	चतस्सन्नं	चतून्नं
स०	चतूसु	चतूसु	चतूसु

१. इन रूपों में 'व' के स्थान में 'ब' भी बोला जाता है ।

पं० दुत्तो, दोश्रो, दोउ, दोहिंतो, दोसुंतो
वित्तो, वेश्रो, वेउ, वेहिंतों, वेसुंतों

स० दोसु, दोसुं, वेसु, वेसुं ।

'ति' (त्रि) तीनों लिङ्गों के रूप

प्र०–द्वि० तिण्णि

च० तथा ष० तिण्ह, तिण्हं

शेष रूप 'रिसि' शब्द के बहुवचन के रूपों की भाँति समझ लें ।

'चउ' (चतुर्) तीनों लिङ्गों में रूप

प्र०–द्वि चत्तारो (चत्वारः), चउरो (चतुरः), चत्तारि (चत्वारि)

तृ०— चऊहि, चऊहिं, चऊहिँ
चउहि, चउहिं, चउहिँ

च०—ष० चउण्ह, चउण्हं

शेष सभी रूप 'भाणु' शब्द की भाँति होंगे ।

'पंच' (पञ्चन्) तीनों लिङ्गों में रूप

प्र०–द्वि० पंच

तृ०— पंचेहि, पंचेहिं, पंचेहिँ
पंचहि, पंचहिं, पचहिँ

च० तथा ष०–पंचण्ह, पंचण्हं (पालि–पंचन्नं)

शेष सभी रूप 'वीर' शब्द के बहुवचन के रूपों जैसे हैं ।

इसी प्रकार निम्नलिखित सभी शब्दों के रूप 'पञ्च' शब्द की भाँति होंगे--

छ (षट्) = छः
सत्त (सप्तन्) = सात–सप्त
अट्ठ (अष्टन्) = आठ–अष्ट
नव (नवन्) = नव

दह, दस (दशन्) = दस

एग्रारह, एगारह, एग्रारस (एकादश) = एकादश, ग्यारह

दुवांसल, बारस, बारह (द्वादश) = बारह, द्वादश

तेरस, तेरह (त्रयोदश) = तेरह, त्रयोदश

चोद्दस, चोद्दह, चउद्दस, चउद्दह (चतुर्दश) = चौदह, चतुर्दश

पण्णरस, पण्णरह (पञ्चदश) = पन्द्रह, पञ्चदश

सोलस, सोलह (षोडश) = षोडश, सोलह

सत्तरस, सत्तरह (सप्तदश) = सत्रह, सप्तदश

अट्ठारस, अट्ठारह (अष्टादश) = अठारह, अष्टादश।

'कइ' (कति = कितना) शब्द के रूप

प्र०–द्वि—कई, कइणो इत्यादि

च० तथा प०—कइण्ह, कइण्हं

शेष रूप 'रिसि' के बहुवचन की भाँति होते हैं। नीचे बताये गये शब्दों में आकारान्त शब्द के रूप 'माला' की भाँति और इकारान्त शब्द के रूप 'बुद्धि' की भाँति होते हैं।

एगूणवीसा (एकोनविंशति) = उन्नीस।

वीसा (विंशति) = बीस।

एगवीसा, इक्क वीसा, एक्कवीसा } (एकविंशति) = इक्कीस (एक-बीस)।

बावीसा (द्वाविंशति) = बाईस (बावीस)।

तेवीसा (त्रयोविंशति) = तेइस (त्रेवीस)।

चउवीसा, चोवीसा } (चतुर्विंशति) = चौबीस।

पणवीसा (पञ्चविंशति) = पच्चीस।

छव्वीसा (षड्विंशति) = छब्बीस।

सत्तावीसा (सप्तविंशति) = सत्ताईस
अट्ठावीसा, अट्ठवीसा, अडवीसा (अष्टविंशति)=अट्ठाइस
एगूणतीसा (एकोनत्रिंशत्) = उन्तीस
तीसा (त्रिंशत्) = तीस
एगतीसा, एक्कतीसा, इक्कतीसा (एकत्रिंशत्) = एकतीस
बत्तीसा (द्वात्रिंशत्) = बत्तीस
तेत्तीसा, तित्तीसा (त्रयस्त्रिंशत्) = तैंत्तीस
चउत्तीसा, चोत्तीसा (चतुस्त्रिंशत्) = चउत्तीस, चौंतीस
पणतीसा (पञ्चत्रिंशत्) = पैंतीस
छत्तीसा षट्त्रिंशत्) = छत्तीस
सत्ततीसा (सप्तत्रिंशत्) = सैंत्तीस
अट्ठतीसा, अडतीसा (अष्टत्रिंशत्) = अड़तीस
एगूणचत्तालिसा (एकोनचत्वारिंशत्)=उन्तालिस (ऊनचालीस)
चत्तालिसा, चत्ताला (चत्वारिंशत्)=चालीस
एगचत्तालिसा, इक्कचत्तालिसा, एक्कचत्तालिसा, इगयाला (एकचत्वा-रिंशत्) = इकतालीस (एकतालीस)
बेआलिसा, बेआला, दुचत्तालिसा (द्विचत्वारिंशत्) = बेयालीस
तिचत्तालिसा, तेआलिसा, लेआला (त्रिचत्वारिंशत्) = तैंतालीस
चउचत्तालिसा, चोआलिसा, चोआला, चउआला (चतुश्चत्वा-रिंशत्) = चौवालीस
पणचत्तालिसा, पणयाला (पञ्चचत्वारिंशत्) = पैंतालिस
छचत्तालिसा, छायाला (षट्चत्वारिंशत्) = छियालीस
सत्तचत्तालिसा, सगयाला (सप्तचत्वारिंशत्) = सैंतालीस
अट्ठचत्तालिसा, अडयाला (अष्टचत्वारिंशत्) = अड़तालीस
एगूणपण्णासा (एकोनचत्वारिंशत्) = उनचास
पण्णासा (पञ्चाशत्) = पचास

एगपरणासा, इक्कपरणासा, एक्कपरणासा (एकपञ्चाशत्)
एगावरणा (एकपञ्चाशत्)=एक्यावन

बावरणा }
दुपंरणासा } (द्विपञ्चाशत्)=बावन

तेवरणा, तिपरणासा (त्रिपञ्चाशत्)=त्रिपन
चोवरणा, चउपरणासा (चतुष्पञ्चाशत्)=चौवन
परणपरणा, परणपरणासा, पञ्चावरणा (पञ्चपञ्चाशत्)=पचपन
छप्परणा, छप्परणासा (षट्पञ्चाशत्)=छप्पन
सत्तावन्ना, सत्तपरणासा (सप्तपञ्चाशत्)=सत्तावन
अट्ठावन्ना, अडवन्ना, अट्ठपरणासा (अष्टपञ्चाशत्)=अट्ठावन
एगूणसट्ठि (एकोनषष्टि)=उनसठ
सट्ठि (षष्टि)=साठ
एगसट्ठि, इगसट्ठि (एकषष्टि)=इकसठ
वासट्ठि, बिसट्ठि (द्वि-षष्टि)=बासठ
तेसट्ठि (त्रिषष्टि)=त्रेसठ, त्रिसठ
चउसट्ठि, चोसट्ठि (चतुष्षष्टि)=चौसठ
परणसट्ठि (पञ्चषष्टि)=पैंसठ
छासट्ठि (षट्षष्टि)=छिआसठ
सत्तसट्ठि (सप्तसष्टि)=सड़सठ
अडसट्ठि, अट्ठसट्ठि (अष्टषष्टि)=अड़सठ
एगूणसत्तरि (एकोनसप्तति)=उनहत्तर
सत्तरि (सप्तति)=सत्तर
इक्कसत्तरि, इक्कहत्तरि (एकसप्तति)=इकहत्तर, एकहत्तर

वा (बि) स (ह) त्तरि }
बावत्तरि } (द्विसप्तति)=बहत्तर

तिसत्तरि (त्रिसप्तति)=तिहत्तर, तेहत्तर

चोसत्तरि, चउसत्तरि (चतुस्सप्तति) = चौहत्तर, चोहत्तर
पण्णसत्तरि, पणसत्तरि (पञ्चसप्तति) = पचहत्तर
छसत्तरि (षट्सप्तति) = छेहत्तर, छिहत्तर
सत्तसत्तरि (सप्तसप्तति) = सतहत्तर
अट्ठसत्तरि, अडहत्तरि (अष्टसप्तति) = अठहत्तर
एगूणासीइ (एकोनाशीति) = उन्नासी
असीइ (अशीति) = अस्सी
एगासीइ (एकाशीति) = इक्यासी
बासीइ (द्वयाशीति) = बयासी

तेसीइ
तेरासीइ } (त्र्यशीति) = तिरासी

चउरासीइ, चोरासीइ (चतुरशीति) = चौरासी
पणसीइ, पञ्चासीइ (पञ्चाशीति) = पचासी
छासीइ (षडशीति) = छियासी
सत्तासीइ (सप्ताशीति) = सत्तासी
अट्ठासीइ (अष्टाशीति) = अट्ठासी
नवासीइ (नवाशोति) = नवासी
एगूणनवइ (एकोननवति) = नवासी
नवइ, णवइ (नवति) = नब्बे
एगणवइ, इगणवइ (एकनवति) = इक्यानवे
बाणवइ (द्विनवति) = बानवे
तेणवइ (त्रिनवति) = तिरानवे
चउणवइ, चोणवइ (चतुर्नवति) = चौरानवे
पंचणवइ, पण्णणवइ (पञ्चनवति) = पंचानवे
छण्णवइ (षण्णवति) = छियानवे
सत्त(त्ता)णवइ (सप्तनवति) = सत्तानबे

अट्ठणवइ, अडणवइ (अष्टनवति) = अट्ठानवे
ण न)वणवइ (नवनवति) = निन्यानवे
एगूणसय 'एकोनशत) ,,
सय (शत) = एक सौ

दुसय (द्विशत) = दो सौ
तिसय (त्रिशत) तीन सौ
वे सयाइं (द्वे शते) = दो सौ
तिण्णि सयाइं (त्रीणि शतानि) = तीन सौ
चत्तारि सयाइं (चत्वारि शतानि) = चार सौ
सहस्स ·सहस्र) = हजार
वे सहस्साइं (द्वे सहस्रे) = दो हजार
तिण्णि सहस्साइं (त्रीणि सहस्राणि) = तीन हजार
चत्तारि सहस्साइं (चत्वारिसहस्राणि) = चार हजार
दह सहस्स (दश सहस्र) = दस हजार
अयुअ, अयुत (अयुत) = अयुत, दस हजार
लक्ख (लक्ष) = लाख
दस लक्ख, दह लक्ख (दशलक्ष) = दस लाख
पउअ, पउत, पयुअ (प्रयुत) = प्रयुत, दस लाख
कोडि (कोटि) = कोटि, करोड़
कोडाकोडि (कोटाकोटि) = काटोकोटि, करोड़ को करोड़ से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

उपर्युक्त सभी शब्द सामान्यतः एकवचन में प्रयुक्त' होते हैं उनके उपयोग की दो रीतियाँ इस प्रकार है :—जब 'बीस मनुष्य ऐसा कहना होता है तब 'बीसं मणुस्सा' अथवा 'वीसा मणुस्साणं' अर्थात् 'बीस मनुष्य', 'मनुष्यों की बीस संख्या' इस प्रकार इसके दो प्रकार के प्रयोग होते हैं ।

जब उपर्युक्त संख्यावाचक शब्द 'बीस', अथवा 'पचास' ऐसे अपनी-अपनी मात्र एकसंख्या सूचित करते हों तो वे एकवचन में प्रयुक्त होते हैं और जब 'बहुत बीस', 'बहुत पचास'; इस प्रकार अपनी अनेकता बताते हों तब बहुवचन में आते हैं।

वाक्य (हिन्दी)

उस आचार्य के छप्पन शिष्य हैं लेकिन उनमें एक अथवा दो ही अच्छे हैं।

चन्द्र सोलह कलाओं से शोभित होता है।

प्राचीन काल में पुरुष बहत्तर कलाएँ और स्त्री चौसठ कलाएं सीखती थीं।

उसने गुरु से पन्द्रह प्रश्न पूछे।

तुमने अठत्तर ब्राह्मणों को धन दिया।

आजकल श्रावक और साधु बारह अङ्गों को पढ़ते हैं।

ब्राह्मणों से चौदह विद्याएँ सीखी जाती हैं।

महीने में तीस दिन होते हैं।

पाँच मनुष्यों में (पञ्चों में) परमेश्वर वास करता है।

मैंने निन्यानबे मुनियों को वन्दन किया।

वाक्य (प्राकृत)

पंचण्हं वयाणं पढमं वयं (व्रतम्) पसंसिज्जइ।

चत्तारो कसाया दुक्खाइं देंति।

दस बाला निसाए पढंति।

बारह इत्थीओ वत्थाइं निक्खारंति।

अट्ठारस जणा छत्तीसाहिंतो चोरेहिंतो न बीहेंति।

धणस्स कोडीए वि न सन्तोसो होइ।

तस्स घरे पोत्थयाणं सत्तरी दीसइ ।

सयेण दुसयं विढविज्जइ ।

एगोऽहं नत्थि मे कोऽवि ।

सव्वे संतु निरामया ।

सव्वे सुहिणो होंतु ।

सव्वे भद्दाइं पासन्तु ।

न होत्था को वि दुहिओ ।

छब्बीसवाँ पाठ

भूत कृदन्त

मूल धातु में 'त' अथवा 'अ' और शौरसेनी तथा मागधी में 'द' प्रत्यय लगाने पर भूत कृदन्त रूप बनते हैं। इन दोनों प्रत्ययों के परे रहने पर पूर्व के 'अ' को 'इ' होता[1] है। जैसे—

गम् + अ + त = गमितो
गम् + अ + अ = गमिओ (शौ०मा० गमिदो) } (गतः)=गया हुआ।

भावे —

गमितं गमिअं, (गतम्) = गति, जाना।

कर्मणि—

गमितो गामो
गमिओ गामो } (गतः ग्रामः) = गया हुआ गाँव।

प्रेरक—

करावितो (शौ० मा० कराविदो) (कारापितः)
कारिओ (शौ० मा० कारिदो) (कारितः) } = करवाया हुआ

अनियमित भूत कृदन्त

गयं[1] (गतम्) = गया हुआ, जाना।

मयं (मतम्) = माना हुआ, मानना, मत, अभिप्राय।

कडं (कृतम्) = किया हुआ, करना।

हडं (हृतम्) = हरण किया हुआ, हरण करना।

मडं (मृतम्) = मरा हुआ, मरना।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५६।

जिश्रँ (जितम्) = जीता हुश्रा, जीतना ।

तत्तं (तप्तम्) = तपा हुश्रा, तपना

कयं (कृतम्) = किया हुश्रा, करना ।

दट्ठं, दिट्ठं } (दृष्टम्) = देखा हुश्रा, देखना ।

मिलाणं, मिलानं (म्लानम्) = कुम्हलाया हुश्रा, म्लान हुश्रा, म्लान ।

श्रक्खायं (श्राख्यातम्) = कहा हुश्रा, कहना ।

निहियं (निहितम्) = स्थापित किया हुश्रा, स्थापित करना ।

श्राणत्तं (श्राज्ञप्तम्) = श्राज्ञा किया हुश्रा, श्राज्ञा ।

संखयं (संस्कृतम्) = संस्कार, संस्कृत किया हुश्रा ।

सक्कयं (संस्कृतम्) = संस्कृत ।

श्राकुट्ठं (श्राक्रुष्टम्) = श्राक्रोश किया हुश्रा, श्राक्रोश ।

विणट्ठं (विनष्टम्) = विनष्ट, विनाश ।

पणट्ठं (प्रणष्टम्) = प्रनष्ट, नाश ।

मट्ठं (मृष्टम्) = शुद्ध, शोधन

हयं (हतम्) = हत हुश्रा, मारना ।

जायं (जातम्) = पैदा हुश्रा, होना ।

गिलाणं, गिलानं (ग्लानम्) = ग्लान हुश्रा, ग्लान ।

परूविश्रं (प्ररूपितम्) = प्ररूपित किया हुश्रा, प्ररूपण करना ।

ठियं (स्थितम्) = स्थित, स्थान ।

पिहियं (पिहितम्) = ढका हुश्रा, ढंकना ।

पण्णत्तं, पन्नत्तं (प्रज्ञपितम्) प्रज्ञापित, प्रज्ञापन करना ।
पन्नवियं (प्रज्ञपितम्)

किलिट्ठं (क्लिष्टम्) = क्लेश युक्त, क्लिष्ट ।

सुयं (स्मृतम्) = स्मरण किया हुश्रा, स्मरण ।

सुयं (श्रुतम्) = सुना हुश्रा सुनना ।

संसट्ठं (संसृष्टम्) = संसर्ग युक्त, संसर्ग ।

घट्टं (घृष्टम्)=घिसा हुआ, घिसना।

उच्चारण भेद से बने हुए इन अनेक रूपों की साधनिका वर्णविकार नियम द्वारा समझ लें।

भविष्यत्कृदन्त

धातु में 'स्सन्त' अथवा 'स्संत' तथा 'इस्सन्त अथवा 'इस्संत' लगाने से भविष्यत्कृदंत रूप बनते हैं। इसी प्रकार 'स्समाण' और 'इस्समाण' प्रत्यय लगाने से भविष्यत्कृदंत रूप बनते हैं—ऐसे अकारांत नामों के रूप पुंलिग में 'वीर' के समान होते हैं तथा नपुंसकलिंग में 'फल' के समान रूप बनते हैं।

धातु में 'स्सई' तथा 'इस्सई' प्रत्यय लगाने से तथा 'स्सन्त' अथवा 'स्संत' प्रत्यय का 'स्सन्ता' तथा 'स्सन्ती' बनाने से अथवा 'स्संता' तथा 'स्संती' बनाने से स्त्रीलिंगी भविष्यत्कृदंत बनते हैं। इसी प्रकार 'इस्संती' तथा 'इस्संता' वगैरह प्रत्यय भी होते हैं तथा 'स्समाणा', 'स्समाणी', 'इस्समाणा', 'इस्समाणी' प्रत्यय भी बनते हैं।

उक्त प्रत्ययों में जो प्रत्यय आकारांत हैं उससे युक्त नामों के रूप 'माला' जैसे समझ लें तथा जो प्रत्यय ईकारांत है उससे युक्त नामों के रूप 'नदी' जैसे समझ लें।

उदाहरण—हो धातु—

पुंलिग—होस्संतो
होस्समाणो } (भविष्यन्) = होता होगा

नपुंसकलिंग—होस्संतं
होस्समाणं } (भविष्यत्) ,,

